ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 5, अंक 83, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 15

इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 16



## आस्था की डुबकी

वाराणसी : गंगा दशहरा पर रविवार को काशी के दशाश्वमेध घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। इस मौके पर घाटों को सजाया गया था। वाराणसी में गंगा दशहरा पर दूर दराज के लोग गंगा स्नान के लिए आते हैं। ● एजेंसी

### एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

# दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

● स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

### सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

## एक नजर

### सलमान के घर पर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी में एक नया मामला दर्ज किया है और आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अधिकारी ने रविवार को बताया कि राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उसने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं तथा मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

जम्मू। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए, यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी। आधिकारिक वेबसाइट पर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग होगी, ऑफ़लाइन टिकट नहीं मिलेगा।

# ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को लेकर मचा सियासी घमासान

## ईसी ने अखबार को जारी की नोटिस, भाजपा ने की केस करने की मांग

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावों को लेकर रविवार को एक नया राजनीतिक वाकयुद्ध शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने ईवीएम को लेकर एक अखबार की खबर का हवाला दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से शिवसेना प्रत्याशी के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था, जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था। हालांकि, निर्वाचन अधिकारी वंदना सूर्यवंशी ने खबर को झूठी करार दिया। अखबार को मानहानि का नोटिस भी जारी किया गया है। सूर्यवंशी ने कहा कि ईवीएम एक स्वतंत्र प्रणाली है, जिसे प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। भाजपा ने मांग की कि निर्वाचन आयोग को उन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाना चाहिए जिन्होंने खबर को साझा करके झूठ को बढ़ावा दिया।



● राहुल बोले-भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स हैं, किसी को जांच करने की इजाजत नहीं

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए रविवार को एक्स के चेयरमैन एवं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि ईवीएम में हैकिंग का खतरा अधिक है। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत है। गांधी ने एक्स पर कहा कि भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जतायी जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है।

### मस्क के विचार भारत में नहीं हो सकते लागू : चंद्रशेखर

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ईवीएम के संबंध में मस्क की आलोचना के जवाब में कहा कि मस्क का बयान चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला है। जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। मस्क का यह दृष्टिकोण अमेरिका और अन्य स्थानों पर भी लागू हो सकता है, जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन भारतीय ईवीएम खासतौर पर तैयार की गई हैं, ये सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से नहीं जुड़ी हैं।

### मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

## आतंकवाद को कुचलें उनके मददगारों पर भी करें कार्रवाई : शाह



● एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

नई दिल्ली। बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है।

# दो भाइयों समेत 6 गंगा में डूबे, दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता,संभल

● एक लापता, गंगा दशहरा पर दो गंगा घाटों पर हुए हादसे

अमृत विचार : ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर जिले में दो घाटों पर स्नान करते समय दो सगे भाइयों समेत छह लोग डूब गए। असदपुर घाट पर गंगा से दो युवकों के शव निकले गए तो तीन युवकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया जबकि जिजौंडा डांडा गंगा घाट पर गंगा में डूबे एक युवक का पता नहीं चल सका है।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी लोकेश (18) पुत्र राजेश, बबलू (16) पुत्र बिल्लू उर्फ अशोक कुमार, सत्येंद्र (24) पुत्र योगेन्द्र और राहुल (18) पुत्र जुगल किशोर रविवार को गांव के ही अमरीश के ट्रैक्टर से गंगा स्नान के लिए असदपुर गंगाघाट पहुंचे। नहाते वक्त चारों गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। शोर मचाने पर मौके पर मौजूद गोताखोर पानी में कूद गए लेकिन उन्हें खोजने में नाकाम रहे। इस पर परिजनों के हाथ पांव फूल गए। परिजनों ने दोनों को बचाने के लिए बिना देर किए बुलंदशहर के नरौरा से गोताखोर बुलाए। गोताखोरों ने आठ हजार रुपये मांगे तो परिजनों ने भी हामी भर रही दी क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि अगर गोताखोर गंभीरता से गंगा में खोजबीन करेंगे तो शायद लोकेश और बबलू की जान बच जाए।

गोताखोरों ने राहुल और सत्येंद्र को गंगा से बाहर निकाल लिया लेकिन लोकेश और बबलू लापता हो गए। इस बीच गोताखोरों ने पुनः प्रयास कर लोकेश और बबलू को बाहर निकाला लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में मृत घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गंगा स्नान करते समय चार युवक गंगा में डूबे थे। वहीं रजपुरा के गांव जिंजौड़ा डांडा निवासी पंकज उर्फ छोटू (18 वर्ष) पुत्र भगवती प्रसाद रविवार को बड़े भाई सुमित के साथ गांव के पास कच्चे घाट पर गंगा नहाने गया था। स्नान करते वक्त पंकज गंगा में डूब गया। सुमित ने पंकज को बचाने का प्रयास किया तो वह भी डूबने लगा। यह देखकर गोताखोरों ने डूब रहे सुमित को बाहर निकाल लिया लेकिन पंकज तेज धार में बह गया।

# 1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित



● राजस्थान से आए पंच धातु से निर्मित गदा व धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया

अयोध्या कार्यालय

● 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालू दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

### अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

### 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

# ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

### एम्स में भर्ती हैं मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी

ब्यूरो, देहरादून



एम्स ऋषिकेश में भर्ती मां का हालचाल जानते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत

ब्यूरो, देहरादून



कार के खाई में गिरने के बाद बचाव में लगे राहतकर्मी।

● वाहन में सवार थे एक ही परिवार के सात लोग तीन घायल

● 24 घंटे में दूसरा हादसा, शनिवार को रुद्रप्रयाग में हुई थीं 15 मौतें

अमृत विचार : उत्तराखंड में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे में दो जानलेवा हादसे हो गए हैं। शनिवार को रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर गिरने से 15 की मौत हुई थी तो रविवार को पौड़ी जनपद के खिर्सू में एक कार खाई में गिरी गई जिसमें दो बच्चों समेत चार की मौत हो गई, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों ने शवों और घायलों को निकाला। परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था।


पुलिस के मुताबिक एक ही परिवार के साक्षी नेगी (14) पुत्री सुरेश नेगी, निवासी परसुंडाखाल, समीक्षा (15) पुत्री विनोद रावत, निवासी कठूली गांव, सागर उर्फ कान्हा (11) पुत्र अजय निवासी उरेगी, सृष्टि नेगी (18) पुत्री सुरेश नेगी निवासी परसुंडाखाल, वाहन चालक मनवर सिंह निवासी चोपड़ा, आरूषी (13) पुत्री अजय निवासी उरेगी, सौम्या (9) पुत्री गणेश निवासी उरेगी (पौड़ी) सवार थे। पूरा परिवार कठुली से परसुंडाखाल विवाह समारोह में जा रहा था। कार खिर्सू के कठुली गांव के पास ही पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में सृष्टि नेगी, वाहन चालक मनवर सिंह, आरूषी व सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल साक्षी, समीक्षा व सागर उर्फ कान्हा को बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। जहां से दो को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है।

गंभीर समस्या | अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

# अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

● मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल



अमृत विचार : अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।

### स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

## ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

● धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।

## शहर में आज



- ☞जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर चाणक्य का मंचन रात 8 :00 बजे।
- ☞दिव्य योग केंद्र की ओर से मंडी बांस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगोत्सव सुबह 5 :15 बजे से।
- ☞बकरीद पर ईदगाह में नमाज सुबह 7 :30 बजे।



रामगंगा नदी में पूजन के दौरान अर्घ्य देती महिलाएं। ● अमृत विचार



लालबाग स्थित रामगंगा नदी के तट पर पूजा करतीं युवतियां। ● अमृत विचार



गंगा दशहरा मेले पर लालबाग घाट पर पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कायस्थ महासभा ने शर्बत वितरित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शिविर लगाकर शर्बत वितरित किया। साईं मंदिर रोड पर महासभा के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी में लोगों को शर्बत पिलाकर राहत पहुंचाई। गंगा दशहरा पर यह कार्य कर सभी ने पुण्यलाभ पाया। इस दौरान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शाखा नीतू सक्सेना, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, जिलाध्यक्ष अनिल सक्सेना, प्रदेश अध्यक्ष मेजर सुदेश भटनागर, केवी सक्सेना, महानगर अध्यक्ष रजनी सक्सेना, बिंदु सक्सेना, मीता जौहरी, गौरव भटनागर, अखिलेश सक्सेना, राजीव जौहरी, सुभाषिनी सक्सेना, मनोज सक्सेना, हिमांशु सक्सेना, सृष्टि सक्सेना, सुमित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कुमार तनय वैश्य समाज ने किया शर्बत वितरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में कुमार तनय वैश्य सभा एवं कुमार तनय वैश्य यूथ क्लब के सदस्यों ने गर्मी में लोगों को ठंडा शर्बत पिलाया। वहीं समाज के आराध्य देव कुमार कार्तिकेय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रविवार को मुरादाबाद डिपो पर स्टॉल लगाकर ठंडे शर्बत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. समीर गुप्ता एवं दो बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार गुप्ता रहे। मुख्य अतिथियों ने समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर पराग गुप्ता, अतुल गुप्ता, अमित गुप्ता, निखिल गुप्ता, अनमोल गुप्ता, मनीष गुप्ता, पराग गुप्ता, आलोक गुप्ता, ईशानी मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर लगाई आस्था की डुबकी

## महानगर में सीएल गुप्ता, लालबाग, गुलाबबाड़ी में रामगंगा नदी के घाट पर और मझोला में गागन नदी में भक्तों ने किया स्नान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को गंगा दशहरा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गंगा दशहरा के दिन श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालु रामगंगा में डुबकी लगाने के लिए भारी संख्या में पहुंचे। रामगंगा नदी के किनारे पर मेला लगा रहा। चौकसी के लिए में गोताखोर और पुलिसकर्मी तैनात रहे।

महानगर में रामगंगा नदी के सीएल गुप्ता घाट, लालबाग, गुलाबबाड़ी और मझोला क्षेत्र में गागन नदी के घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में निजी वाहनों के अलावा बस और ई रिक्शा से रामगंगा नदी में स्नान करने के लिए पहुंचे। सूरज निकलने से पहले ही श्रद्धालुओं ने रामगंगा में डुबकी लगानी शुरू कर दी और यह क्रम शाम तक चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर गंगा अवतरण दिवस पर खुद को धन्य किया।

दोपहर में भीषण गर्मी और लू के बीच भी स्नान का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। स्नान करने के बाद मां गंगा को प्रसाद चढ़ाकर परिवार में सुख-शांति की कामना की।



गागन नदी में बच्चे को नहलाती महिला।



गागन नदी में मुंह धोती युवती।



रामगंगा घाट पर दुग्धाभिषेक करते राष्ट्रीय पुजारी परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



रामगंगा नदी के तट पर बच्चे का मुंडन संस्कार कराते परिवार के लोग।



लालबाग स्थित रामगंगा नदी के घाट पर भजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कुछ सामाजिक संस्थाओं ने नदी किनारे भंडारा करके श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। सभी घाटों पर स्थानीय गोताखोरों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगाया गया था। इसके अलावा रास्तों व घाटों पर पुलिस तैनात रही।

### राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने दुग्ध से किया अभिषेक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पर्व पर श्री राम गंगा मैया का दूध से अभिषेक किया गया। साथ ही अटल घाट निकट कटघर प्राचीन गंगा मंदिर पर पूजन एवं महाआरती की। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि हिंदू धर्म में गंगा और उसकी सहायक नदियों के प्रति गहरी आस्था है। गंगा दशहरा के दिन जो स्नान, दान व पूजन करता है उसके 10 पाप नष्ट हो जाते हैं। अनेकों परिवारो में गंगा किनारे मुंडन संस्कार कराते हैं। इस अवसर पर आचार्य राजेश शर्मा, पुजारी महेंद्र, विनोद शर्मा, आचार्य राणा प्रताप सिंह, संजीव सक्सेना, अनुज राजपूत, गिरधर शर्मा, शकुंतला शर्मा, स्वाति शर्मा, शिव कुमार शास्त्री, अनिल रस्तोगी, शिव शंकर बंसल, नितिन दुबे, राजा भैया आदि मौजूद रहें।

### गागन नदी के घाट पर व्यवस्था चरमराई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला में गागन नदी के घाट पर व्यवस्था चरमरा गई। पर्याप्त पानी और सफाई न होने से कीचड़ के बीच लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। अवैध कब्जों के चलते गांगन नदी काफी सिकुड़ गई है। गंगा दशहरा पर आए श्रद्धालुओं में भी इसकी टीस रही। रविवार को सुबह से ही दिल्ली रोड पर गागन नदी के किनारे मेला लग गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। कीचड़ में नहाने की हिम्मत नहीं जुटा सके उन्होंने पानी से आचमन कर अपने ऊपर आस्था के छींटे मार लिए।

### तपती गर्मी लोगों को शर्बत पिलाकर कमाया धर्मलाभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एलिट खत्री क्लब की ओर से रविवार को साईं मंदिर रोड पर गंगा दशहरा और पिता दिवस के अवसर पर शर्बत एवं खिचड़ी का वितरण किया। तपती गर्मी में लोगों को शर्बत पिलाकर धर्मलाभ कमाया। कार्यक्रम में डॉक्टर हरी खन्ना, अध्यक्ष संजय धवन, खत्री सभा के महासचिव अज्जी मेहरोत्रा, सुबोध मेहरोत्रा, आलोक मेहरोत्रा, प्रदीप टंडन, अनूप मेहरोत्रा, रत्न खन्ना, सीए पुनीत बर्मन, सीए हिमांशु मेहरा, गुप्ता नमकीन, असित मेहरोत्रा, संजय दिलीप कुमार, अर्चना मेहरोत्रा, रजनी मेहरोत्रा, सोनम मेहरोत्रा, शिल्पी मेहरोत्रा, रति खन्ना, पूजा बर्मन ने सहयोग किया। वहीं भगवान परशुराम सेवा समिति की ओर से इंपीरियल तिराहे स्थित दाती मंदिर पर विशाल शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान पं. अनिमेष शर्मा, पं. अवधेश पाठक, पं. रामप्रकाश शर्मा, हिमांशु वशिष्ठ, अतुल दुबे, मंयक शर्मा, संजीव शर्मा, धवल दीक्षित आदि मौजूद रहें।



साईं मंदिर रोड पर शर्बत वितरित करते एलिट खत्री क्लब की पदाधिकारी। ● अमृत विचार



चंद्र नगर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

# शिवबेड़ा युवा समिति के भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में चंद्रनगर में शिव भक्तों ने हर वर्ष की तरह भंडारे का आयोजन किया। भीषण गर्मी में शर्बत का वितरण भी किया गया। सुबह से शाम तक चले भंडारे में ढाई हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को शिव बेड़ा युवा समिति की ओर से 20वां भंडारा चंद्र नगर में सुबह से ही शुरू हो गया। समिति के सदस्यों ने पहले भगवान भोलेनाथ के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर भोग लगाया। इसके बाद भंडारा शुरू किया गया। लोगों को राजमा, कढ़ी- चावल व हलवा का प्रसाद वितरित कर समिति के सदस्यों धर्म लाभ कमाया। आयोजन में मोहनलाल उर्फ मोनू, रोहित जाट, चिराग, विनोद कुमार, अभिषेक शर्मा, मनोज शर्मा, अन्नु, तरुण पांडेय, अनिल आदि मौजूद रहे।

## रामगंगा को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन काली मंदिर लालबाग स्थित श्री रामगंगा तट पर आयोजित गंगा दशहरा महोत्सव में गंगा को स्वच्छ, शीतल एवं पॉलीथिन मुक्त करने की शपथ के साथ आरती व पूजन भी किया गया। तट के किनारे लोगों को जागरूक कर पर्यावरण की सुरक्षा, जल का संग्रहण, पॉलीथिन का बहिष्कार एवं ऊर्जा बचाने की शपथ दिलाई।

धर्मगुरु एवं प्रांत प्रमुख मंदिर आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि गंगा जी देव नदी हैं जो कि मानव समाज के परम कल्याण के लिए धरा धाम पर ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को प्रकट हुईं। महोत्सव में राजीव शर्मा, राजेश रस्तोगी, सोमनाथ पोपली, नेपाल सिंह, रमेश आर्य, कपिल कुमार, रजनी प्रजापति, प्रेम कुमार, नन्हे चौधरी, सतपाल सिंह, रवि सैनी, जितेंद्र कुमार, माधवकांता देवी दासी, महालक्ष्मी देवी दासी, रामगोपाल सिंह, पं. अंकित शर्मा, पं. राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिव पार्वती रसोई परिवार ने लोगों को भोजन करा कर पाया धर्मलाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शिव पार्वती रसोई परिवार की ओर से रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर भोजन और शर्बत का वितरण किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।

रसोई का आरंभ रसोई परिवार के सक्रिय सदस्य राहुल शर्मा, सुमित कुमार अग्रवाल और विशेष यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से प्रत्यूष यादव, आशुतोष त्यागी, राजकुमार, राजीव चौधरी, मयंक यादव, अनुज कश्यप, बिट्टू कश्यप, विवेक गुप्ता, हरिओम शर्मा, ओम प्रकाश, अनिल बिश्नोई, मानव चौहान, पुष्प यादव एवं मेडिकल टीम के सदस्य डॉ. भुवनेश गुप्ता, मुकुल सिंह, सतीश सैनी, अशोक आदि मौजूद रहें।

### परी फाउंडेशन ट्रस्ट ने वितरित किया शर्बत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में परी फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से दिल्ली रोड पर ठंडे शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ट्रस्ट के संरक्षक मयंक गुप्ता ने पूजन कर एवं भगवान को शर्बत का भोग लगाकर शुरुआत की। भीषण गर्मी में लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। इस अवसर पर राहगीरों ने कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान राम गुप्ता, मयंक गुप्ता, वनीता मल्होत्रा, आरती शर्मा, राजीव हरी, हरिओम गुप्ता, परीश सक्सेना, जयदेव यादव, विकास गुप्ता, हितेंद्र यादव, संजीव कपूर, अंकित चौहान, भरत दिवाकर, आशु चौहान, हर्ष ठाकुर, निमिष ठाकुर, जितेंद्र सिंह, अजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# संस्कारों से श्रेष्ठ होता है मनुष्य : मृदुला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** युग शक्ति गायत्री चेतना केंद्र गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में आवास विकास सिविल लाइन में माता गायत्री जयंती, गंगा दशहरा और श्री गुरुजी के महापरायण दिवस पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य भूमिका मृदुला त्यागी एवं शालिनी मल्होत्रा ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन पूनम चौधरी ने किया।

मृदुला त्यागी ने प्रवचन, मंत्र उच्चारण के द्वारा हवन व संस्कार दिवस, बाल दीक्षा दिवस, बाल कल्याण दिवस और महापरायण दिवस का महत्व बताया। विद्या संस्कार, अन्नप्राशन्न आदि संस्कार कराए। उन्होंने कहा कि संस्कारों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। संस्कार गर्भावस्था से ही प्रारंभ हो जाते हैं। गायत्री परिवार में गर्भावस्था संस्कार से प्रारंभ होकर 16 संस्कार कराए जाते हैं। हमें अपने बच्चों को संस्कार देना चाहिए। क्योंकि सभी संस्कारों का उद्देश्य मनुष्य को श्रेष्ठ बनाना है। शालिनी मल्होत्रा ने कहा कि इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य जन-जन को गायत्री माता और यज्ञ से जोड़ना है। आयोजन में केएल त्यागी, हरीश वर्मा, नवलेश चंद्र, राजीव गुप्ता, मनु वर्मा, शीला त्यागी, देवेश भारद्वाज अखिलेश शर्मा, अंकित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश कपूर, कपिल नारंग, सुरेश मल्होत्रा, महेश चंद शर्मा, सुमन वर्मा, स्वाति अग्रवाल, लता दुबे, मीना सिंह, संतोष सैनी, शीला त्यागी, मधु कपूर, आशु मल्होत्रा, इन्दु खन्ना, गीता वर्मा, मिथिलेश आदि सदस्य शामिल रहे।



पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उपस्थित श्रद्धालु व गायत्री परिवार ट्रस्ट के सदस्य।

● गायत्री परिवार ट्रस्ट की ओर से गंगा दशहरा पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

गोष्ठी | वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हर्षवर्धन त्रिपाठी बोले– मूल्यों पर आधारित हो पत्रकारिता

# डिजिटल युग में बदला मीडिया की चुनौतियों का स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को मुरादाबाद विश्व संवाद केंद्र द्वारा नारद जयंती पर बुद्धि विहार स्थित एक बैंक्वेट हॉल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कहा कि भारत की पत्रकारिता का भारतीयकरण किये जाने की महती आवश्यकता है। पत्रकार और पत्रकारिता के सामने पहले भी चुनौतिया थीं और आज भी हैं। आज के डिजिटल युग में कोई नई चुनौतियां नहीं आई हैं। बल्कि चुनौतियों का स्वरूप बदला है।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकार को बहुत सोच समझ कर बोलना पड़ेगा। तीन दिन में दो यूट्यूबर के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर की है, देश में एक इको सिस्टम काम कर रहा है। दो लोगों के खिलाफ एफआईआर करने का मतलब यह है कि 200 लोग चुप होकर बैठ जाएंगे। यह पत्रकारों के समक्ष बड़ी चुनौती है। डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि सृष्टि के प्रथम संवादवाहक के रूप में देवऋषि नारद के योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। हम नारद जी का पत्रकार रूप देखें कि देवता, असुर, साधारण व्यक्ति तक जहां आवश्यकता होती थी, वहां नारद जी उपस्थित होते थे। वह शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर मिड्ढा ने कहा पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां वास्तव में नारद जी के जीवन चरित्र से ही लिया गया है। पत्रकारिता में चुनौतियां उस समय भी थीं और आज भी। अध्यक्षता आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शुक्ला द्वारा की गई। विभाग प्रचार प्रमुख पवन जैन ने कहा पत्रकार को समाज के सजग प्रहरी के रूप में देखा जाता है, एक पत्रकार सामाजिक परिवर्तन के लिए जो त्याग करता है, वह उसका वह त्याग ही समाज को गति प्रदान करता है। समाज के प्रत्येक वर्ग की आवाज पत्रकार होता है। कार्यक्रम का संचालन राजीव ढल ने किया। महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वन्देमातरम के साथ किया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश शास्त्री, डॉ. विनीत गुप्ता, देवेश सिंह, प्रशांत मिश्रा, राजेश तोमर, हरिमोहन गुप्ता, स्पर्श गुप्ता आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार अशोक श्रीवास्तव को प्रतीक चिह्न देते डॉ .विशेष गुप्ता, साथ में वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी, डॉ .सुधीर मिड्ढा, पवन जैन व अन्य। ● अमृत विचार

# अधिवेशन में अजब सिंह बने जिला आर्य समाज के प्रधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आर्य प्रतिनिधि सभा एवं जिला आर्य समाज का वार्षिक अधिवेशन रविवार को आर्य समाज स्टेशन रोड पर हुआ। इसमें आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जिला आर्य समाज के निर्वाचन को आर्य समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी ज्ञानेंद्र गांधी की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें चमन लाल निंझावान, ज्ञानेंद्र गांधी, रमेश चंद्र आर्य और डॉ. अभय श्रोत्रिय को संरक्षक नियुक्त किया गया। प्रधान पद के लिए अजब सिंह आर्य और मंत्री पद के लिए रमेश सिंह आर्य और कोषाध्यक्ष पद के लिए राजवर्धन आर्य का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। वहीं उप प्रधान के लिए निर्मल आर्य, अरविंद आर्यबंधु, सुभाष आर्य, सुरेश चंद्र आर्य, सुनील आर्य, राजपाल सिंह आर्य, महावीर सिंह आर्य तथा मेघनाथ शर्मा निर्वाचित हुए। उपमंत्री पद के लिए सुबोध आर्य, संजीव सिंह, उमेश आर्य, ओमकार सिंह, हरवीर सिंह आर्य, अवनीश कुमार आर्य और प्रीता आर्य चुनी गई। वहीं आय-व्यय निरीक्षण के रूप में विनोद कुमार गुप्ता निर्वाचित हुए। आर्यवीर दल के संचालक के रूप में लोकेश आर्य, सहसंचालक हरनाम सिंह आर्य, मंत्री आर्य वीर दल मुकेश आर्य जिला महिला प्रमुख मीरा सोती, सह जिला महिला प्रमुख प्रभा आर्य, महानगर महिला प्रमुख उषा गुप्ता का चयन किया गया।



आर्य प्रतिनिधि सभा के वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित पदाधिकारी।

### महिला सदस्यों ने किया शर्बत का वितरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की ओर से गंगा दशहरा के पावन पर्व पर विशाल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन पीएसी चौराहे पर किया गया। इसमें महिला संस्था की सभी सदस्यों ने शर्बत वितरण किया। नेहा मेहरोत्रा ने बताया कि गंगा दशहरा पर मां गंगा का आगमन हुआ था। सनातन धर्म में इस पर्व का विशेष महत्व है। इस दौरान संजना भटनागर, मिली सिक्का, शालिनी गुप्ता, वांशी भटनागर, वीनू आहूजा, मानसी, दिव्या अग्रवाल, नुपुर गुप्ता, रिया अरोरा आदि मौजूद रहीं।



Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers


upto
100%
Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी।

| 46.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:15 |

## एक नजर

### तीन ट्यूबवेलों से सामान चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरों ने ट्यूबवेलों पर धावा बोलकर सामान चोरी कर लिया। शनिवार की रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम गदीपुर में चोरों द्वारा किसान मतीन पुत्र शौकत अली, मजहर पुत्र मजीद, मेहंदी के ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जहां से स्टार्टर, केबल एवं अन्य सामान लेकर चोर फरार हो गए। गर्मी के मौसम में ट्यूबवेल पर चोरी होने से किसानों के ट्यूबवेल बंद हो गए। वहीं पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# मई और जून में पड़ी भीषण गर्मी ने तोड़ा 11 वर्षों का रिकॉर्ड

## दो दिन अभी और बढ़ेगा तापमान, 18 जून को छिटपुट बारिश का अनुमान जता रहे मौसम वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बेतहाशा गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। रविवार को पारा 45 डिग्री को पार कर गया। इस बार मई के बाद जून की गर्मी भी कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रही है। एक दशक से अधिक समय के बाद जून के महीने में इतनी गर्मी लगातार पड़ रही है। गर्मी के साथ ही दोपहर में लू लगने से लोग बीमार हो रहे हैं।

जून का हर दिन गर्म रहा। अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक ही रहा। यही नहीं कई दिन तापमान 45 डिग्री पर पहुंचा। वहीं रविवार और गर्म रहा। अधिकतम तापमान और बढ़ गया। लू के थपेड़ों ने लोगों को बेदम कर दिया। शाम 6 बजे तक गर्म हवा चलती रही। सूरज डूबने के बाद तपिश कम होने लगी। लेकिन उमस से लोग बेहाल रहे। पूरे दिन गर्म हवा चलने से सड़कों पर आवागमन भी कम रहा। रविवार को अवकाश के दिन अधिकांश लोग गर्मी और लू के चलते अपने घरों में ही रहे। कूलर, एसी के सहारे लोगों ने गर्मी से अस्थायी तौर पर राहत पाई। वहीं दोपहर में पेड़ों की छांव में बेजुबान भी गर्मी से बचने का प्रयास करते रहे। कोल्ड ड्रिंक्स, शिकंजी, नीबू पानी, नारियल पानी, गन्ने के जूस और बर्फ का गोला की खूब बिक्री हुई। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एग्रोमेट्रोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि 18 जून को छिटपुट बारिश की संभावना है। हालांकि इससे एक-दो दिन आंशिक रूप से राहत मिलेगी। मानसून 25 जून के आसपास सक्रिय होगा। उन्होंने बताया कि इसके पहले 2013 में जून में इस तरह की गर्मी पड़ी थी। इस बार मई में भी गर्मी ने पिछले कई साल के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया था।

वहीं जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि इन दिनों गर्मी व लू से लोग बुखार, उल्टी दस्त, डायरिया, निर्जलीकरण के शिकार हो रहे हैं। बताया कि जिला अस्पताल में 24 घंटे में डायरिया के 14 मरीज वार्ड में भर्ती हुए हैं। जिसमें बच्चों की संख्या अधिक है। बुखार के तीन मरीज भर्ती हैं। लोगों को सलाह है कि वह दोपहर में बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर जाएं। यदि जाना अधिक जरूरी हो तो सिर ढक कर रखें। अपने साथ पानी लेकर जाएं। समय समय पर पानी पीना बहुत जरूरी है। बासी भोजन का सेवन न करें।



रामगंगा नदी में स्नान करते बच्चे। ● अमृत विचार



गर्मी में दोपहर के समय मां के दुपट्टे से सिर ढक कर इस तरह जाती युवती।

**जून में अधिकतम तापमान**

| तारीख | अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस) |
|---|---|
| 15 जून | 45 |
| 14 जून | 44.7 |
| 13 जून | 45 |
| 12 जून | 44.6 |
| 11 जून | 44 |
| 10 जून | 43.5 |
| 9 जून | 42 |
| 8 जून | 43 |
| 7 जून | 41 |
| 6 जून | 40 |
| 5 जून | 41 |
| 4 जून | 42 |
| 3 जून | 43 |
| 2 जून | 42 |
| 1 जून | 43 |

## दामाद पर हमले में पत्नी सास व साला नामजद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ससुराल में आए व्यक्ति पर आरोपियों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि उसकी सास ने पेट में चाकू मारा है। घायल जिला अस्पताल में भर्ती है।

घटना 13 जून को दोपहर 12 बजे की है। इस मामले में प्रीतम नगर मझौला मंडी के निवासी अमित ने सिविल लाइन थाने में पत्नी शिवानी, सास कंचन और साला शिवम के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। ये आरोपी डीआरएम ऑफिस के पास इमली लेन, ठंडी सड़क के पास रहते हैं। घायल अमित का कहना है कि उनकी शादी 8 साल पहले शिवानी से हुई थी। पत्नी से उसकी अनबन चल रही थी। 13 जून को पत्नी ने उसे बहाने से मायके बुलाया। अमित के मुताबिक, ससुराल पहुंचते ही साले शिवम ने उसके पेट पर चाकू से कई वार कर दिए। सास कंचन व पत्नी शिवानी ने अमित को पकड़ लिया और ये लोग भी उसे मारने लगे। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया था। बमुश्किल अमित ने खुद को बचाया।

# भविष्य बताने वाला निकला आकिब, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा था रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कबीर बाबा बनकर तंत्र-मंत्र से भविष्य बताने का झांसा देने वाले ठग मो. आकिब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह मेरठ जिले में थाना-तहसील मवाना कस्बे के मुहल्ला तिहाई मकान नंबर-845 का रहने वाला है। इसका असल नाम मो. आकिब उर्फ कबीर है। इसने पुलिस को बताया है कि वह तंत्र-मंत्र का काम करता है और जो लोग उससे संपर्क आते हैं, उनसे कथित पूजा-अर्चना के नाम पर रुपये लेता है। चुपके से वीडियो कॉल कर उनकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता है।



पिछले दिनों इसी मो. आकिब ने कोतवाली नगर क्षेत्र की एक युवती को ठगा था। पूजा-अर्चना के दौरान उसने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। फिर वह युवती को ब्लैकमेल करने लगा था। इंटरनेट पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये की मांग कर रहा था। परेशान युवती ने इस मामले में 13 जून को नगर कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की और रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है। सीओ कोतवाली सुनीत दहिया ने बताया कि घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्त की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए नगर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक उषा मलिक को निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस टीम की कार्रवाई की वह हर रोज समीक्षा भी कर रही थीं। रविवार को कोतवाली नगर थाने की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पारकर रोड से अभियुक्त मो. आकिब उर्फ कबीर बाबा पुत्र अय्यूब को गिरफ्तार किया है। सीओ कोतवाली ने बताया कि यह अभी करीब 24 वर्ष का है। इसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। इस मोबाइल में पीड़िता से बातचीत और उसके अश्लील वीडियो भी मिले हैं। इस कार्रवाई में थाने के दरोगा गौरव कुमार, कांस्टेबल शिव शंकर और शोएब खान भी शामिल रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि कथित ज्योतिषी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया गया था। लोकेशन ट्रैस होने पर उसे पकड़ा गया है।

### इस तरह जाल में फंसी थी युवती

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की दोस्त शानू की गलती से कॉल लग गई थी। फोन रिसीव करने वाले ने उसी दौरान उससे अपने को ज्योतिषी बताया था। कोई परेशानी होने पर जरूर संपर्क करने का सुझाव दिया था। इसी बीच पीड़िता की नौकरी छूट गई। वह कार शोरूम में काम करती थी। नौकरी छूटने से वह परेशान थी और उसने अपनी परेशानी दोस्त शानू से साझा की थी। जिस पर शानू ने पीड़िता को वही नंबर देकर ज्योतिषी से बात करने की सलाह दी थी। पीड़िता ने कथित ज्योतिषी मो. आकिब उर्फ कबीर बाबा से परेशानी बताई और वह उसके जाल में फंस गई। मो. आकिब ने पीड़िता से नौकरी फिर से मिल जाने का वादा किया और इसके लिए पूजा-अर्चना में 30,000 रुपये खर्च बताया था। इसमें उसने 15,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से ले भी लिए थे।

## बाथरूम की टोटियां भी ले गया चोर, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिगर कॉलोनी में एक घर में दिन में चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस मामले में आभा श्रीवास्तव ने सिविल लाइंस थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई है।

आभा ने बताया कि वह जिगर कॉलोनी की रहने वाली है। उनके घर में 11 व 12 जून के बीच में दोपहर को चोरी हुई है। चोर घर के पीछे खाली प्लाट से होकर उनके घर में आया है। उनके पिता की 10-12 टी-शर्ट और बच्चे के कपड़े भी चोरी कर लिए हैं। घर में काम करने वाले लड़के के भी कपड़े चोरी हुए हैं। दीपावली में उपयोग होने वाली लाइटें चोरी कर ली हैं। यही नहीं, घर की छत के ऊपर बाथरूम में लगी पीतल की 5-6 टोटियों को भी चुरा ले गया है। उनके मकान के पीछे लगे सीसीटीवी कैमरा नंबर-193 में चोरी की घटना कैद हुई है। इसकी फुटेज भी उनके पास है। सीसी कैमरे की फुटेज में इन लोगों के चेहरे साफ दिख रहे हैं, सामान ले जाते देख रहे हैं। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई करेंगे।

**सुविधा** यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर ही उपलब्ध होगी रियायती दरों पर दवाएं

# हरिद्वार में खुलेगा मंडल का दूसरा जन औषधि केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पायलट प्रोजेक्ट के द्वितीय चरण में मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला जाएगा। जिसके बाद ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर ही सहज और रियायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 50 रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोले गए थे। जिसके तहत मुरादाबाद मंडल के योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर मंडल का पहला जन औषधि केंद्र खोला गया था। अब द्वितीय चरण में देशभर के 61 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।

द्वितीय चरण में मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार रेलवे स्टेशन का भी चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि धार्मिक नगरी होने के कारण हरिद्वार में रेल यात्रियों का अत्यधिक आवागमन रहता है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खुलने से सभी यात्रियों को स्टेशन पर आसानी से सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा जल्द ही अन्य स्टेशनों पर भी जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।

### जन औषधि केंद्र खोलने के लिए यह रहेंगी शर्तें

☞ हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केंद्र आउटलेट की कुल जगह 120 वर्ग फीट रहेगी।

☞ इस योजना के अंतर्गत आउटलेट खोलने के लिए ई-नीलामी के माध्यम से सर्वोच्च बोली से आवंटन किया जाएगा। ☞ आरक्षित मूल्य : शून्य ( वांछनीय यात्री सुविधा ) होगा।

☞ बयाना राशि के रूप में 50,000 देने होंगे। ☞ इस योजना के अंतर्गत स्टेशन पर आउटलेट खोलने का अनुबंध तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए होगा।

### पात्रता मानदंड

☞ व्यक्तिगत आवेदकों के पास डी. फार्मा व बी. फार्मा डिग्री का होना आवश्यक है या डी. फार्मा व बी. फार्मा डिग्रीधारक कर्मचारी नियुक्त हो।

☞ जनऔषधि केंद्र के लिए आवेदन करने वाले किसी भी संगठन या एनजीओ को बी.फार्मा व डी.फार्मा डिग्री धारकों को नियुक्त करना होगा।

☞ दिशानिर्देश फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया की वेबसाइट http://janaushadi.gov.in पर उपलब्ध हैं।

बच्चों में बढ़ रही है न्यूरोलॉजी (दिमाग) की बीमारी

आज कल बच्चों की दिमागी मर्ज बढ़ रहे है ऐसे बच्चों की समय रहते पहचान कर लेना बहुत जरूरी है। 1. दो महीने का बच्चा मां को देख कर न हंसे। जिसे हम Social Smile कहते हैं। 2. चार महीने का बच्चा अपनी गर्दन न संभाले। 3. 6 महीने का बच्चा अपने आप न बैइ पायें। 4. एक साल का बच्चा खड़े होकर न चले तो ऐसे में दिमागी रोग के लक्षण लग रहे हैं। तो इस तरह की बीमारियों का इलाज सम्भव है। तुरन्त बच्चों के डाक्टर (ब्यूरों) से सम्पर्क करें।

आजकल बच्चों में दिमागी मर्ज में वृद्धि हो रही है। ये एक बहुत बड़ी चिंता का कारण हैं पोस्ट कोविड के बाद से बच्चों के दिमागी रोगों में काफी वृद्धि आयी है। जैसे एग्जायटी, डिप्रेशन, स्कूल फोषिया (स्कूल जाने से डर लगना), मोटापा बढ़ना इत्यादि कारण है। क्योंकि बच्चों को घर पर सीमित साधन ही उपलब्ध होते हैं, इस कारण बई सारे न्यूरोलॉजिकल डिस्आर्डर बढ़ गये हैं।

बच्चों में बढ़ती मिर्गी की समस्या
मिर्गी किसी भी आयु के व्यक्ति को हो सकती है लेकिन बच्चें में मिर्गी से सम्बन्धित कुछ तर्क है तो उनके बचपन को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ प्रकार की मिर्गी बचपन बीतने के बाद समाप्त हो जाती है। लगभग 70% बच्चें जिनकों बच्चपन में मिर्गी थी, बड़े होने पर इससे छुटकारा पा जाते हैं। कुछ मिर्गी के ऐसे भी दौरे है जैसे फेबाइल दौरा (Febrile seizures) जो बचपन में केवल एक बार आते हैं और बाद में कभी नहीं।

लक्षण:- ◆ बच्चे में अभिव्यक्ति की असमर्थता अभिभावकों में जानकारी का अभाव ◆ मिर्गी के कुछ दौरों का क्षणिक एवं सूक्ष्म स्वरूप ◆ मिर्गी के सम्बन्ध में प्रचलित गलत धारणाएं। कहीं आपके बच्चे को तो नहीं 'ADHD' की समस्या

कब होता है 'ADHD' :- एडीएचडी की समस्या ज्यादातर प्री-स्कूल या केजी तक के बच्चों में देखी जाती है। कुछ बच्चों में, किशोरावस्था की शुरूआत में स्थिति खराब हो सकती है। कई बार यह समस्या व्यस्कों को भी परेशान कर सकती है।

ADHD' के लक्षण :- ◆ ध्यान न देना ◆ जरूरत से अधिक सक्रियता ◆ असंतोष चीजें याद रखने में परेशानी ◆ अत्याधिक बातूनी होना ◆ अक्सर दिन में सपने देखना।

एडीएचडी का कारण:- ◆ आनुवंशिकता ◆ दिमाग में परिवर्तन ◆ गर्भावस्था के दौरान खराब पोषण ◆ मस्तिष्क की चोट।

एडीएचडी से पीडित बच्चों को ऐसे संभालें:- ◆ अच्छे काम पर तारीफ करने या इनाम देने से बच्चे के व्यवहार को पॉजिटिव किया जा सकता है ◆ यदि ऐसा दिखे कि बच्चा आपा खो रहा है, तो उस ध्यान दें और उसे किसी अन्य एक्टिविटी में बिजी कर दें। ◆ दोस्तों को घर बुलाएं। इससे बच्चे को मिलने-जुलने में आसानी होगी लेकिन यह सुनिश्चित करें कि बच्चा स्वयं पर नियंत्रण न खोएं ◆ अपने बच्चे को अच्छी नींद सोने दें। डॉ. मंजेश राठी ने बताया कि इस समस्या का उपचार सम्भव है। समय रहते न्यूरो डॉक्टर से परामर्श अवश्य करें।

कहीं आपका बच्चा भी ऑडज्म से पीड़ित नहीं:- स्वलीनता (ऑडिज्म) मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार



और संपर्क को प्रभावित करता है। हिन्दी में इसे 'आत्मविमोह' और 'स्वपरायणता' भी कहते हैं। इससे प्रभावित व्यक्ति, सीमित और दोहराव युक्त व्यवहार करता है जैसे एक काम को चार-चार दोहराना। ऑटिज्म एक मानसिक बीमारी है जिसके लक्षण बचपन से ही नजर आने लग जाते हैं, इस रोग से पीड़ित बच्चों का विकास तुलनात्मक रूप से धीरे होता है। क्या आपका बच्चा आपके चेहरे के हावभाव को देखकर कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है क्या वह आपकी आवाज सुनने के बावजूद न तो खुश होता है और न ही कुछ जवाब देता है क्या वह दूसरे बच्चों की तुलना में ज्यादा चुप रहता है। ये जन्म से लेकर तीन वर्ष की आयु तक विकसित होने वाला रोग है जो सामान्य रूपा से बच्चे के मानसिक विकास को रोक देता है, ऐसे बच्चे समाज में घुलने-मिलने में हिचकते हैं, वे प्रतिक्रिया देने में काफी समय लेते हैं और कुछ में ये बीमारी डर के रूप में दिखाई देती है।

ऑटिज्म के लक्षण के बारे में डॉ. मंजेश राठी ने बताया एक साल के होने से पहले ही बच्चें ऑटिज्म के संकेत मिलने शुरू हो सकते हैं। साफ संकेत दो या तीन साल की उम्र से पहले दिखने लग जाते ऑटिज्म तीन चीजों को प्रभावित करता सोशल स्किल्स, कम्प्यूनिकेशन स्किल्स और बिहेवियर स्किल्स और बिहेवियर स्किल्स।

बोलने के देरी (Speech Delay)
तीन साल के बच्चे में लैंग्वेज और कम्यूनिकेशन स्किल्स में ऑटिज्म के निम्न संकेत दिखाई दे सकते है:- ◆ देरी से बोलना ◆ किसी शब्द या वाक्य को दोहराना ◆ सवालों के गलत जवाब देना ◆ दूसरों की बात को दोहराना ◆ पसंद की चीजों को प्वाइंट करना ◆ गुड वाय कहना या हाथ हिलाने जैसी प्रतिक्रिया ना देना ◆ मजाक न समझ पाना।

क्या है ट्रेमर :- ट्रेमर एक ऐसी समस्या है, जिसमें शरीर का कोई भी हिस्सा लगातार कांपता है। यह कंपन शरीर के किन्हीं भी एक या दो हिस्सों को प्रभावित करता है। मुख्य रूप से इसमें हाथ, पैर, सिर, चेहरा, आवाज, प्रभावित करता है। शोध और अध्ययनों की मानें तो यह समस्या हाथों में ज्यादा पाई जाती है। यह समस्या अध्यम और बढ़ती उम्र के लोगों में ज्यादा देखी जाती है। महिला और पुरूष दोनो को यह समस्या सामान रूप से प्रभावित करती है।

ट्रेमर के लक्षण:- ◆ हाथ, पैर, सिर का लगातार कांपना ◆ बोलते समय जीभ का कपकपाना। ◆ लिखते समय हाथों का कांपना। ◆ किसी भी चीज को सही ढंग से न पकड़ पाना।

वर्टिगो एक गंभीर बीमारी :- वर्टिगो की समस्या में शरीर का संतुलन बिगड़ने लगता है और चक्कर आने लगते हैं, इस बीमारी में सिर इधर-उधर घुमाने से समस्या और गंभीर हो जाते है। जी मिचलाना, उल्टी आना आदि।

लक्षण:- ◆ अधिक पसीना आना ◆ जी मिचलाना ◆ उल्टी आना ◆ सिर दर्द होना ◆ कानों में घंटी जैसी आवाजें सुनाई देना ◆ कम सुनाई देना ◆ आंखों की एक्टिबिटीज पर असर ◆ शरीर का संतुलन बिगड़ना।

अगर आपका बच्चा भी पीसता है दांत :- कई बच्चें नींद में दांत पीसते हैं, डॉक्टरी भाषा में इस आदत को ब्राक्सिज्म कहते हैं। दांत पिसने से बच्चे के दांतो की इनैमल लेयर या दांतों को नुकसान पहुंच सकता हे। गाल या जीभ कट सकती है, जबड़ों के जोड़, मसूड़ों या चेहरे में दर्द हो सकता है।



डॉ. मन्जेश राठी
MD, DM (Neuro)
Fellow Child Neurology (CDC)
Senior Consultant in Neurology
Neurophysiology & Sleep Medicine
दिमाग, रीढ़, मांस पेशियां एवं नसों के रोगों के विशेषज्ञ

जोर से दांत पीसने पर दांत टूट कर सांस नली में अटक सकता हे।

लक्षण:- ऊपर और नीचे के दांत एक-दूसरे पर ठीक से सेट न होना, दांत निकलने वाले हो या बच्चें के कान में दर्द हो रहा हो, बच्चा किसी तनाव या गुस्से में हो, बच्चा घुटन महसूस करता हो या किसी दवा विशेष के साइड़ इफेक्ट के कारण भी बच्चे में दांत किटकिटाने या दांत पीसने की समस्या हो सकती है।

डिस्टोमिया क्या है:- डिस्टोमिया मांसपेशियों के हिलन-डुलने सम्बन्धी विकास है, जिसमें मांसपेशियों में अनैच्छिक रूप से संकुचन होने लगता है। इस संकुचन के परिणाम स्वरूप मांसपेशियों में मरोड़ आ जाती है या मांसपेशी एक ही दिशा में बार-बार हिलती है जिसे रिपेटेटिव मूवमेन्ट कहा जाता है। कभी-कभी यह स्थिति काफी दर्दनाक होती है। डिस्टोनिया सिर्फ एक मांसपेशी, कई-मांसपेशियों को या फिर शरीर की सभी मांसपेशियों को प्रभावित कर सकता है।

डिस्टोनिया के लक्षण:- ◆ चलते हुये एक पैर जमीन पर रगड़ना (एक टांग घसीटते हुए चलना) ◆ पैर में ऐंठन आना ◆ अनैच्छिक रूप से गर्दना हिलना ◆ अनैच्छिक रूप से पलके झपकाना ◆ बोलने में दिक्कत होना।

बच्चों का रात में बिस्तर गीला करना:- बच्चा जब छोटा हो, तक रात में उसका बिस्तर गीला हो जाना स्वाभाविक है। लेकिन जब यह समस्या लगातार बढ़ रही हो तो यह भी एक बीमारी है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से परामर्श अवश्य करें। ताकि बच्चा समय रहते इस बीमारी से निजात पा सके।

डी.एम.आर. हॉस्पिटल में ये सुविधाएं 24x7 उपलब्ध हैं
◆ मिर्गी (Epllepsy) दौरे, हिस्टीरिया ◆ सिर दर्द / माईग्रेन / चक्कर आना ◆ मस्तिष्क ज्वर / दिमागी बुखार (Encephallties) ◆ गर्दन तोड़ बुखार (Meningitis) ◆ दिमाग सूजन, टी.वी. की गांठ एवं कीड़ (Neurocysticercosis) ◆ दिमाग में चोट एवं बेहोशी ◆ बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होना (मंदबुद्धि) ◆ दिमागी कमजोरी एवं याददाश्यत में कमी ◆ मुंह टेड़ा होना (Facial Palsy) ◆ बच्चों में धैर्य / एकाग्रता की कमी / अत्याधिक चंचलता ◆ दिमाग की (E.e.G., B.E.R.A./C.V.E.P.) ◆ काउंसिलिंग

फोन पर नम्बर लगाने के लिए सम्पर्क करें:- 0591-2411334, 9760304534, 7520435375, 9068814535
डी.एम.आर. हॉस्पिटल एंड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, निकट पी.एम.एस. स्कूल, पीलीकोठी, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद
E-mail: dmanjeshrathi@gmail.com | Website: www.dmrhospitals.com

## एक नजर

### समाचार पत्र वितरक का निधन, जताया शोक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टाउन हाल सेंटर के वितरक विजय शर्मा का 57 वर्ष की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें 30 साल से ज्यादा अखबार का काम करते हुए हो गए थे। परिवार में एक बेटा इशांक जो अभी भी अखबार वितरण का कार्य करते हैं और दो बेटियां भी हैं। अमृत विचार परिवार की तरफ से इनके निधन पर शोक प्रकट किया गया।

### आंबेडकर युवक संघ ने किया सांसद का स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों ने सांसद रुचि वीरा का सर्किट हाउस में स्वागत किया। अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने कहा कि आप मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद चुनी गई हैं। आपसे भारतीय संविधान में जनता के लिए दिए गए अधिकारों के लिए हमेशा मांग उठाते रहने की उम्मीद है। प्रतिनिधिमंडल में महेंद्र पाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, नेतराम सिंह, दौलत सिंह, विमलधीर, रघुवीर सिंह, जवाहर सिंह, ऋषिपाल सिंह, जयराम सिंह, ऐदल सिंह, जगदीश चंद्र, गेंदा सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अस्पताल की भूमि पर पार्क न बनाने की मांग

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ला ढाप में लगभग 80 साल पहले अस्पताल का निर्माण किया गया था। जिससे नगरवासियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। लेकिन नगर से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर जब से नया अस्पताल बनाया गया है। तबसे पुराना अस्पताल बंद है। जो जर्जर अवस्था में है। हाल ही में अस्पताल की भूमि पर नगर पंचायत की ओर से पार्क के निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसको लेकर किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं एवं नगर के पूर्व प्रधान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अस्पताल को दोबारा बनवाने और पार्क के प्रस्ताव को निरस्त कराने की मांग की है। वही जिलाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं और आश्वासन दिया है कि जनहित में समस्या का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान हाजी फराहीम, इब्राहीम अली, छोटे, कक्कू, मो. नाजिम, सरफ़ाज़ अली आदि मौजूद रहे।

## संभल तिराहा पर बनाया पुलिस सहायता केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में संभल तिराहा पर रविवार को नया पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ हो गया है। एसएसपी हेमराज मीना ने फीता काटकर सहायता केंद्र का उद्घाटन किया है। इस मौके पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया भी थे।

एसएसपी ने बताया कि गलशहीद थाना क्षेत्र में संभल तिराहा अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पर अक्सर भीड़ रहती है। जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस तरह संभल तिराहा पर काफी दिक्कत बनी रहती है। इसी क्रम में रविवार को संभल तिराहा पर पुलिस सहायता केंद्र बनाया गया है। इसमें पुलिसकर्मियों के उठने-बैठने की सुविधा हो गई है। सहायता केंद्र के उद्घाटन के मौके पर एडीएम सिटी ज्योति सिंह, सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर, गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी भी थे।

### महानगर की अन्य मस्जिदों में भी अदा होगी बकरीद की नमाज, इसके बाद शुरू होगा कुर्बानी का सिलसिला

# ईद-उल-अजहा आज, ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा सोमवार को मनाई जाएगी। शहर की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की जाएगी, साथ ही शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा होगी। जिसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा। नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने मुसलमानों से समय से ईदगाह पहुंचने और साफ-सफाई का ध्यान रखने की अपील है।

हजरत इब्राहिम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान ईदगाह व अन्य मस्जिदों पर सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा करने के बाद बकरा व पशुओं की कुर्बानी करते हैं। यह सिलसिला तीन दिन तक चलता है। इस बार ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर जिला प्रशासन ने पांच दिन पहले ही ईदगाह में नमाज की तैयारी पुख्ता करा दी है। नायब शहर इमाम ने महानगरवासियों से अपील की कि कुर्बानी करते समय इस बात का ख्याल जरूर रखें कि किसी को तकलीफ न हो। साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखे। किसी प्रकार की वीडियो न बनाए। ईदगाह में नमाज के लिए समय से पहुंचें।



बकरीद की पूर्व संध्या पर ईदगाह बाजार में बकरों के साथ खड़ा युवक। ● अमृत विचार

### कहां कितने बजे होगी ईद की नमाज

| स्थान | समय | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| ईदगाह | 7 :30 बजे | मस्जिद मैदान वाली, रफतपुरा | 6 :30 बजे |
| मस्जिद मौलाना वाली, तंबाकू वालान | 5 :35 बजे | मस्जिद शाह मुनीर, पान दरीबा | 7 :00 बजे |
| मस्जिद ताज वाली, मंडी बांस | 5 :40 बजे | मस्जिद मरकज, सराय | 7 :00 बजे |
| मस्जिज सलाम, तंबाकू वालान | 5 :40 बजे | मस्जिद हौज वाली, लाल बाग | 7 :30 बजे |
| मस्जिद सुनहरी, संभली गेट | 5 :45 बजे | मस्जिद घेर वाली, फैजगंज | 7 :30 बजे |
| मस्जिद पठानों वाली, भट्टी मोहल्ला | 5 :50 बजे | मस्जिद बाग वाली, मुफ्ती टोला | 7 :40 बजे |
| मस्जिद मदरसा शाही, लाल बाग | 6 :00 बजे | मस्जिद किले वाली, जीआईसी चौराहा | 7 :45 बजे |
| शाही मस्जिद, मंडी चौक | 6 :15 बजे | मस्जिद यतीम खाने वाली, फैज गंज | 7 :45 बजे |

### देर रात तक शहर व देहात के बाजारों में हुई जमकर खरीदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा को लेकर शहर व देहात के बाजारों में जानवरों की खरीदारी पिछले 15 दिन से चल रही है। तीन दिन पहले बाजारों में कपड़ों और अन्य सामान की भी खरीदारी शुरू हो गई। रविवार को महानगर के बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ी। महानगर के गलशहीद, संभली गेट, मंडी चौक, गोलघर, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, टाउन हाल, बाजार गंज, बुध बाजार व जीएमडी रोड पर कपड़ों, जूते व अन्य सामान की देर रात क खरीदारी की गई। वहीं दूसरी ओर रामपुर दौराहा, ताजपुर, गलशहीद, ईदगाह रोड व पीर का बाजार में जानवरों की बिक्री हुई।

# जिगर मंच पर महानगर के कलाकारों ने प्रस्तुत की रामलीला

### जिला कृषि विकास औद्योगिक व सांस्कृतिक प्रदर्शनी में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने किया आरंभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के मंच पर रामलीला का मंचन किया गया। जिगर मंच पर रामलीला का मंचन करने वाले सभी कलाकार महानगर के ही थे। रामलीला का मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी ऋुषा तिवारी व प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। रामलीला देखने वाले दर्शकों में बुर्जुगों की संख्या अधिक रही।

रविवार को जिगर मंच पर सर्वप्रथम राहुल फायर डांस एकेडमी के कलाकारों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद प्रभु श्रीराम स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कलाकारों ने हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी। इसके बाद श्रीराम मानस मंच के निदेशक राजेश रस्तोगी के निर्देशन में श्रीराम लीला की नाट्य रूपांतरण के माध्यम से झलकियां प्रस्तुत की गई। जिसमें श्रीराम के किरदार में अनुज सक्सेना, मां जानकी के किरदार में नंदिनी रस्तोगी, लक्ष्मण के किरदार में रोहित सैनी और लंकेश्वर रावण के रूप में भीमसेन मल्होत्रा ने मंच पर सीता हरण का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया।

रामलीला के मंचन में हनुमान जी का किरदार संतोष कुमार, माता सबरी का किरदार चित्रा शर्मा, जटायु राज के रूप में गुलशन राजन वधावन, मारीच के रूप में महेंद्र कुमार ढींगरा, साधु रावण के रूप में संजीव भारद्वाज, विभीषण के रूप में दिलीप भटनागर, मंदोदरी के रूप में मीनू ,त्रिजटा के रूप में एकता भारद्वाज, पार्श्व वाचन के रूप में दिनेश मानस, व्यास पीठ के रूप में अमित शर्मा, रूप सजा सौरभ यादव, सहयोगी हिमांशु, नवीन गुप्ता, विभिन्न भटनागर और संगीत आदर्श भटनागर ने प्रस्तुत किया।



जिगर मंच पर रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



प्रदर्शनी में लगे स्टॉल पर आइसक्रीम खातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### ऑडिशन में चुने गए कलाकार कल देंगे प्रस्तुति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कृषि विकास,औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी को लोकप्रिय एवं पुराना कार्यक्रम नृत्य एवं वादन प्रतिभा खोज के लिए पंचायत भवन में दो दिन नये उभरते कलाकारों का ऑडिशन लिया गया। चुने गए 18 कलाकार 18 जून को जिगर मंच पर प्रस्तुति देंगे। पंचायत भवन सभागार के मंच पर नये कलाकारों की तलाश में दो दिवसीय ऑडिशन कराया गया। जिसमें ऑडिशन के दूसरे दिन 16 जून को सुबह 9 बजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। संयोजक डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि इसमें चुने हुए प्रतिभागियों की प्रस्तुति 18 जून को सात बजे से जिगर मंच पर होगी। चयनित प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार व प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस बार प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### मिलेट्स से बने उत्पाद लोगों की पसंद बने

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कृषि, विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में पहली बार मोटे अनाज से बनी टिक्की, बताशे व गन्ने के रस से तैयार पानी बताशे का स्टॉल प्रशासन की ओर से लगा है। इसका स्वाद लोगों को खूब भा रहा है। यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी है। वहीं गन्ने के रस से बनी आइसक्रीम का लुत्फ भी लोग गर्मी से राहत पाने में ले रहे हैं। प्रदर्शनी में मिलेट्स का स्टॉल प्रशासनिक अधिकारियों ने लगवाया है। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को इस स्टॉल पर तैयार मोटे अनाज के उत्पादों की जानकारी और स्वाद का पता चल रहा है। फैमिली फार्मर मुरादाबाद एग्रो प्रोड्यूसर लिमिटेड के डायरेक्टर आरेन्द्र बड़गोती ने प्रदर्शनी में स्टॉल लगाया है। जिसमें मिलेट्स की टिक्की, कंगनी बाजरे का आटा, साबूदाना,आलू, मटर, चने की दाल, काजू, देसी घी, बाजरे से बनाई जाती है। वहीं ऋचा रस्तोगी, बीना अरोरा, साक्षी गुंबर, सुषमा धवन आदि को भी इसका स्वाद पसंद आ रहा है।

## थानाध्यक्ष ने दो पर दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बसंत विहार बल्देवपुरी में हुई फायरिंग और उसके बाद पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपी बंटी व उसके साथी अजय सैनी के विरुद्ध कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने नामजद एफआईआर दर्ज की है।

बसंत विहार बल्देवपुरी में 14 जून की रात में फायरिंग हुई थी। घटना में वादी नितिन कुमार का बड़ा भाई रोहित पुत्र विजय और जोगेंद्र पुत्र शंकर सिंह घायल हुए थे। घटना के तीसरे दिन शनिवार तड़के कल्याणपुर मार्ग पर पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें जवाबी कार्रवाई में घायल बंटी सैनी के दाएं पैर में गोली लगी थी। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया था, जबकि इसका साथी मुठभेड़ के दौरान ही बचकर भाग निकला था। बंटी ने पुलिस को पूछताछ में भागने वाले व्यक्ति का नाम अजय सैनी बताया है। कटघर थानाध्यक्ष ने बताया कि बंटी सैनी पुत्र रामचरन निवासी बसंत विहार बल्देवपुरी ने पूछताछ में बताया है कि उसका साथी अजय सैनी पुत्र कृष्णपाल निवासी डबल फाटक थाना कटघर है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# युवक से अमानवीयता में दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फाइनेंसर के साथ अमानवीयता करने वाले दोनों नामजद अभियुक्त गिरफ्तार हो गए हैं। इनमें परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन और इसका दोस्त सचिन यादव है। इस बात की पुष्टि सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी ने की है। अब उन्होंने इस मामले में सुरजनपुर पुलिस चौकी इंचार्ज की कार्रवाई की जांच शुरू कर दी है।

आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने 13 जून को प्रार्थना पत्र मिलने पर आरोपी परवेंद्र यादव को पकड़ लाए थे और शनिवार सुबह छोड़ भी दिया था। जिस पर पीड़ित शनिवार को ही ठाकुरद्वारा तहसील में चल रहे समाधान दिवस में पहुंचकर एसएसपी से मिला था। सीओ ठाकुरद्वारा ने बताया कि इस मामले में शनिवार को ठाकुरद्वारा थाने में दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज हुई थी। साथ ही इसमें अन्य दो अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया था। नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है, लेकिन जो अन्य दो व्यक्ति अज्ञात में आरोपी हैं उनके बारे में पीड़ित ने भी कुछ स्पष्ट नहीं किया है और न ही गिरफ्तार व्यक्ति भी उस बारे में कुछ बता रहे हैं। अभी इस मामले में पूछताछ चल रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शेरपुर पट्टी निवासी परवेंद्र यादव पुत्र जगदीश यादव और डिलारी थाने के गांव गुलड़िया निवासी सचिन यादव हैं।

### पीड़ित के साथ जानवर जैसा सुलूक

घटना एक जून को दोपहर की है। लेकिन, आरोपियों की धमकी से भयभीत पीड़ित ने घर में भी नहीं बताया। 13 दिन बाद जब वायरल वीडियो देखा तो घर वालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। फिर पीड़ित को हिम्मत देकर गुरुवार को उसे सुरजनपुर पुलिस चौकी ले गए, जहां चौकी इंचार्ज को घटना बताई थी। लेकिन, चौकी पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई होने पर जब बात एसएसपी तक पहुंची तो सक्रिय हुई पुलिस ने शनिवार को ही मुख्य आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उठा भी लिया था। इसके बाद दूसरी आरोपी सचिन यादव को भी पकड़ लाई थी।

### पीड़ित ने बताई घटना और कारण

पीड़ित ने बताया कि आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उनके घर के सामने रहता है। इसका दोस्त सचिन यादव है। काली डॉन के जरिए वह सचिन को पहचानता है। पीड़ित ने बताया कि वह फाइनेंस का काम करता है। डेढ़ साल पहले सचिन ने बीमारी का बहना बनाकर उससे 5,000 रुपये उधार लिए थे। इधर, पीड़ित की पत्नी की डिलीवरी होने वाली थी। इसलिए रुपये वापस मांगे थे। सचिन ने पीड़ित को कांठ मार्ग पर पुलिया पर बुलाया था। वहां काली डॉन, सचिन यादव और दो अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों ने जैसे ही उसे देखा कि तुरंत दौड़कर पकड़ लिया था। गमछे से उसके हाथ कसकर पेड़ से बांध दिया और उसके कपड़े उतारकर लाठियों से पीटा।

## हर व्यक्ति लगाए कम से कम एक पौधा, कम होगा तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वन विभाग ने साल 2023-24 में अन्य विभागों के साथ मिलकर जनपद में 23 लाख 80 हजार पौधे लगाए थे। जिसमें वन विभाग की तरफ जिले में दो लाख 30 हजार पौधे लगाए गए थे। जबकि इसमें दूसरे विभागों ने 20 लाख 50 हजार पौधे रोपने के लक्ष्य को पूरा किया था। पौधरोपण से न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण होगा बल्कि तापमान भी कम होगा।

वन विभाग ने न सिर्फ पौधे लगाए बल्कि उनका संरक्षण भी किया। विभाग की ओर से लगाए गए 90 प्रतिशत पौधों को संरक्षित किया गया है। तो वहीं अन्य विभागों के द्वारा लगाए गए लगभग 70 प्रतिशत पौधे संरक्षित कर लिए गए हैं। इस बार 2024-25 में वन विभाग का लक्ष्य पिछले साल की तुलना में कम हो गया है। उसे एक लाख 50 हजार पौधे लगाने हैं। जबकि दूसरे विभागों के द्वारा 20 लाख 34 हजार के लक्ष्य को जुलाई से अगस्त में पूरा करना है।

2023-24 के मुकाबले इस बार 2024-25 में वन विभाग द्वारा 80 हजार पौधे कम लगाए जाएंगे। इसके पीछे विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि पौधरोपण के लिए जमीन की उपलब्धता न होना है। क्योंकि अधिकतर जमीनों पर सड़कों के चौड़ीकरण का काम चल रहा है।



"इस साल पौधे लगाने का लक्ष्य समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। जिसकी तैयारी की जा रही है। गर्मी की वजह बड़ी संख्या में पेड़ों का काटा जाना भी है। प्रत्येक व्यक्ति पौधा जरूर लगाए।" -सूरज प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग

## सुबह से ही उपकरणों होते रहे फाल्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली विभाग के उपकरणों ने जवाब दे दिया है। रविवार सुबह से ही उपकरणों में फाल्ट होने लगे। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित रही। रविवार को सुबह 9 बजे से दो बजे मंडी चौक, दीवान का बाजार, रेती मोहल्ले में रहने वाले चार हजार लोगों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। सुबह से नौ बजे मंडी चौक व दीवान का बाजार मोहल्ले का ट्रांसफार्मर हीट होने से उनकी लीड फुंक गई। जिसके बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई। गलशहीद मोहल्ले में 11 बजे ओवरलोड होने से ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए। जिसके बाद चार बजे बिजली कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर के फ्यूज जोड़ कर आपूर्ति सुचारू की। वहीं इस संबंध में अधीक्षण अभियंता नगरीय मनीष चोपड़ा ने बताया कि स्वीकृत क्षमता से अधिक भार बढ़ने से उपकरणों पर लोड पड़ रहा है। फाल्ट होने से पहले कुछ क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

# 400 से अधिक घरों में मारे छापे, 100 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विजिलेंस टीम ने बिजली चोरों की तलाश में की छापेमारी, लोगों ने दर्ज कराया विरोध

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधिकारियों ने ओवरलोडिंग से उपकरणों में हो रहे फाल्ट पर अंकुश के लिए सख्ती शुरू कर दी है। इसके तहत शहर के तीनों वितरण खंडों में बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। अब तक तीनों डिवीजनों में सप्ताह भर में 100 से अधिक बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें शनिवार को वितरण खंड तृतीय में पीतल नगरी के सूरज नगर में छापेमारी कार्रवाई की गई। वहीं, एसडीओ पीटीसी दौलत बाग, असालतपुरा, दस सराय में भी छापेमारी की गई। कई जगह पर बिजली विभाग की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा।

वितरण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता प्रेम सिंह ने सुबह चार बजे अपनी टीम के साथ पीतलनगरी के सूरज नगर में बिजली चोरी को लेकर 40 घरों में छापेमारी की। जिसमें सात घरों में बिजली चोरी पकड़ी। पांच घरों में मीटर से बाईपास और दो घरों में डायरेक्ट कटिया डालकर चोरी पकड़ी गई। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर में 100 घरों में छापेमारी के दौरान 35 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, दौलत बाग विद्युत केंद्र के क्षेत्र घोसिया वाली पुलिया व कटरानाज में छापेमारी की गई। जिसमें दो घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। यहां सप्ताह भर में 100 घरों में छापेमारी गई। जिसमें 35 घरों में बिजली चोरी पकड़ कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**पितृ दिवस** — सोशल मीडिया पर छाए रहे फादर्स डे के संदेश, बच्चों ने पालनहार को भेंट किए उपहार

# हैप्पी फादर्स डे बोलकर अपने पिता का दिन बनाया खास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हर बच्चे का सुपर हीरो उसका पिता होता है। पिता अपने बच्चों के लिए कितना त्याग करते हैं। इसका अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता है। पिता के इसी प्यार और सम्मान के लिए रविवार को पूरे देश में फादर्स डे मनाया गया। महानगर में भी बच्चों ने अपने पिता को हैप्पी फादर्स डे बोलकर उनके दिन की शुरुआत की।

पिता उस बरगद के पेड़ की तरह हैं, जिसकी छांव में पूरा परिवार सुरक्षित रहता है। पिता अपने बच्चों की भलाई के लिए डांट लगाते हैं, थोड़ी सख्ती भी दिखाते हैं, लेकिन फिर बच्चों की एक मुस्कान के लिए जमीन-आसमां एक कर देते हैं। पिता के इसी त्याग और बलिदान के सम्मान में हर साल फादर्स डे सेलिब्रेट किया जाता है। महानगर में अपने पिता के दिन को विशेष बनाने के लिए बच्चों ने अलग-अलग योजनाएं तैयार की थी। किसी ने अपने पिता के साथ होटल में जाकर खाना खाया, तो किसी ने पिता और परिवार के साथ फिल्म देखी। वहीं कुछ युवाओं ने सुबह उठते ही सबसे पहले अपने पिता के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। इतना ही नहीं इस दिन अधिकांश लोगों के व्हाट्सएप स्टेटस पर फादर्स डे की शुभकामनाएं देखने को मिली।



कहते हैं मां घर का आंगन तो पिता घर की छत हैं। लेकिन मुझे लगता है वो छत से कहीं आगे पूरे आकाश में फैला है। जिनके संघर्ष हमेशा हमने कम करके आंके और वो हमें हर आग से झुलसने से बचाते रहे। शायद इसीलिए खुदा ने मां के कदमों में जन्नत रख दी और जन्नत का दरवाजा पिता को बना दिया। – पायल सिंह



पिता सबकी हिफाजत का जिम्मा उठाते-उठाते खुद की कीमत का अंदाजा लगाना भूल गए। सदियों से उन्हें समाज ने सख्त, खामोश, गुस्सैल मिजाज की छवि दे रखी है। पिता का नाम आते ही ज्यादातर घरों में आज भी खामोशी छा जाती है और मां को इसके उलट हम पाते हैं। पिता होना यकीनन आसान नहीं। – पीयूष



मेरे लिए मेरे पिता अंधेरे में जलते चिराग की मानिंद हैं जो हमेशा डर पर फतह हासिल करने की सीख देते रहे। उनका सबके सामने कहना कि देखना मेरा बेटा एक दिन मेरा नाम रोशन करेगा। बड़े ही गर्व की अनुभूति कराता था। मेरी जीवन का लक्ष्य मेरी पिता के सपनों को पूरा करना है। -यश तोमर



पापा का मुझपर विश्वास मुझे चुनौतियों का सामना करने में हौसला देता है। आज बेटियों का समाज के हर पायदान में विश्वास के साथ खरा उतरना उनके पिता के विश्वास का ही परिणाम है। अब समय बदल चुका है अब पापा कहते हैं बेटी हमारा बड़ा नाम करेगी। -मनीषा चौधरी

# निर्यात को बढ़ावा देने के लिए महानगर में जल्द खुलेगा कैश-एंड-कैरी मार्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**निर्यातकों की पहल**

- मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन द्वारा की जा रही शुरुआत

**अमृत विचार :** महानगर के निर्यातक हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के कारोबार से जुड़े लोगों को मार्केटिंग का मौका देने के लिए एक अच्छी पहल की है। जिसके तहत हस्तशिल्प निर्यातकों की संस्था मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की ओर से ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट की तर्ज पर कैश-एंड-कैरी मार्ट खोलने का फैसला किया गया है। जिसमें निर्यातक, मैन्युफैक्चरर और आर्टीजन किराये पर स्टॉल लेकर उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री कर सकेंगे।

मुरादाबाद में निर्यातक एसोसिएशन कैश-एंड-कैरी मार्ट की शुरुआत करने जा रहा है। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने बताया कि यह मार्ट नया मुरादाबाद स्थित एसोसिएशन के भवन परिसर में खोला जाएगा। यहां दो बड़े हॉल में स्थायी स्टॉल तैयार करके किराये पर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मार्ट की शुरुआत होते ही मुरादाबाद में हैंडीक्राफ्ट्स के कारोबार से जुड़े लोगों की बहुत लंबे अरसे से चली आ रही मांग पूरी होगी। दुर्भाग्यवश, सरकारी स्तर से यह मांग पूरी नहीं हो सकी, लेकिन एसोसिएशन की ओर से महानगर के उद्यमियों एवं निर्यातकों को जल्द से जल्द एक्सपो मार्ट जैसा मार्केटिंग हब का मौका मिलेगी।

### करोड़ों की लागत से बना सरकारी एक्सपो मार्ट हो गया खंडहर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट की तर्ज पर महानगर के उद्यमियों, आर्टीजनों को मार्केटिंग सेंटर उपलब्ध कराने के लिए सरकारी स्तर से सोर्सिंग हब बनाने की प्रक्रिया बरसों पहले शुरू की गई थी। इस दिशा में शुरुआत ईपीसीएच की तरफ से की गई थी, लेकिन बाद में एमडीए की ओर से सोर्सिंग हब का निर्माण शुरू कराया गया था। इसकी बिल्डिंग निर्माण पर 25 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद काम ठप हो गया और आधी-अधूरी बनी इसकी इमारत अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। सोर्सिंग हब को मूर्त रूप देने के लिए शासन स्तर से नए सिरे से कदम उठाया गया।

## एक नजर

### छह आरोपियों का शांति भंग में किया चालान

कुंदरकी, अमृत विचार : रविवार को मैनाठेर पुलिस में अलग-अलग स्थानों के विवाद के छह आरोपियों का शांति भंग में गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि बोबी पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम नरौदा, पवित्र पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम नरौदा, राजेन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम नरौदा, अरकान, गुफरान, उस्मान पुत्र मस्तान निवासीगण मौ. तकिया अली नगर रोड कस्बा महमूदपुर माफी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय को चालान किया गया।

### मारपीट में महिला सहित तीन घायल, रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी अजब सिंह पुत्र राम प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव की धर्मशाला के पास कुछ लोग ताश के पत्ते खेल रहे थे। उनका बेटा तरुण वहां खड़े होकर खेल देखने लगा। इसी दौरान गांव के निमित व विनीत पुत्र महिपाल सिंह ने तरुण से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर मेरी पत्नी बीच बचाव करने पहुंची तो उसके व मेरे साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गंगा दशहरा पर हवन, भंडारे का आयोजन

## विभिन्न सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं ने किया शर्बत का वितरण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा के ग्राम बलिया में गंगा दशहरा पर्व पर मेले एवं भंडारे का उद्‌घाटन करते ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धाभाव और उत्साहपूर्वक मनाया गया। श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर और गायत्री प्रज्ञा पीठ में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया तो ग्राम बलिया में ग्रामीणों ने मेला एवं भंडारा लगाया। रामलीला ग्राउंड के पास शिव मंदिर पर राहगीरों को शर्बत वितरित कर पुण्य लाभ कमाया।

गंगा दशहरा पर्व पर श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर व गायत्री प्रज्ञा पीठ में गायत्री यज्ञ, प्रवचन और भंडारे का आयोजन किया गया। सूर्यास्त के बाद गायत्री ज्ञान मंदिर में गायत्री दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। पुस्तक और सदवाक्यों के स्टीकर का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में लखपत सिंह, राजेंद्र यादव, नीलम वर्मा, राजकुमार गांधी, डॉ. मोनिका अग्रवाल, शिवेंद्र गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, विमलेश, विपिन यादव, सोमपाल सिंह आदि थे। ग्राम बलिया में लुकड़ी वाले बाबा के स्थान पर मेला और भंडारा आयोजित किया गया, जिसका उदघाटन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. वीर सिंह सैनी ने फीता काटकर किया। इसमें ग्राम प्रधान नरेश सिंह सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद अकरम, नन्हे सैनी, विजयपाल विश्नोई, कुमार पाल सैनी, टीकम सिंह सैनी, योगराज सिंह सैनी, नौबहार सिंह सैनी, राजवीर सिंह, अमर सिंह सैनी, महिपाल सिंह, उमेश कुमार, हिमांशू सैनी आदि थे। दूसरी तरफ छहराहा पर रामलीला ग्राउंड के निकट शिव मंदिर कमेटी के सदस्यों ने गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में शर्बत वितरण किया। उन्होंने गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान आशू गुप्ता, मुकेश प्रजापति, दीपक गोला, अंकित गुप्ता, हर्षित, ध्रुव आदि मौजूद थे।


ठाकुरद्वारा में गायत्री ज्ञान विद्या पीठ में हवन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## साइबर ठग ने किसान से 1.72 लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : साइबर ठग ने कुसुम सोलर पंप योजना के नाम पर किसान से एक लाख 72 हजार 638 रुपये अलग-अलग बैंक खातों में डलवाकर ठगी कर ली। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दुल्लापुर पट्टीनिवासी किसान विनोद कुमार पुत्र बुद्ध सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने प्रधानमंत्री कुसुम सोलर पंप योजना के तहत 29 फरवरी को रजिस्ट्रेशन कराया था। ऑनलाइन सोलर पंप बुकिंग हेतु 5000 रुपये योजना के लिए ऑनलाइन भेजे थे। बुकिंग कंफर्म होने के 14 दिन के बाद करीब 1,73,000 रुपये एनईएफटी व बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करने के लिए अलग-अलग नंबरों से फोन आया। साथ ही मैसेज भी किया गया। किसान ने 13 मार्च को प्रथमा बैंक शाखा सुरजन नगर में बताई गई राशि जमा करा दी। जिसमें फोन द्वारा बताया गया कि जल्द ही आपको प्रधानमंत्री कुसुम योजना का सामान प्राप्त हो जाएगा। बाद में पीड़ित ने उस नंबर पर फोन किया तो वह स्विच ऑफ आया। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाविप ने किया शर्बत का वितरण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा ने गंगा दशहरा पर पुलिस चौकी के सामने शिविर लगाकर शर्बत का वितरण किया।

इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ बंटी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, एडवोकेट दीपक बिश्नोई आदि मौजूद रहे। वहीं वैश्य बिश्नोई सभा कांठ की ओर से मुख्य बाजार स्थित वैश्य विश्नोई शिव मन्दिर पर शीतल शर्बत का वितरण किया। सभा के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों और दुकानदारों को गर्मी में ठंडा शर्बत पिलाकर राहत दिलाई। इस अवसर पर वैश्य विश्नोई सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष - अनिल विश्नोई, प्रमोद विश्नोई, अभय विश्नोई, बृजेन्द्र विश्नोई, मनोज, हिमांशु, लक्ष्य, पार्थ, अंकुर व अनुज विश्नोई मौजूद रहे।


शर्बत का वितरण करते वैश्य विश्नोई सभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


बिलारी में गंगा दशहरा पर शर्बत वितरित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


श्रीराम काली आश्रम के बाहर शर्बत वितरित करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर पुण्य लाभ कमाया

संवाददाता, बिलारी

- ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की महिलाओं ने राहगीरों को शर्बत पिलाया

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ के गंगा दशहरा पर तपती दोपहरी में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर पुण्य अर्जित किया।

रविवार को हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप के तत्वाधान में महिलाओं ने एकत्र होकर राहगीरों को शर्बत पिलाया और पुण्य अर्जित किया। इस दौरान सारिका गुप्ता, निधि शर्मा, खुशबू गुप्ता, तनु शर्मा ,दीपा गुप्ता, सिद्धि शर्मा, शालिनी चुग, कनिका गुप्ता, सारिका अग्रवाल, उमा अग्रवाल, चंचल सिंघल, गरिमा, पल्लवी गुप्ता, राहुल गुप्ता, निखिल शर्मा, बंटी शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के कार्यकर्ताओं ने श्री राम काली आश्रम सहसपुर रोड मंदिर के बाहर स्टॉल लगाकर राहगीरों को शर्बत वितरित किया गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव सुमित शर्मा, बृजेश भारतवाल, डॉ. मेघपाल सिंह, अनिल गुप्ता, हरिशंकर वर्मा, सूर्यकांत शर्मा, अरविंद वर्मा, विपुल पांडे, केपी सिंह, डॉ. अमित, मनोज गुप्ता आदि का सहयोग रहा। वहीं नगर में गांधी मूर्ति चौराहे पर स्थित गांधी पार्क के गेट पर समाजसेवी रघुराज सिंह यादव के नेतृत्व में राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अनिल ठाकुर ,विनेश यादव चेयरमैन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता नोमान जमाल, राजकुमार कश्यप, सहित सेवादारों ने शर्बत वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया।

## नगर की ईदगाह में 7:30 बजे होगी बकरीद की नमाज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नगर व क्षेत्र में सोमवार को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। इसको लेकर पुलिस ने ईदगाह स्थलों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

नगर की ईदगाह में सोमवार को सुबह 7:30 बजे बकरीद की नमाज अदा कराई जाएगी। बकरीद की नमा को शहर इमाम मौलाना मौहम्मद शोएब कराएंगे। वहीं देर शाम नगर पंचायत प्रशासन ने भी ईदगाह की साफ-सफाई का जायजा लिया।

रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेंद्र कुमार सिंह ने ईदगाह पर पहुंचकर तैयारियों को देखा। वहीं शाम को पुलिस ने नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च भी किया है। बकरीद पर शांति व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। इसी के साथ निर्धारित स्थानों पर ही पशुओं की कुर्बानी करने के लिए कहा है। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने की अपील भी की है।


बाजार में त्योहार के मद्देनजर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### बकरीद पर खरीदारी के लिए बाजार रहे गुलजार

कांठ, अमृत विचार : बकरीद की पूर्व संध्या पर बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने खरीदारी की। इससे दुकानदार भी खुश थे। सबसे अधिक भीड़ नगर के मीना बाजार में दिखाई दी। रविवार को बकरीद की पूर्व संध्या पर देर रात तक बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सबसे ज्यादा भीड़ सौंदर्य के सामान, कपड़े, जूते-चप्पल, ज्वेलरी, किराना आदि की दुकानों पर भीड़ रही। लोगों ने परिवार के साथ बाजार में जमकर खरीदारी की। मुस्लिम महिलाओं ने अपने जरूरत मंद सामानों को खरीदा। बाजार में ई-रिक्शा और दो पहिया वाहनों के चलते पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही।

## कुर्बानी के बाद अवशेषों को दबाने के लिए जेसीबी से खोदवाए गड्ढे

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** नमाज के बाद सामूहिक कुर्बानी के लिए क्षेत्र के ग्राम गढ़ी में ग्राम प्रधान के पति की ओर से अहाते में सघन सफाई अभियान चलाया गया तथा अवशेषों को दफन के लिए जेसीबी से गड्ढे खोदे गए।

ग्राम गढ़ी में नमाज के बाद बकरों की सामूहिक कुर्बानी की परंपरा है, जहां कुरेशीयान गढ़ी के अहाते को कुर्बानी के लिए सीओ कांठ कुलदीप कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह आदि ने चिन्हित किया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने सामूहिक कुर्बानी की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान के पति फहीम उर्फ लालू को निर्देश दिए थे कि किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो इस पर ध्यान रखा जाए। ग्राम प्रधान के पति ने कुर्बानी के लिए चिन्हित स्थान एवं ग्राम में सघन सफाई अभियान चलाया एवं कुर्बानी के अवशेषों को दफन के लिए जेसीबी मशीन से गहरे गड्ढे खोदे गए।


गड्ढे खोदती जेसीबी। ● अमृत विचार


हरिद्वार के लिए रवाना होते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## हरिद्वार के लिए रवाना हुए किसान

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए कांठ क्षेत्र से भाकियू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बस एवं ट्रेनों द्वारा रवाना हुए।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के यूपी पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि चिंतन शिविर 16-18 जून तक आयोजित होगा। इसमें किसानों के हक की आवाज उठाई जाएगी।

तैयारी | ईदगाहों से लेकर मस्जिदों में ईद की नमाज के लिए समय निर्धारित

## ईद-उल-अजहा आज, नमाज के बाद होंगी कुर्बानियां

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/कुंदरकी

**अपील**

- उलमा ने कहा- खुले में कुर्बानी न करें और न ही अवशेष फेंके
- कुर्बानियों की वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर न डाले

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा का त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। ईदगाहों से लेकर मस्जिदों में ईद की नमाज के लिए अलग-अलग वक्त मुकर्रर किया गया है। ईद की नमाज के बाद तमाम मुसलमान कुर्बानी की रस्म अदा करेंगे। नमाज से लेकर कुर्बानी के लिए रविवार को दिनभर तैयारियां की गई। उलमा ने लोगों से सलीके से कुर्बानी कर ईद का त्योहार मनाने की नसीहत की है।

नगर में ईदगाह ताली में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह 7:30 बजे और स्योहारा रोड ईदगाह पर 7:45 बजे अदा की जाएगी। सदर हाजी याकूब कुरेशी ने बताया कि जामा मस्जिद मर्कज कुरैशियान में ईद की नमाज सुबह 7:00 बजे, मस्जिद अब्दुल गनी नई बस्ती में सुबह 6:30 बजे, मस्जिद हुसैनिया में 6:30 बजे, मस्जिद फिरदौस मोहल्ला कुरैशियान में 6:45 बजे, मस्जिद छीपियान में सुबह 7:00 बजे, मस्जिद कुरैशियान में सुबह 7:00 बजे, मदरसा अंसारियान चलचित्र ढाल पर सुबह 7:30 बजे, मस्जिद अहले हदीस नई बस्ती में सुबह 6:00 बज अदा की जाएगी। इसके साथ कस्बा शरीफ नगर ईदगाह में सुबह 7:00 बजे अदा की जाएगी। सुरजन नगर के मुफ्ती मायुद्दीन के अनुसार ईदगाह में 7:15 बजे अदा की जाएगी।

ईद की नमाज के लिए ईदगाहों में जहां साफ-सफाई के साथ वजूखानों का बंदोबस्त किया गया है, वहीं नमाज की सफों को भी चूना डालकर दुरुस्त किया गया। दिनभर लोगों ने ईद की तैयारियों के लिए खरीदारी की। इसकी वजह से बाजारों में खासकर किराना की दुकानों पर भीड़ नजर आई।

मस्जिदों में नमाज के बाद उलेमा ने लोगों से अमनो-अमान के साथ भाईचारा कायम कर त्योहार मनाने की अपील की। कुंदरकी प्रतिनिधि के अनुसार मुस्लिम समाज द्वारा आज (सोमवार को) ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। सरकारी गाइडलाइन के हिसाब से ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग हलाल जानवरों की खुदा की राह में कुर्बानी पेश करेंगे। नगर और देहात क्षेत्र की ईदगाहों और मस्जिदों में आज सोमवार की सुबह को ईद की नमाज अदा की जाएगी। शहर काजी सोहेल अहमद ने बताया कि नगर कुंदरकी स्थित ईदगाह पर 7:30 बजे मौलाना अनीस रजा अजहरी द्वारा ईद की नमाज अदा कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### खेतों की सिंचाई न होने से किसान परेशान

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : किसान खेतों की सिंचाई करने के लिए महंगा डीजल खरीदने को मजबूर हैं। खेतों की सिंचाई के लिए न तो पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हो रही है और न ही नहरों में पानी है। जिसके कारण खेतों में भीषण गर्मी में किसानों की फसलें सूख रहीं हैं। जून में तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। भीषण गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती और ट्रिपिंग से किसान परेशान हैं। किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल रही है। किसान खेतों की सिंचाई के लिए महंगा डीजल फूंककर अपने खेतों की सिंचाई करने को मजबूर हैं। इसके चलते किसानों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। दूसरी ओर नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है। जिससे कई जगहों के किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि जून खत्म होने को है, लेकिन नहरों में पानी नहीं आया। जिन नहरों में पानी है, वहां टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है। किसान महंगे वैकल्पिक साधनों से फसलों की सिंचाई करने को मजबूर हैं। किसान जितेंद्र विश्नोई जीतू, वीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, नवनीत पहलवान, अमर सिंह चौहान, भूपेंद्र चौहान, राजेन्द्र विश्नोई, प्रदीप कुमार, सचिन कुमार, नितिन कुमार, महेंद्र सिंह, राकेश कुमार, देवेंद्र सिंह आदि किसानों ने कटौती मुक्त बिजली एवं नहरों में टेल तक पानी देने की मांग की है।


खेतों में सिंचाई करते किसान। ● अमृत विचार

### चोरों ने किसानों के ट्यूबवेल से सामान चोरी किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शनिवार रात चोरों ने क्षेत्र के दो किसानों के ट्यूबवेल से पाइप, केबल, स्प्रे मशीन स्टार्टर सहित हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। वही सरकडा करीम जाने वाले रास्ते पर नागनाथ मंदिर में लगे पीतल के घंटे भी चोरी कर लिए गए। कोतवाली क्षेत्र के गांवलोगी खुर्द निवासी सेवाराम पुत्र निहाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5, 16 जून की रात्रि में चोरों ने खेत पर बने ट्यूबवेल की कोठी का ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत के पाइप, केबल, स्प्रे मशीन, स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित किसान का कहना है कि चोरी का रविवार की सवेरे 5 :00 बजे उस समय पता चला जब उसका बटाईदार उस्मानपुर निवासी टीकाराम खेत पर पहुंचा। उसने इसकी जानकारी दी तो वह भी मौके पर पहुंचे। वही कुछ दूरी पर स्थित सुल्तानपुर दोस्त निवासी ओम प्रकाश सिंह की कोठरी का भी ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये कीमत के पाइप, बिजली की तार व स्टार्टर चोरी कर फरार हो गए। वहीं नागनाथ मंदिर में भी चोरों ने पीतल के घंटे चोरी कर लिए।

### रालोद नेता ने जयंत चौधरी को दीं शुभकामनाएं

कांठ, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड क्षेत्र अजीत सिंह एडवोकेट ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय पर रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह के केंद्रीय राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) बनने पर शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर रालोद अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वे पूरी लगन व मेहनत से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर विपिन चौधरी, विपुल तोमर, सौरभ सिंह एवं अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।


जयंत चौधरी का स्वागत करते रालोद नेता।


धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### नौ दिवसीय देवी भागवत का हुआ समापन

कांठ, अमृत विचार : हिन्दू फ्रीडम फंड के संस्थापक पं. प्रिंस शर्मा द्वारा ग्राम नसीरपुर में आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान माता रानी की 6 फीट की प्रतिमा व 9 पिंडियों के रूप में चामुंडा माता की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण करके हवन आदि के पश्चात कन्या पूजन किया गया व अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया। प्रिंस शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान राजवीर सैनी, संजय सैनी, सोनू यादव, जीतेन्द्र सैनी, सोनू जाटव, पुरुषोत्तम सैनी, विजय यादव, राकेश प्रजापति, गौरव यादव, कमल सैनी आदि उपस्थित रहे।


चौधरी आनंद वीर सिंह को सम्मानित करते जाट समाज के लोग।

### आनंद वीर सिंह जाट महासभा के अध्यक्ष मनोनीत

बिलारी, अमृत विचार : नगर के स्टेशन रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा का बैठक हुई। जिसमें आनंद वीर सिंह को जाट महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रविवार को अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य मदन स्वरूप इंटर कॉलेज चौधरी ओमपाल सिंह ने की। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। संचालन मास्टर सरजू सिंह ने किया। बैठक में में जाट महासभा के अध्यक्ष का चुनाव का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्व समिति से संरक्षक मंडल को पूर्ण अधिकार दिया गया। इस दौरान संरक्षक मंडल ने चौधरी आनंद वीर सिंह को 2024 –25 के लिए जाट महासभा का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई। घोषणा के बाद संरक्षक मंडल के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जाट महासभा के अध्यक्ष आनंद वीर सिंह को पगड़ी पहनकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। वहां उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई दी। इस दौरान जाट महासभा की बैठक में चौधरी रामफल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य चौधरी ओमपाल सिंह, भूरे सिंह फौजी, मास्टर राज बहादुर सिंह, उदय पाल सिंह, हरपाल सिंह ,सुखवीर सिंह, यशवीर सिंह, महेंद्र सिंह, चौधरी मुन्ना सिंह, सत्यपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, सुनील कुमार लाठर, चौधरी सत्यवीर सिंह, अखिलेश सिरोही, पप्पू चौधरी, कुंवर पाल चौधरी, ओम प्रकाश, राम सिंह, अजय पाल सिंह, चंद्रपाल सिंह समेत भारी संख्या में जाट समाज के लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**ढबारसी/आदमपुर, अमृत विचार :** आदमपुर गांव निवासी सुषमा की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव सिमथला निवासी महेश के साथ हुई थी। शादी में महिला के पिता ने दहेज दिया, लेकिन शादी के कुछ समय बाद महिला के पिता ने दहेज में दो लाख रुपये लाने की मांग की। उसके पिता की दो लाख रुपये देने की स्थिति नहीं है। ससुरालियों ने सुषमा का उत्पीड़न किया। पांच मार्च को सुषमा के पति महेश, सुसर पृथी सिंह, सास कमलेश व देवर धीर सिंह ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### झाड़ियों में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के एक मोहल्ले में भूखंड में उग रही झाड़ियों में आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। यह घटना शहर के मोहल्ला बुध बाजार की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पशुधन मंत्री ने गोशाला के निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, बोले- गोवंश मौत मामले की जांच जारी, आरोपियों पर होगी कठोर कार्रवाई

# गोशाला में गोवंश को जिंदा दफनाना बेहद निदंनीय : धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कान्हा गोशाला में हुई सात गायों की मौत के मामले में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोवंश को जिंदा दफनाना बेहद निदंनीय है। शासन और जिलाधिकारी ने कार्रवाई की है, लेकिन अभी जांच जारी रहेगी। किसके कहने पर गोवंश को जिंदा दफनाया जा रहा था, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्हें गोशाला में काफी कमियां मिली हैं। उन्होंने इन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को हसनपुर की कान्हा गोशाला का निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने गोशालाओं में गोवंश संरक्षण के लिए व्यवस्थाओं की जानकारी ली। गोशाला में हरा चारा, खली-चोकर, भूसा की उपलब्धता, पशुओं को लू से बचाने की व्यवस्था को लेकर उन्होंने अधिकारियों से सवाल किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कराई जाए। इस दौरान पशुपालक का पूरा पता हो। कहा कि ऐसे पशुपालक जो दूध देने के बाद पशु को छोड़ देते हैं, उन पर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। पशुओं की नस्ल सुधार के लिए कार्य किया जाए। कृत्रिम गर्भाधान के प्रति पशुपालकों को प्रेरित करें। ऐसे दुधारू पशुओं को पालने के लिए कृषकों को प्रेरित करें जो अधिक दूध देने वाली नस्लें हैं। बरसात से पहले सभी पशुओं का टीकाकरण प्राथमिकता के साथ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी करा दें।



कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार



बीमार गोवंशीय पशु को देखते पशुधन मंत्री। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि सभी गोशालाओं में हरे चारा की पर्याप्त व्यवस्था हो। भूसा, खली चोकर की उपलब्धता हो। अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक गोशाला का निरीक्षण के लिए रोस्टर बनाए। गाय के गोबर का भी सदुपयोग हो सके, इसके लिए दीपक सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं तैयार करने के लिए प्रबंध हो। पशुपालन में रुचि दिखाकर बेहतर तरीके से प्रबंधन पर जोर दिया जाए। अभियान चलाकर 30 जून तक जो छुट्टा पशु घूम रहे हैं, उनको गोशाला में संरक्षित किया जाए।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में पशुधन मंत्री ने कहा कि छुट्टा पशुओं को गोशाला में संरक्षित करने के लिए सरकार से टोल फ्री नंबर जारी कराएंगे। गायों की मौत के सवाल पर मंत्री ने कहा कि इसमें शासन व डीएम ने कार्रवाई की। डीएम ने एसडीएम को मुख्यालय से संबद्ध किया है। छह विभागों की टीम बनाई गई है। अभी जांच समाप्त नहीं हुई है, जो भी दोषी होगा बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण में भी कमी दिखाई दी है। कुछ गाय बीमार है, उनका सही उपचार नहीं किया जा रहा था। अधिकारियों से कहा कि गोशाला में गायों की संख्या ज्यादा है, अभी और गोशालाएं बनवाई जा रही हैं। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह, एडीएम सुरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, एसडीएम व अन्य लोग रहे।

## चिकित्सक से बोले मंत्री- इतनी गायों की मौत हो गई, यहां तुम क्या कर रहे थे

संवाददाता, हसनपुर

● गोवंश की सुरक्षा एवं संवर्धन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए

**अमृत विचार :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गोवंश की सुरक्षा एवं संवर्धन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गाय भूखी न रहे, उन्हें समय पर हरा चारा व भूसा दिया जाए।

गोशाला में तैनात कर्मी गायों के आहार एवं उनकी सुरक्षा पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि सरकार गायों की देखभाल करने के लिए धन दे रही है तो फिर यह गाय इतनी दुबली पतली क्यों है। मंत्री ने कहा कि गोशाला में डॉक्टर को तैनात कराएं। चिकित्सकों से कहा, बीमार गायों का उपचार करें।

गोशाला में हुई घटना बहुत ही दर्दनाक है। मंत्री ने माना कि गोशाला में दवा की कमी है। गोशाला में बीमार गायों की हालत देखकर मंत्री ने पशु चिकित्साधिकारी डॉ. खुशीराम को फटकार लगाई। कहा कि इतनी गायों की मौत हो गई, यहां तुम क्या कर रहे थे। इसके बाद मंत्री ने जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को साथ लेकर जिस स्थान पर मृत गायों को दबाया गया था, वहां का भी निरीक्षण किया। कान्हा गोशाला में पशुधन मंत्री ने गोवंशीय पशुओं को हरा चारा और गुड़ खिलाया।

इस दौरान सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, धरौरा के विधायक राजीव तरारा, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह, एसडीएम सुनीता कुमारी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, सीओ दीप कुमार पंत, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, गजरौला ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र सिंह, मनोज शर्मा मौजूद रहे।

# ईद उल अजहा आज, अमन के साथ अदा करें नमाज

### उलमा ने की अपील- कुर्बानी के समय सफाई का रखें विशेष ध्यान, कड़ी रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार को ईद उल अजहा मनाई जाएगी। ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के बाद जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा। यह सिलसिला तीन दिन चलेगा। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पुख्ता कर ली है। उलमा ने लोगों से खुले स्थान पर कुर्बानी नहीं करने और पशुओं के अवशेष गड्ढा खोदकर दफन करने की अपील की है।

मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने बताया कि शहर की ईदगाह में सुबह सात बजे नमाज अदा की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे कुर्बानी के समय सफाई का विशेष ध्यान रखें। सभी लोग भाईचारे के साथ ईद उल अजहा मनाएं। इसके लिए रविवार को दिनभर तैयारियां की गईं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा। डीएम राजेश कुमार त्यागी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने ईदगाह पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम ने साफ-सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर ईओ को निर्देश दिए। एसपी ने नमाजियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समय से सभी इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए।



ईदगाह पर तैयारी व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

सुरक्षा व्यवस्था में लगी फोर्स को ब्रीफ किया गया कि धर्मस्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उधर, उलमा ने कहा कि अमन चैन के साथ त्योहार मनाएं। उनका कहना है कि साल में एक बार अल्लाह के लिए कुर्बानी करनी होती है। इसलिए सभी लोग सौहार्द के साथ ईद मनाएं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बकरीद को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस बल के साथ ही पीएसी भी लगाई जा रही है।

#### इस समय होगी नमाज़

ईदगाह अमरोहा – सुबह सात बजे

अनार वाली मस्जिद ( सराय कोहना) –सुबह छह बजे

मस्जिद उसमान ए गनी मोहल्ला हक्कानी– सुबह सवा छह बजे

### खुले में न करें जानवरों की कुर्बानी: मुस्लिम नूरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** गांव कांकर सराय की हुसैनी मस्जिद के इमाम मौलाना मुस्लिम नूरी ने बताया कि ईद–ए–कुरवा हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। मुसलमान इस सुन्नत को बिना किसी को तकलीफ पहुंचाएं अदा करें, जो मुसलमान शरई मालदार है, उन पर कुर्बानी वाजिब है। मुल्क में यह त्योहार 17 जून से 19 तक मनाया जाएगा। इन तीनों दिन ( 17 जून सूर्य उदय से 19 जून सूर्यास्त से पहले तक) मुसलमान जानवरों की कुर्बानी देंगे। मौलाना लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कुर्बानी करते समय अपने हम वतन भाइयों का ख्याल रखें। कुर्बानी में रिया कारी और ( दिखावा) हरगिज न करें। जानवरों की तस्वीर सोशल मिडिया पर शेयर न करें। कुर्बानी खुली जगह पर न करें। कहीं बंद जगह पर इस का इंतजाम किया जाए। जानवरों का खून नाली में न बहाए। वह कुर्बानी के बाद उसके अपशेष गड्ढे में दफन करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हो।

> ईद उल अजहा की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कर लिए गए हैं। ईदगाह समेत चिह्नित स्थानों पर पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी। शरारती तत्वों व संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। लोग परपंरागत अनुरूप से त्योहार मनाएं।
> – कुंवर अनुपम सिंह, एसपी

### सफाई की रहेगी बेहतर व्यवस्था : ईओ

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि ईदगाह और अन्य मस्जिदों के मार्गों पर चूने का छिड़काव कराया गया है। सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से चाक चौबंद रहेगी। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की जाए। गंदगी को तुरंत साफ किया जाए।

## थाना प्रभारी ने ईदगाह में देखीं व्यवस्थाएं

**बुरावली, अमृत विचार :** ईद उल अजहा सोमवार को मनाई जाएगी। इसके लिए तैयारी मुकम्मल कर ली गई है। ग्रामीण क्षेत्र की ईदगाह व मस्जिदों की सफाई का सिलसिला रविवार सुबह से शाम तक चला। कुर्बानी के लिए बकरों व अन्य पशुओं की खरीदारी भी कर चुके हैं। रहरा थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने गांव गंगवार पहुंचकर ईदगाह की साफ सफाई व नमाज को लेकर सुरक्षा इंतजाम के साथ ईदगाह पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा। लोगों से शांतिपूर्ण तरीक से नमाज अदा करने की अपील भी की।

गंगवार पूर्व प्रधान गुड्डु उर्फ परवेज आलम ने बताया कि ईदगाह पर 7:00 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। कारी वकील उर रहमान नमाज अदा कराएंगे। **चौपला की जामा मस्जिद में सुबह 6:45 बजे होगी नमाज : गजरौला :** ईद-उल-अजहा की नमाज जामा मस्जिद चौपला सुबह 6:45 बजे और नगर के मोहल्ला चौहानपुरी वाली मस्जिद में सुबह समय 7:15 नमाज अदा होगी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की सभी मस्जिदों में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



अमरोहा में सम्मानित छात्राओं के साथ संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

### संभल सांसद ने टॉपर्स को किया सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** चौधरी इकबाल मैमोरियल इंटर कॉलेज ढक्का के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉपर्स को संभल से सपा सांसद ने सम्मानित किया। कहा कि बिना मेहनत के कुछ हासिल नहीं हो सकता। इसलिए विद्यार्थी मेहनत के साथ शिक्षा प्राप्त करें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। अमरोहा फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में टॉपर्स को सम्मानित किया। 10वीं की टॉपर सदफ फात्मा व 12वीं की टॉपर सूबी को सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि बिना शिक्षा के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दौरान प्रधानाचार्य मुजम्मिल हुसैन रिजवी, अम्मार हैदर, मंजर शफी आदि मौजूद रहे।



गंगा दशहरा पर शर्बत वितरण करते सोबर्स क्लब के सदस्य।

### सोबर्स क्लब ने राहगीरों को बांटा शर्बत

**अमरोहा, अमृत विचार :** गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में प्रकाश मार्ट कटरा गुलाम में सोबर्स क्लब अमरोहा की ओर से शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान कमलेश चन्द अग्रवाल, विशाल गोयल, अभय आर्य, प्रवीण अग्रवाल, अनुज गोयल, आशीष डाबर, प्रबोध रस्तोगी, रवि मित्तल, सुमित सरन, नवीन अग्रवाल, वरुण माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।



ऑयल कंपनी की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### बैठक में तेल कंपनी के बारे में की चर्चा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के एक होटल में एक ऑयल कंपनी की रिटेलर बैठक हुई। इसमें कंपनी की खूबियों के बारे में बताया गया। नगर स्थित एक होटल के सभागार में कैस्ट्रॉल ऑयल कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर विवेक गुप्ता ने एक रिटेलर बैठक की। सेल्स मैनेजर जगदीश चौहान एवं आयुष यादव ने रिटेलरों को कंपनी के नए ब्रांड के बारे में बताया। सेल्स मैनेजर ने बताया कि कैस्ट्रॉल ऑयल कंपनी ऑयल की दुनिया में सबसे बड़ी कंपनी है और ग्राहकों का विश्वास ही उसकी पूंजी है।

### कार्यशाला में दो शिक्षिकाएं सम्मानित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग व मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन की दो दिवसीय कार्यशाला जनपद कुशीनगर में 14 व 15 जून को हुई थी। जनपद अमरोहा से उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में अमरोहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय भटपुरा सकैनिया की सहायक अध्यापिका मंजरी कौशिक व धनौरा के संविलियन विद्यालय शहबाजपुर गुर्जर की सहायक अध्यापिका प्रीति शर्मा को सम्मानित किया।



प्रशस्ति पत्र दिखातीं शिक्षिकाएं।

## पुत्र की मौत के तीन दिन बाद पिता ने भी दम तोड़ा, कोहराम

संवाददाता, ढबारसी (अमरोहा)

● मां-बेटी के प्रेम प्रसंग से तंग आकर पिता-पुत्र ने कीटनाशक का कर लिया था सेवन

**अमृत विचार :** तीन दिन पहले पत्नी व बेटी के व्यवहार से परेशान पिता-पुत्र ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। इससे पुत्र की मौत हो गई थी। रविवार को उपचार के दौरान पिता ने भी दम तोड़ दिया।

सैदनगली थाना क्षेत्र के एक गांव में किसान का एक परिवार रहता है। परिवार में मां-बेटी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोर ने 10 दिन पहले मां को बहन के प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। गांव में पंचायत हुई, लेकिन मामला नहीं निपटा। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई मांग की थी। लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। इसके किसान व उसके 15 वर्षीय बेटे ने शुक्रवार सुबह कीटनाशक का सेवन कर लिया। किसान के बेटे की मौत हो गई थी और पिता को गंभीर अवस्था में मेरठ के हायर सेंटर रेफर किया था। अस्पताल में उपचार के दौरान रविवार को किसान ने भी दम तोड़ दिया। देर शाम तक परिजन शव को घर लाने के लिए मेरठ रवाना हो गए थे।

थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर गांव निवासी टेकचंद के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शव को मेरठ पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बिजली कर्मचारियों के खिलाफ दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** महिला ने विद्युत निगम के कर्मचारियों पर गाली गलौज व अभ्रदता करने का आरोप लगाया।

उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। गांव चकोरी निवासी गुड्डी पत्नी विनोद ने कोतवाल को तहरीर देकर बताया कि दो दिन पहले उनके विद्युत निगम के कर्मचारी आए थे। केबल में कट लगाकर वीडियो बनाया और अधिक जुर्माना डालने की धमकी दी थी। उसके पति विनोद घर पहुंचे तो उन्हें बताया कि तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजली कर्मचारी रिश्वत लेने के प्रयास में भी लगे रहे। महिला ने बताया कि उसके पति ने तनाव में आकर जहर पी लिया। उसने पति को निजी चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कराया। महिला ने आरोपी बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## फुंके ट्रांसफार्मर को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में आठ दिन से फुंके ट्रांसफार्मर के विरोध में ग्रामीणों ने विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने समस्या का समाधान करने की मांग की।

रविवार को गांव हथियाखेड़ा के ग्रामीणों ने कहा कि ट्रांसफार्मर आठ दिन से फुंका हुआ है। विद्युत निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, जबकि इस ट्रांसफार्मर पर लगभग 30 कनेक्शन हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के चलते पशु व बच्चे पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। गर्मी से जीना दुश्वार हो रहा है। अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सोमपाल सिंह, प्रेम सिंह, राजवीर सिंह, ओंकार सिंह, राजू सिंह, जगत सिंह, महिपाल सिंह, देवराज सिंह, दशरथ, ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, प्रदीप, करन, मनवीर, जगत सिंह, राजेंद्र, सोराज सिंह रहे।



गांव हथियाखेड़ा में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पांच घंटे ठप रही नगर की विद्युत आपूर्ति

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर की विद्युत आपूर्ति पांच घंटे तक ठप रहने से लोगों का भीषण गर्मी में बुरा हाल हो गया। कुछ मोहल्ले में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। विद्युत निगम के अनुसार, 33 केवीए की लाइन पर कार्य होने के कारण आपूर्ति बंद की गई थी। रविवार सुबह 8 :30 बजे नगर की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, जो लगभग पांच घंटे के बाद 1 :30 बजे बहाल की गई। इस बीच लोग बार–बार बिजली घर व अधिकारियों के पास कॉल करते रहे। उपखंड अधिकारी अनूप मिश्रा ने बताया कि 33 केबीए की लाइन को अंडरग्राउंड से ओवर हेड किया जा रहा है।

**मौसम** अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियम और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री रहा

# तेज धूप और तपिश ने लोगों का किया बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। सूरज आग उगल रहा है। तपिश से शरीर झुलस रहा है। रविवार को सूरज की तेज तपिश और भीषण गर्मी अधिक होने के कारण पंखे भी गर्म हवा देते रहे। लोग घरों से नहीं निकल पाए। जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री रहा।

गर्मी के बीच सूरज की तपिश और लू से लोग बेहाल हैं। दोपहर को लोगों की आवाजाही कम हो रही है। नगर के बाजारों में भी लोग सुबह और शाम को खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। आसमान से बरसती आग के कारण मार्ग पर सन्नाटा पसर गया। गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं। शहर के टीपी नगर चौराहा, आजाद रोड, बिजनौर रोड पर इक्का दुक्का लोग ही सड़कों पर दिखाई दिए। रोडवेज बस स्टैंड पर भी सन्नाटा पसरा था। दुकानदार दोपहर के समय हाथ पर हाथ धरे बैठे कूलर के सामने बैठे नजर आए। जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह ने बताया कि मौसम विभाग के द्वारा जारी किए गए अनुमान पर गौर करें तो बारिश के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।



धूप व गर्मी से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा बांधकर जातीं स्कूटी सवार।

### भीषण गर्मी के बीच घरों से निकलना हुआ मुश्किल

**रहरा, अमृत विचार :** दिन प्रति दिन गर्मी बढ़ती जा रही है। घर से निकलते चिलचिलाती धूप, लू के थपेड़े बेहाल कर रहे हैं। रविवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो लोगों का पसीना छूटने लगा। राहगीर गन्ने का रस, बेल के रस, शिकंजी आदि से अपना गला तर कर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते दिखाई दिए। पिछले सप्ताह से लगातार तापमान में हो रही बढ़ोतरी से बाजारों से लेकर मुख्य सड़कों तक पर सन्नाटा छाने लगा है। सुबह से गर्मी अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर देती है। दोपहर होते–होते तापमान 45 के पार पहुंचा। बढ़ती गर्मी से आम आदमी के रोजाना के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। धूप से बचने के लिए लोग अपने मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने को मजबूर हैं। चिलचिलाती धूप की वजह से लोग बेहाल दिखाई दे रहे हैं। आलम यह है कि दोपहर के समय बाजारों व मुख्य चौराहों पर सन्नाटे जैसी स्थिति हो जाती है। लोग जरूरी काम से ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं।

## घर के आंगन में मिला किसान का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में 65 वर्षीय किसान का शव उसके ही घर के आंगन में चारपाई पर मिला। उसके गले पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

गांव सिरसा गुर्जर में किसान कन्हैया उर्फ कालिया का परिवार रहता है। परिवार में उनके भाई सल्लू भी अपने परिवार के साथ अलग रहते हैं। कालिया पर कोई संतान नहीं थी। पत्नी की काफी वर्षों पहले मौत हो चुकी है। वह अकेले अलग घर रहकर पशुपालन और खेती करते थे। रविवार सुबह उनका शव घर के आंगन में चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक के भाई सल्लू के मुताबिक, शनिवार रात्रि वह खाना खाकर सो गए थे। सुबह देखा तो वह मृत अवस्था में चारपाई पर पड़े थे। उनके गले पर चोट के निशान मिले हैं। इससे मृतक के भाई को आशंका है कि उनकी हत्या की गई है। सल्लू ने भाई की मौत की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक पर कोई संतान नहीं थी। वह अकेले रहते थे। उनके नाम पर 20 बीघा जमीन है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### छह बदमाशों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान के दौरान छह बदमाशों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। रविवार को पुलिस ने नगर कोतवाली क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने 6 शातिर बदमाशों के खिलाफ गुंडा एक्ट के कार्रवाई की।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

एक नजर



खनन कार्य में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली।

## रहरा में चल रहा अवैध खनन, जिम्मेदार बेखबर

**रहरा, अमृत विचार :** सरकार अवैध खनन करने वालों पर पाबंदी लगा रही है, लेकिन खनन करने वाले अपना काम नहीं रोक रहे हैं। ये सरकार के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं। गांव रहरा में अवैध खनन पुलिस एवं खनन अधिकारियों की सांठगांठ से चलने का आरोप लगाया। पांच दिन पहले मशीन से अवैध खनन किया गया था। लेकिन एसडीएम का तबादला होने के बाद खनन का कार्य रुक गया था। नए एसडीएम के आने के दो दिन तक खनन नहीं हुआ। लेकिन देर रात रहरा गांव में फिर से खनन शुरू हो गया। इस मामले में एक ग्रामीण ने खनन इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह को फोन किया और खनन रोकने का अनुरोध किया। खनन में 10 से 12 ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगी हुई हैं। एसडीएम सुनीता कुमारी ने बताया कि खनन किसी भी कीमत पर में नहीं होने दिया जाएगा। जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## रुपयों को लेकर साले ने बहनोई को पीटा

**रहरा, अमृत विचार :** रुपये के लेनदेन को लेकर साले बहनोई में मारपीट हो गई। बहनोई के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल बहनोई को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामला थाना रहरा क्षेत्र के गांव भैंसरी का है। गांव निवासी शाहिद अली की ससुराल गांव की है। शाहिद अली ने बताया कि उसकी पत्नी नूरजहां रुपये लेकर बार-बार अपने मायके सैदनगली थाने के गांव सैहलिया पहुंचा देती थी। शाहिद ने रुपये मायके भेजने का विरोध किया तो उसकी पत्नी ने अपने भाई उस्मान को अपनी ससुराल बुला लिया। यहां लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शाहिद अली के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने घायल को सीएचसी रहरा में भर्ती कराया। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि तहरीर पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



बृजघाट स्थित गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



बच्चों का मुंडन संस्कार करातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## पौरारा घाट पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**रहरा, अमृत विचार :** पौरारा गंगा घाट पर गंगा स्नान किया। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचने शुरू हो गए। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स भी तैनात रही। रविवार तड़के से ही गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पुण्य लाभ कमाया। भोर की पहली किरण से ही स्नान का दौर शुरु हो गया,जो कि दोपहर बाद तक चलता रहा। गंगा तट पर मेले का आयोजन भी किया गया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर मां गंगा की पूजा अर्चना कर पुण्य कमाया। श्रद्धालुओं ने दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

### हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजे गंगा घाट, बच्चों का मुंडन संस्कार कराया, पुण्य का लाभ कमाया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर रविवार को लाखों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा घाट पर हर-हर गंगे के जयकारों के साथ स्नान किया। पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। गंगा तट पर मेला भी लगा।

रविवार तड़के श्रद्धालुओं ने बृजघाट और तिगरी गंगा में स्नान करना शुरू किया। उन्होंने सूर्य की पहली किरण के साथ गंगास्नान किया और सूर्य को अर्घ देकर गंगा मां की आरती की। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली राज्यों के अलावा मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल आदि जनपदों के श्रद्धालु गंगास्नान करने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम पहुंचे थे। भोर के चार बजे तक गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया।

इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा को देखते हुए गंगा की गहराई होने पर खतरे का निशान लगाते हुए बैरीकेडिंग की गई थी। नाव में बैठकर पुलिस कर्मी व पीएसी की टीम ने श्रद्धालुओं पर नजर बनाए रखी।



रहरा के पौरारा गंगा घाट पर स्नान करते लोग। ● अमृत विचार



हसनपुर में पूठ गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## खोया-पाया केंद्र पर लापता बच्चों को मिलाया

**गजरौला, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर बृजघाट में मेले में अपनों से बिछुड़े बच्चों को मिलने के लिए खोया पाया केंद्र बनाया गया। इस दौरान केंद्र पर खोए हुए बच्चों को मिलाया गया।

## पूठ घाट पर हजारों लोगों ने किया स्नान, मेले में बच्चों ने की मस्ती

**हसनपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर पूठ गंगा धाम स्थित गंगा में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। रविवार को भोर से ही गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। सूर्य को अर्घ्य देकर मां गंगा को पुष्प और दीप अर्पित कर पुण्य कमाया। बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया गया। गंगा घाटों पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। पुलिस की सतर्कता के चलते श्रद्धालुओं को गंगा घाट तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। गंगा घाट हर हर गंगे के जयकारों से गुंजायमान रहे। रविवार को गंगा ज्येष्ठ दशहरा पर गंगापूठ धाम पर गंगा स्नान के लिए सुबह से ही आसपास के गांव गंगाचोली, सतैड़ा, मटैना, दियावाली खालसा, अल्लीपुर खादर, लुहारी खादर, करन खाल, बाईखेड़ा, शाहपुर खुर्द, शाहपुर कलां, डगरोली, गुलामपुर, भैंसरोली, पिपलोती खुर्द, हसनपुर आदि स्थानों के श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए। तड़के चार बजे तक गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। गंगा में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सूर्य को अर्घ्य देकर पुण्य कमाया। गंगा तट पर मेले का आयोजन भी किया गया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पूजा अर्चना कर सत्यनारायण भगवान की कथा का भी पाठ कराया। श्रद्धालुओं ने पंडितों को दान दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। गंगा तट पर लगे मेले में बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। महिलाओं एवं युवतियों ने मेले में मीना बाजार से सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुओं की खरीदारी की।



गजरौला में हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

## नेशनल हाईवे पर लगा जाम

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ दशहरा पर्व पर रविवार को गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। भीषण गर्मी से जाम में फंसे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर दोपहर तक जाम लगा रहा। इसके बाद भी वाहन घंटों तक धीमी रफ्तार से चलते रहे। जाम खुलवाने में पुलिस का पसीना छूट गया।

ज्येष्ठ दशहरा पर गढ़मुक्तेश्वर की ओर से बृजघाट गंगा पुल पर वाहन थमने के कारण गजरौला की ओर दो किलोमीटर दूर तक भीषण जाम लग गया। पांच घंटे तक श्रद्धालुओं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह आठ बजे से दोपहर तक जाम लगने के कारण भीषण गर्मी में लोग बिलबिला गए। घंटों की मशक्कत से पुलिसकर्मियों ने बमुश्किल जाम खुलवाया। जिसके बाद जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर से बृजघाट गंगा पुल पर श्रद्धालुओं के वाहनों के आने के कारण जाम के हालात बने थे। वहीं रविवार को ज्येष्ठ दशहरा पर्व पर गंगा में स्नान करने के लिए बृजघाट में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। भोर होते ही ट्रेन, रोडवेज और निजी बसों और निजी वाहनों से श्रद्धालुओं का रैला पहुंचना शुरू हो गया।

# आर्य समाज मंदिर में विश्व कल्याण पर्यावरण शुद्धि के लिए किया यज्ञ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** आर्य समाज मंदिर परिसर में रविवार सुबह वैदिक यज्ञ अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रहम्त्व में संपन्न हुआ। यज्ञ में ईश्वर स्तुति स्वस्तिवाचनम शांति करणम महामृत्युंजय मंत्र एवं देश में खुशहाली व समाज में सुख शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, दीर्घायु और पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई।

मुख्य यज्ञमान राजनाथ गोयल रहे। महर्षि दयानंद ने रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का वाचन विशाल आर्य, आर्य समाज के नियम शिवम रस्तोगी एवं संगठन सुक्त अनिल जग्गा ने प्रस्तुत किए। आर्य समाज के प्रधान अभय आर्य ने कहा कि यज्ञ वेदों का मूल है। नित्य यज्ञ करने से जहां वातावरण शुद्ध होता है, वही घर में सुख शांति आती है। वेद हमें हमारी प्राचीन संस्कृति से परिचित कराते हैं।

देवांश कुमार के जन्मदिवस के अवसर पर परमपिता परमात्मा से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य यज्ञमान के रूप में राजनाथ गोयल, मंत्री नत्थू सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, चन्द्रेश कुमार, अनुज कुमार, शिवम रस्तोगी, रोहित गोयल, सतीश आर्य, डॉक्टर जगत सिंह आदि मौजूद रहे।



यज्ञ करते आर्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में एक महिला को ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटकर घर से निकाल दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

गांव नानक नगली उर्फ नगलिया में अहमद हसन का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी रुखसाना की शादी क्षेत्र के ही गांव बोरीबोरा निवासी कासिम से की थी। इसके बाद ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वालों ने रुखसाना से मायके से पांच लाख रुपये और कार लाने को कहा। अहमद हसन का आरोप है कि जब बेटी ने मारपीट का विरोध किया तो ससुराल वालों ने उसकी जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पति समेत तीन के खिलाफ पुलिस में तहरीर देकर मामला दर्ज करा दिया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

योग सप्ताह — वासुदेव तीर्थ मंदिर परिसर में किया गया योगाभ्यास

# हमारी आत्मा को शुद्ध करता है योग : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** योग सप्ताह के दूसरे दिन वासुदेव तीर्थ मंदिर परिसर में योगाभ्यास हुआ। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पालिका अध्यक्ष शशि जैन व अन्य लोगों ने योग किया। डीएम ने लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस बार दसवां अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह मनाया जा रहा है। पहले दिन मिनी स्टेडियम में योगाभ्याय किया गया। रविवार को दूसरे दिन वासुदेव तीर्थ मंदिर परिसर में योगाभ्यास किया। यहां डीएम, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष, ईओ डॉ. बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारियों, शहर के लोगों ने योग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि योग से न केवल व्यक्ति के मन का तनाव दूर होता है बल्कि मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। योग प्रशिक्षक नितीश भारद्वाज द्वारा योग की सभी विधाओं में योग अभ्यास कराया गया।




योगाभ्यास करते डीएम राजेश कुमार त्यागी, ईओ डॉ बृजेश सिंह। ● अमृत विचार

## पालिकाकर्मियों ने किया योग

**हसनपुर, अमृत विचार :** पालिका परिसर में रविवार को योग शिविर का आयोजन हुआ। पालिका स्टाफ को योग कराया। 15 जून से लेकर 21 जून तक एक सप्ताह योग शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। रविवार सुबह सात बजे योग शिविर का प्रारंभ हुआ और आठ बजे समापन हुआ। योग शिविर में पालिका के समस्त स्टाफ ने योग किया। कर्मचारियों ने नगर वासियों से अपील की कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग अवश्य करें, क्योंकि योग से रोग खत्म होते हैं। इस मौके पर करन सिंह, दिनेश कुमार,मनी कुमार, दीपक अग्रवाल, कौशल गुप्ता, अरशद आदि मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह पार्क में किया योग

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के कलाली रोड स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कर्मचारियों, सभासदों व नागरिकों के साथ योगा किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि योग एक पूजा है, विज्ञान है। दुनिया भारत की योग एवं जीवन शैली का लाभ उठा रही है। योग के बल पर हमारे पूर्वज हजारों साल का जीवन जीते थे। अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार यादव ने कहा कि यह अपने देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के गांधी विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी नगर वासियों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। योगा कार्यक्रम में डॉ. चंद्रपाल सैनी ने योग सिखाया। इस अवसर पर उमेश कुमार, सोनू बाबू, रविंद्र यादव, विशाल शर्मा, विवेक अग्रवाल पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, गंभीर

**संभल/रजपुरा अमृत विचार** : रजपुरा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। रजपुरा थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवक की शादी जुनावई थाना क्षेत्र के एक गांव से करीब आठ वर्ष पहले हुई थी। रविवार को घरेलू विवाद के चलते युवक की 28 वर्षीय पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन करके जान देने की कोशिश की। महिला की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा लेकर आए। जहां डॉक्टर ने महिला का उपचार शुरू कर दिया।

### ट्रक खराब होने से लगा दो घंटे जाम

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार** : राजस्थान से प्लाईवुड लादकर चालक शनिवार को ट्रक लेकर रामपुर के लिए चला था। रविवार की तड़के चालक ट्रक लेकर जैसे ही कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर गांव शकरपुर के पास पहुंचा। अचानक से ट्रक खराब हो गया। जिसकी वजह से सड़क के दोनों ओर ढ़ाई-ढ़ाई किलोमीटर लंबा वाहनों का जाम लग गया। सुबह आठ तब बजे तक चालक वाहन लेकर जाम में फंसे रहे। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जाम नहीं खुलवाया तो वाहनों में बैठे लोग पुलिस को कोसते रहे।

### सिरसी में लगा जाम तो फंसे वाहन, लोग हुए परेशान

**संभल/सिरसी अमृत विचार** : संभल-मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी में चल रहे सड़क निर्माण के चलते रविवार को दोपहर में जाम लग गया। तमाम वाहनों दोनों तरफ फंस गए और रेंगते हुए चले। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। काफी देर बाद जाम खुल सका तो वाहनों ने रफ्तार पकड़ी। बताते चलें कि सिरसी में कई महीनों से सड़क का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चलने के कारण आये दिन जाम लगता है और लोग परेशान रहते हैं।

संभल की खबरें पेज 12 पर भी

# मेड़ के विवाद में महिला की गोली मारकर हत्या

## एसपी ने घटनास्थल का किया मुआयना, पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, घटना से गांव में तनाव

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार** :कोतवाली क्षेत्र के गांव भोजराजपुर में खेत की मेड़ के झगड़े में दिनदहाड़े महिला की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। द्विपक्षीय रंजिश के चलते हत्या की घटना से गांव में तनाव है। आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े हैं। एसपी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं परिजनों ने हत्या के लिए हल्का दरोगा को जिम्मेदार ठहराते हुए जाम लगाने के लिए शव को ले जाने की कोशिश की।

गांव भोजराजपुर निवासी छोटेलाल और हरेंद्र में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आये दिन दोनों पक्षों में झगड़ा होता रहता है। रविवार को सुबह करीब 10 बजे छोटे लाल पुत्र चंद्रकेश शौच करके लौट रहा था। रास्ते में भाई जयपाल की पत्नी माया (24 वर्ष) मिल गई तो वह उससे बात करने लगा। आरोप है कि तभी दूसरे पक्ष के हरेन्द्र, छोटे, नरसी, सतीश और कुमरपाल आ गए। छोटेलाल से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोपी लाठी डंडों से लैस थे जबकि हरेंद्र पर तमंचा था। इस बीच हरेंद्र ने छोटेलाल के ऊपर तमंचा तान दिया तो माया बचाने के लिए आगे आ गई। इस पर हरेंद्र ने माया को गोली मार दी। दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात से गांव में शोर मच गया तो मौका पाकर आरोपी भाग गए। परिजन घायल माया को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छोटेलाल की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी मौके पर जांच पड़ताल की।


महिला की हत्या के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

> पुलिस को सूचना मिली कि महिला को गोली लगी है तथा अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने तहरीर दी है। जिसमें हरेंद्र पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच पूर्व की रंजिश प्रकाश में आई। सभी तथ्यों की जानकारी करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना के संबंध में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।
>
> –कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी

### जाम लगाने के लिए शव ले जाने की कोशिश

गुन्नौर अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में माया के शव के साथ आए परिजनों ने हत्या के लिए हल्का के दरोगा को जिम्मेदार ठहराते हुए जाम लगाने के लिए शव को सीएचसी से बाहर ले जाने की कोशिश की। परिजन स्ट्रेचर में रखे शव को बाहर परिसर तक ले आए। तभी पुलिस ने रोका तो परिजनों और पुलिस के बीच खींचातानी हुई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई का भरोसा दिया। तब लोग माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

# गंगा स्नान के दौरान हाथरस की डूबी महिला का शव मिला

संवाददाता,संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ दशहरा पर गंगा स्नान के दौरान गंगा में एक महिला का शव उतराता मिला। पुलिस के अनुसार महिला हाथरस जनपद की रहने वाली थी जो बुलंदशहर जनपद के गंगा घाट पर गंगा स्नान करते समय डूब गई थी।

रविवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में गांव फरीदपुर के निकट गंगा में एक महिला का शव लोगों ने बहता देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लिया तभी महिला के परिजन भी मौके पर आ गये। उन्होंने महिला की शिनाख्त पूनम पत्नी नीरज निवासी रेलवे रोड हाथरस के रूप में की। बताया कि पूनम अपने पति नीरज व अन्य परिजनों के साथ बुलंदशहर जनपद के गंगा घाट पर दशहरा स्नान कर रही थी तभी वह अचानक डूब गई थी। उसे वहां तलाशा लेकिन पता नहीं चल पाया। पूनम का शव बहते हुए गंगा के दूसरी तरफ संभल जनपद की सीमा में आ गया। परिजन बिना कार्रवाई के ही महिला का शव ले गये।

### कमरे में फंदे पर लटका मिला ग्रामीण का शव

**धनारी, अमृत विचार** : धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 32 वर्षीय व्यक्ति रविवार की दोपहर 12 बजे खाना खाकर सोने के लिए अपने कमरे में गया था। दो बजे किसी काम को लेकर परिजनों ने जगाने के लिए व्यक्ति को कमरे के पास पहुंचकर आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक व्यक्ति कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा। व्यक्ति छत में लगे लोहे के हुक में रस्सी के फंदे पर लटक हुआ था। जिससे परिजनों की चीख निकल गई। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों की मदद से परिजनों ने फंदा खोल कर व्यक्ति को नीचे उतारा, लेकिन तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए व्यक्ति के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# कई बीमारियों में योगासन लाभकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के दूसरे दिन लोगों को विभिन्न योगासन कराए गए। योगासनों का महत्व बताते हुए कहा कि लोग इन्हें दिनचर्या में शामिल करेंगे तो कई बीमारियों में लाभ होगा।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति व नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वावधान में नगर के शंकर इंटर कॉलेज परिसर में चल रहे योग शिविर के दूसरे दिन राज्य कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ऐरन, गगन वार्ष्णेय, मनोज अग्रवाल, अजय गुप्ता सर्राफ, सुमन शर्मा, श्वेता शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुभारंभ किया। मुख्य योग शिक्षक कुलदीप ऐरन, कृष्णा ग्रेवाल, संजय देवल ने योग साधकों को योगाभ्यास कराया। बताया कि डायबिटीज, थायराइड और पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में कौन से योगासन लाभकारी हैं। कुलदीप ऐरन ने मधुमेह बीमारी के बारे में बताया कि जब हमारी पेनक्रियाज बीटा सेल्स बनाना बंद कर देती है तो ब्लड में शुगर की मात्रा बढ़ने लगती है। योग के माध्यम से पेनक्रियाज को स्वस्थ रखने के साथ-साथ बीटा सेल्स को दोबारा जेनरेट किया जा सकता है। कृष्णा ग्रेवाल ने शुगर में लाभकारी आसनों के बारे में प्रकाश डाला। कहा कि मंडूकासन करने से भी डायबिटीज रोगियों को फायदा मिलता है। संजय देवल ने थायराइड की समस्या में लाभकारी आसनों के बारे में बताया।

इस दौरान डॉ. बीपी सिंह, प्रियांशु जैन, योगेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, कृष्ण कुमार एडवोकेट, सुधीर भारद्वाज, मोहित अग्रवाल, डॉ. प्रदीप त्यागी, हरनाम सिंह, रेनू वार्ष्णेय, चंचल गुप्ता, नीरू, सिमरन, सीमा शर्मा, सीमा गुप्ता, ऊषा अग्रवाल, अंजू गुप्ता, मुदिता, श्वेता तिवारी, गीता सिंह, रेखा त्यागी, नीलू त्यागी, रीना रस्तोगी आदि रहे।


शंकर कालेज में योगासन करते लोग। ● अमृत विचार

● शिविर में दूसरे दिन साधकों को कराए विभिन्न आसन

# रंगोली प्रतियोगिता में सरोजनी नायडू की छात्राओं ने बाजी मारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गोशाला रोड स्थित सेलिब्रेशन हॉल में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 21 जून को होने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन योग दिवस एवं पर्यावरण संरक्षण की थीम पर किया गया। छात्राओं ने तीन ग्रुप में रंगोली बना कर प्रतिभा को उजागर किया। प्रतियोगिता में आराधना सैनी, अनाया गुप्ता, मानवी सैनी, आरती, ज्योति, श्रेया, श्रद्धा, पूनम मौर्य, जागृति, प्रगति गोयल, अन्नया वार्ष्णेय, अंशिका वार्ष्णेय, अहाना आहूजा ने प्रतिभाग किया। सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल ने प्रथम स्थान, बीएमजी इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान, जीके सिल्वर स्टोन के बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


योग दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली बनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

### स्वस्थ काया के लिए लोगों ने किया योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। नगर के रामबाग धाम स्थित बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में रोजाना की तरह रविवार को भी योगाभ्यास किया गया। जिसमें शहर के महिला व पुरुष नागरिकों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और स्वस्थ काया के लिए योगाभ्यास किया। योग गुरू संदेश कुमार ने लोगों ने प्राणायाम, कपालभाति समेत विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास कराया। साथ जलपान की व्यवस्था की गई। आरोग्य सदन के स्वामी फूलप्रकाश वार्ष्णेय व भुवनेश वार्ष्णेय ने बताया कि बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में रोजाना प्रात काल में सुबह साढ़े पांच से सात बजे तक और सांय काल में पांच बजे से छह बजे तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### आरोग्य मेले में 2764 मरीजों का नि:शुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार** : संभल जिले में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे 153वें मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2764 मरीजों का नि :शुल्क उपचार हुआ। 179 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 39 चिकित्सकों और 108 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1103 पुरुषों, 1109 महिलाओं और 652 बच्चों का निशुल्क उपचार किया। 126 लोगों की एंटीजन टेस्ट किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 179 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। आयुष विभाग के चिकित्सकों ने सहयोग किया। डीएम के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया। मेले का सीएमओ डॉ .तरन्नुम रज़ा, एसीएमओ डॉ .पंकज कुमार विश्नोई, डिप्टी सीएमओ डॉ .हरवेन्द्र सिंह, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चन्द्र शर्मा आदि ने निरीक्षण किया।


हज़रत मुस्लिम की शहादत पर मातम करते शिया। ● अमृत विचार

### हज़रत मुस्लिम की शहादत पर किया मातम, मजलिस हुई

**सिरसी, अमृत विचार** :सिरसी में निकले हजरत मुस्लिम की शहादत पर शबीए ताबूत के जुलूस अंजुमनों ने नोहा ख्वानी की। इमाम बारगाह मोहल्ला शर्की सादात में अंजुमन जुल्फकारे हैदरी की और से मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सिया अली अजमल व उनके हमनवा ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना मुनव्वर रजा ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन के चचेरे भाई मुस्लिम बिन अकील को ईराक के कूफ़ा में जालिमों ने शहीद कर दिया था। जिसे सुनकर अजादारों की आखों में आंसू आ गए। मजलिस के बाद हजरत मुस्लिम कदीमी शबीए ताबूत का जुलूस बरामद किया गया। जिसमें अंजुमनों ने नोहा खानी की। दूसरी ओर इमाम बारगाह इमाम रजा में हुई मजलिस में मर्सिया नसीमुल हसन ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना सफी असगर नजमी ने खिताब किया। मजलिस के बाद शबीए ताबूत बरामद हुआ जुलूस में अंजुमन जुल्फकारे हैदरी, गुलदस्ता ए हैदरी, हाशमी, हैदरी, पन्जेतनी, दिलदारे हुसैनी, कारवाने हुसैनी, सफ़ीना ए अजा, मीसम ए अजा और ने नोहा पढ़ा और मातम किया।

### मजाक में थप्पड़ दिखाने पर दो लोगों में चले लात घूंसे

**संभल, अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल के पास ई रिक्शा में सवार किशोर ने अपने परिचित दुकानदार को मजाक में थप्पड़ दिखा दिया। इसी बात को लेकर हुए विवाद में दुकानदार व किशोर के बीच सरे राह जमकर लात घूंसे चले। कोतवाली क्षेत्र में शंकर चौराहे से किशोर रविवार की शाम साढ़े चार बजे एक महिला के साथ ई रिक्शा में सवार होकर यशोदा चौराहे की ओर जा रहा था। जान-पहचान होने की वजह से जिला अस्पताल के पास नारियल का ठेला लगाने वाले दुकानदार को किशोर ने मजाक में थप्पड़ दिखा दिया। जिससे दुकानदार का पारा चढ़ गया और दौड़कर दुकानदार ने जिला अस्पताल के गेट के पास चालक से ई रिक्शा रुकवा लिया। थप्पड़ दिखाने की बात को लेकर किशोर व दुकानदार के बीच गाली गलौज होने लगी। जिसके बाद किशोर ई रिक्शा से नीचे उतरकर आ गया और विवाद इतना बढ़ गया कि दुकानदार व किशोर के बीच जमकर घूंसे चले।

### शिविर में स्वच्छता मित्रों की हुई जांच

**बबराला, अमृत विचार** :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। नगर पंचायत कार्यालय में लगे स्वास्थ्य शिविर में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन सिंह के निर्देशन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गंगवार की टीम ने स्वच्छता मित्रों का परीक्षण कर उन्हें दवा और सलाह दी। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, विकास शर्मा, सत्यराम, रामदास, सचिन यादव, पूनम यादव सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# शानो शौकत से निकला चादर का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :शाह अली मुत्तकी इसराईली चिश्ती कादरी के उर्स के मौके पर चादर का जुलूस निकाला गया। कुल शरीफ में अमन शांति व भाईचारे के लिए दुआ की गई। शाह अली मुत्तकी की शान में कलाम सुनकर अकीदतमंद झूमते रहे।

नगर से सटे अली सराय मंडी किशनदास सराय में शाह अली मुत्तकी इसराईली चिश्ती कादरी के सालाना उर्स के मौके पर शाह अली मुत्तकी मियां के खान वादे की ओर से मौलाना जिहानत हुसैन इसराईली वारसी के निवास से चादर उठी।

चादर जुलूस विभिन्न मार्गों से होकर दरगाह शरीफ पहुंचा। जहां गिलाफ पोशी, गुलपोशी और कुल की रस्म परंपरागत तरीके से अदा हुई। गिलाफ जुलूस दरगाह के नाजिमे आला मनाजिर हुसैन वारसी के नेतृत्व में अकीदत के साथ निकाला गया। कुल शरीफ में शहर इमाम शाही जामा मस्जिद संभल हजरत मौलाना आफताब हुसैन वारसी ने मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ कराई।

महफिले समां में गुलाम वारिस (देवा) कव्वाल ने शाह अली मुत्तकी की शान में कलाम पेश कर अकीदतमंदों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। गिलाफ पोशी मे सरपरस्त बिलापत दरगाह के सज्जादा नशीन डॉ. हसन मियां वारसी, शहर इमाम मौलाना आफताब हुसैन वारसी, सईद अख्तर ईसराइली, सलमान नबी संभली, यासूब हुसैन वारसी, उमर तुर्की, अजीम सैफी, हबीब वारसी, फिरोज अशरफी, हाजी अजीम, नूर उद्दीन मंसूरी, लतीफ वारसी, मुशाहिद मंसूरी, आसिफ वारसी आदि रहे।


शाह अली मुत्तकी इसराईली चिश्ती कादरी के उर्स के कुल शरीफ में मौजूद लोग।

● कुल शरीफ में हुई दुआ, गुलाम वारिस कव्वाल ने शाह अली मुत्तकी की शान में कलाम पेश किया

# बकरीद को लेकर तैयारी पूरी, अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार**: जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद मनाने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं तो पुलिस प्रशासन की ओर से भी इंतजाम किए गए हैं। ईदगाहों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों के आसपास विशेष सफाई के साथ ही अधिकारियों को सतर्क दृष्टि बनाए रखने के लिए तैनात किया गया है। विभिन्न प्वाइंटों पर पुलिस के जवान मुस्तैद किए गए। इस बीच रविवार को रात एसपी ने संभल में पैदल मार्च कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

बकरीद को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कुर्बानी के लिए बकरे खरीदे हैं तो कपड़ों और अन्य वस्तुओं का भी इंतजाम किया गया है। लोग सोमवार को ईदगाहों और मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा करेंगे। जिसे लेकर प्रशासन की ओर से इंतजाम किए गए हैं। बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक एवं सदभावना से संपन्न कराने के लिए संभल तहसील क्षेत्र को ही सात सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं तो दूसरे क्षेत्रों में भी कड़े सुरक्षा एवं निगरानी के प्रबंध किए गए हैं। ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई कराई गई तो बिजली, पानी के लिए भी इंतजाम पूरे किए गए हैं। नगर पालिका परिषद संभल ने कुर्बानी के बाद मलबे और ओझ उठाने के लिए वार्डों में ट्रैक्टर ट्रालियों को लगाया है। किसी तरह की कोई नई परंपरा न होने पाए इसके लिए कड़ी निगरानी की जाएगी।


अधीनस्थों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

### एसपी ने सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

**संभल अमृत विचार** : एसपी कुलदीप सिंह गुनावत रविवार को रात संभल में शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे। यहां से एसपी ने एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी और पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। एसपी ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को निर्देश दिए। खग्गू सराय तिराहा पर एसपी ने खुद ड्रोन कैमरे को चलाया। निगरानी करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए।


भवालपुर में सम्मानित किये गये खिलाड़ी व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

संवाददाता,संभल/मनोटा

**अमृत विचार**: गांव भवालपुर बांसली में पैसल स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. सुमेधा प्राचार्य श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच रहे विशिष्ट अतिथि निर्भय चौधरी ने एशियाई व नेशनल खिलाड़ी और प्रदेश स्तर पर पदक विजेता 35 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिसमें दीक्षा चौधरी एशियाई खिलाड़ी, हर्षित चौधरी एशियाई, गोल्ड मेडल हैमर थ्रो अनुराग चौधरी, एशियाई गोल्ड मेडल शॉट पुट रेनू, अंकित शर्मा, गौरव चौधरी,अंशु, झलक, आंचल, अभय चौधरी, ऋतिक, हार्दिक, पुलकित ,यश तोमर, मानसी, नैंसी, शगुन ,कुणाल ,अंशिका ,पलक चौधरी, सृष्टि ,अभय राघव ,तनिष्क ,अवनीश ,देवांग चौधरी ,सिमरन बेनीवाल ,दीपांशी ,हिमांशी, आदित्य ,अभिनव ,जीतू पैसल ,कृतिका ,सोनम आदि को सम्मानित किया। इस दौरान प्रदीप गिल अध्यक्ष वालीबॉल फेडरेशन उत्तर प्रदेश, कैप्टन नरेंद्र सिंह, कैप्टन डालचंद, संस्था में डायरेक्ट डॉ. संतोष फैसल आदि रहे।

**रेसलिंग चैंपियनशिप** | अब राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे विजेता खिलाड़ी

# कुश्ती में संभल के 6 खिलाड़ी बने विजेता, 4 को मिला गोल्ड

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार** :लखनऊ के जवाहरलाल नेहरू युवा केंद्र पर आयोजित 15 वीं उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में संभल जनपद के 6 खिलाड़ी विजेता बने। आयुषी,पलक,तराना व महेंद्र सिंह ने गोल्ड मेडल जीता। विजेता सभी खिलाड़ी अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

जिला संभल आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव आर्य भोले सिंह त्यागी ने बताया कि 13 जून से 16 जून तक आयोजित बालिका सब जूनियर वर्ग में 60 किलोग्राम भार में संभल जनपद की आयुषी सागर ने गोल्ड मेडल जीता। जूनियर वर्ग 60 किलोग्राम भार वर्ग में पलक मलिक ने जबकि प्लस 70 किलोग्राम भार वर्ग में तराना ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। बालक वर्ग के जूनियर 55 किलोग्राम भार वर्ग में अबूजर ने लेफ्ट और राइट हैंड दोनों में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

60 किलोग्राम भार वर्ग में बाकर रहमानी ने सिल्वर मेडल जबकि दिव्यांग 60 किलोग्राम भारवर्ग में महेंद्र सिंह गोल्ड मेडल जीता। 60 किलोग्राम भारवर्ग वर्ग में ही अली वारिस ने सिल्वर मेडल जीता। राजवीर सिंह, जीवन सिंह मनोज और सुमित ने भी अपने-अपने वजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन मेडल से चूक गये। संभल जिले के जिन खिलाड़ियों ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते हैं उनका चयन महाराष्ट्र में होने वाले राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन पर जिला संभल आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत सिंह यादव ने टीम को बधाई दी।



लखनऊ में मेडल के साथ संभल जनपद के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य : क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

# वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'




प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

**इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।**

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।



**अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमश: बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।**

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ, लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

## प्रसंगवश

# नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण



डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

**हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अत: हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।**

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

## सोशल फोरम

# भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

**-फेसबुक वॉल से**

# पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

**पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।**

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है,उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

# बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### तिखूंटी वाले बाबा समाधि स्थल पर मेला शुरू

**रेहड़, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हरिकिशनपुर में सिद्ध स्थान तिखूंटी वाले बाबा समाधि स्थल पर 11 दिवसीय मेले का आरंभ पाकेश कुमार शर्मा ने किया। ग्राम प्रधान के पति हरिकिशनपुर हुकुम सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन से 11 दिन तक चलने वाले मेले में विभिन्न धार्मिक एवं संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। मेला उद्घाटन से पूर्व 501 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जो तिखूंटी वाले बाबा के स्थान से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होकर मां चामुंडा मंदिर की परिक्रमा कर पुन तिखूंटी वाले बाबा पर आकर सम्पन्न हुई। इस दौरान विजय सिंह, मदन सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, महिपाल सिंह रहे।

### गोवंश को ले जाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले निराश्रित गोवंश को पकड़कर कटान के लिए महाराष्ट्र ले जाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोतस्कर निराश्रित गोवंशों से भरा कैंटर छोड़कर फरार हो गए थे। एक सप्ताह पूर्व रात में करीब साढ़े ग्यारह बजे पुलिस ने मोहल्ला जोशियान के निकट एक कैंटर को पकड़ा था। इसमें 15 गोवंश को भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इकराम उर्फ भूरा पुत्र खलील निवासी ग्राम बहेड़ा थाना ककरोला जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी ग्राम तरकौला नहटौर, सलीम उर्फ सालीम पुत्र जहूर हसन निवासी ग्राम मिद्दी थाना फकरपुर जिला यमुनानगर हरियाणा, धर्मवीर सिंह पुत्र जय सिंह निवासी मोहल्ला डेरा कॉलोनी थाना लाडवा जिला कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गाड़ी धर्मवीर की है और निराश्रित गोवंशों को पकड़कर कटान के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे।

### फीडर लगाते समय करंट से बिजलीकर्मी झुलसा

**सहसपुर, अमृत विचार :** सहसपुर बिजली घर में एसएसओ अर्जुन सिंह ने फीडर लगाने की कोशिश की तो करंट फैल गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें मुरादाबाद रेफर किया गया। हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें मेरठ रेफर किया गया। इस दौरान बिजली नहीं मिलने से लोग परेशान रहे। लोग ठंडे पानी को भी तरस गए। गर्मी अधिक होने के कारण लोग और बच्चे बिलबिला उठे। सहसपुर में 10 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि फीडर की वजह से पूरे बिजली घर में करंट दौड़ता रहा। एक कर्मचारी झुलस गया हैं।

# आज मनेगी ईद उल अजहा खुले में नहीं होगी कुर्बानी

## ईदगाह पर सात बजे और जामा मस्जिद में 7:15 बजे होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



ईदगाह। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। इसे लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उत्साह नजर आया। रविवार देर रात तक बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ देखने को मिली। कुर्बानी के लिए लोगों ने बकरों की खरीदारी की। पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

शहर काजी माजिद अली ने बताया कि ईदगाह पर सात बजे नमाज अदा की जाएगी। चाहशीरी जामा मस्जिद में 7:15 बजे नमाज होगी। ईद उल अजहा पर सुरक्षा इंतजामों को पुख्ता बनाए रखने के लिए खाका तैयार किया गया है। सेक्टर व्यवस्था को लागू करते हुए जिले को छह जोन और 21 सेक्टर में बांटा गया है। 146 सब सेक्टर में बांटा गया है। नमाज ईदगाह परिसर में ही अदा की जा सकेगी। बाहर सड़क पर नमाज अदा करने की मनाही है। अपर पुलिस अधीक्षक अपने-अपने सुपर जोन में निगरानी रखेंगे, जबकि जोन की जिम्मेदारी सर्किल के सीओ को दी गई है। इसके साथ ही सभी थानों में शांति समिति की बैठक पहले ही की जा चुकी है।

> बकरीद को लेकर जिले में सेक्टर व्यवस्था लागू कर दी गई है। छह जोन और 21 सेक्टर में बांटा गया है। त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस लगातार निगरानी और गश्त करेगी। – नीरज कुमार जादौन, एसपी

पुलिस की ओर से लोगों को नई परंपरा की शुरुआत नहीं करने और चिह्नित जगह पर ही कुर्बानी करने की अपील की गई है। साथ ही शरारती तत्वों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

उधर, नगर पालिका बिजनौर के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि ईद पर कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेष दबाने के लिए गड्ढे खोद लिए गए हैं। अतिरिक्त कर्मचारी और ट्रैक्टर ट्राली की व्यवस्था की गई है। लगातार पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूपों पर जेनरेटर की व्यवस्था रहेगी।



हादसे के बाद लोगों को कोल्डड्रिंक पिलाते भाकियू कार्यकर्ता। • अमृत विचार

# डीसीएम और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में किसान घायल

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात मार्ग पर ब्लॉक के पास हरिद्वार में किसानों के चिंतन शिविर में शामिल होने जा रहे किसानों की डीसीएम की एक ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गई। इससे एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत का हरिद्वार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर चल रहा है। लखनऊ से किसान शिविर में शामिल होने के डीसीएम से हरिद्वार जा रहे थे। बताया कि कोतवाली देहात मार्ग पर ब्लॉक के पास डीसीएम की एक ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गई। लखनऊ के थाना चिनहट के धामा इलाके का किसान जगजीवन गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घायल की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। किसानों की डीसीएम टकराने की सूचना पर भाकियू टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी सीएचसी में पहुंच गए और घायल की जानकारी ली।

# भाकियू नेता और किसान पक्ष के बीच संघर्ष, सात हुए घायल

संवाददाता, रेहड़

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मच्छमार में घेर पर अवैध कब्जे को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें दो पक्षों के सात लोग घायल हो गए।

गांव मच्छमार निवासी प्रमोद चौहान का कहना है कि गांव में उनका एक घेर है। जिसमें उनकी पशुशाला भी है। आरोप है कि रविवार दोपहर दूसरे पक्ष के भाकियू सामाजिक के ब्लॉक अध्यक्ष खूब सिंह सैनी ने छह से अधिक लोगों के साथ उनके घेर पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। इसे लेकर दोनों पक्षों में संघर्ष हो गया। संघर्ष में प्रमोद चौहान, पत्नी बीना देवी, बेटी नीतू, नेहा पत्नी मनोज कुमार एवं विनोद कुमार घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के भीम सिंह निवासी गांव दुल्हापुर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद, भोलू पुत्र कल्लू निवासी रेहड़ घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंचकर हालात को काबू किया। थानाध्यक्ष धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि खूब सिंह सैनी का कहना है, जिस घेर पर प्रमोद चौहान का कब्जा है। उस घेर को प्रमोद के पिता स्वर्गीय हरगोविंद सिंह ने उसे बेच दिया था। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

प्रमोद की ओर से खूब सिंह सैनी आदि के विरुद्ध तहरीर दी गई है। उधर, भाकियू सामाजिक के जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद प्रजापति ने बताया कि अनुशासनहीनता और यूनियन को गुमराह करके अपने निजी स्वास्थ्य के लिए चलते भाकियू सामाजिक के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद अकरम उस्मानी ने खूब सिंह सैनी को अफजलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पद से हटा दिया है।



हत्या के मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। • अमृत विचार

# रुपयों के विवाद में युवक की हत्या

- गांव रसूलपुर नगला में देर रात हुई घटना, तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, चांदपुर (बिजनौर)

**अमृत विचार :** गांव रसूलपुर नगला में देर रात रुपयों के लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या कर दी गई। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव रसूलपुर नगला के रहने वाले आरिफ पुत्र साकिर ने बताया है कि देर रात्रि उसके छोटे भाई आदिल और पड़ोसी सद्दाम के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई थी। तभी सद्दाम ने बाइक के साइलेंसर से आदिल (30) के सिर पर वार कर दिया। इससे सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। परिजन घायल को लेकर सीएचसी स्याऊ पहुंचे, जहां डॉक्टर ने सद्दाम को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**किरतपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने निशात फात्मा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मेडिकल के आधार पर धारा 307 लगाने की मांग की। दो माह बाद भी किसी आरोपी को नहीं पकड़ने पर रोष जताया। उन्होंने मांग पूरी न होने पर 21 जून को थाने पर धरना देने की चेतावनी दी। रविवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनौतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में मुकुल राजपूत, ग्राम प्रधान मोहमद अजमाइन, नीटू चौधरी, शेर सिंह, मनोज कुमार , यशवंत सिंह, भोला एवम विनोद आदि ने थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह को ज्ञापन दिया। बताया कि दो माह पूर्व ग्राम चिड़िया चंडक निवासी निशात फात्मा के साथ उसके ससुराल वालों ने मारपीट की गई थी। लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी आरोपी को नहीं पकड़ा। ग्राम भगवानपुर निवासी ओमप्रकाश अपने घर पड़ोसी रोक रहे हैं। उन्होंने दरवाजा लगवाने की मांग की। दोनों मांगों को अगर 20 जून तक पूरा नहीं किया गया तो किसान यूनियन अराजनैतिक 21 जून को थाना परिसर में धरना देगा।

### प्रतिमा पर फूल चढ़ाने से भीम सेना प्रमुख को रोका

**चांदपुर (बिजनौर), अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला शाहचंदन में भूमि विवाद के चलते भीम सेना प्रमुख को डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर फूल चढ़ाने से पुलिस ने रोक दिया। यह मामला नगर के मोहल्ला शाहचंदन का है। यहां दलित और बाल्मिकी समाज का जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बाल्मीकि समाज ने दलित समाज के लोगों पर निजी जमीन में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का आरोप लगाया था। हरियाणा के भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर ने कुछ दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर कहा था कि वह 16 जून को चांदपुर पहुंच कर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर फूल चढ़ाएंगे। इसको लेकर रविवार सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट था। मौके पर सुरक्षा की लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सतपाल तंवर धर्म शाला पहुंचे और उन्होंने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी विजय शंकर व क्षेत्राधिकारी भरत सोनकर व थाना प्रभारी राकेश सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान बाल्मीकि समाज के लोगों ने पुलिस प्रसाशन के विरुद्ध नारेबाजी की। पुलिस ने इस प्रकरण में 49 नामजद व 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी राजेश बैसला ने बताया कि सतपाल तंवर की तलाश की गई लेकिन वहां से बच निकलने में कामयाब हो गए।

### कीचड़ व जलभराव से ग्रामीण परेशान



चौहडपुर में रास्ते पर जलभराव।

**कैसरा, अमृत विचार :** गांव चौहडपुर में दो साल से सड़क पर कीचड़ व जलभराव है। सफाई कर्मचारी कई माह से गांव में सफाई करने नहीं आया है। ग्राम प्रधान भी ध्यान नहीं देते है। इससे गांव में बीमारी फैल रही हैं और ग्रामीण परेशान हैं। लोगों का निकलना दूभर है। इस मार्ग पर नाला नहीं है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। आए दिन लोग इस कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीण शिकायत भी कर चुके हैं। ग्रामीणों ने जल्द सड़क बनवाने व जल भराव कीचड़ से निजात दिलाने की मांग की है।

### वैश्य समाज के लोगों ने राहगीरों को बांटा शर्बत



शर्बत पिलाते लोग।

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत में गंगा दशहरा पर वैश्य समाज महासभा की ओर से बस स्टैंड स्थित संतोषी माता के मंदिर पर शर्बत वितरण किया गया। प्याऊ का आरंभ वैश्य समाज महासभा के अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग और सामाजिक कार्यकर्ता शिवओम अग्रवाल ने किया। इस दौरान वैश्य समाज के विजय चौधरी, शुभनीत गुप्ता, राकेश हिंदू ,विजय प्रकाश,हरीश चंद्र गुप्ता, करुण गुप्ता, अमन गुप्ता, डॉ. पुनीत गुप्ता, सचिन गुप्ता, शेखर, सत्यम, राहुल प्रधान, निशित, राजेश विचारक, अर्पित, राजेश अग्रवाल, नवनीत आदि मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर लोगों को बांटा ठंडा पानी



शर्बत का वितरण करते लोग।

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शीतल जल और शर्बत का वितरण किया गया। नोरेक्स प्राइवेट लिमिटेड के गेट पर नोरेक्स फाउंडेशन की ओर से स्टॉल लगाकर राहगीरों और दुकानदारों को शीतल जल व शर्बत पिलाया। इस दौरान शशांक अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है। इस दिन धरती पर मां गंगा अवतरित हुई थी। शरबत वितरण जैसे आयोजन से नई पीढ़ी को समाजसेवा और संस्कृति के बारे में सीखने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर, राकेश अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से बात करते भाकिसं के जिलाध्यक्ष।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से छुट्टा पशुओं को लेकर की वार्ता

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने निराश्रित गोवंशीय पशुओं की समस्या के समाधान कराने व जिले की गोशलाओ में पशुओं की बीमारियों से हो रही मौतों पर चर्चा की। कहा कि गोशालाओं में गोमूत्र व गोबर से जैविक खाद बनाने के केंद्र के रूप में विकसित करने साथ ही गोशालाओं को प्रति पशु मिलने वाली 50 रुपये प्रति दिन की राशि अपर्याप्त है। इसे बढ़ाने मांग की। गोवंशीय पशुओं को पालने वाले किसानों को भी यही सहायता राशि दिलवाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन गोवंशीय पशुओं को लेकर गंभीर है। पूरे प्रदेश में गोशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। प्रति दिन प्रति पशु मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि की गई है। आगे भी आवश्यकता पड़ने पर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### गदरपुर की महिला की हादसे में मौत, बेटा घायल

**स्वार, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें गदरपुर निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को उत्तराखंड के थाना गदरपुर के अब्दुल्ला नगर निवासी 50 वर्षीया ओमवती अपने बेटे विक्की के साथ स्वार कोतवाली की नगर पंचायत नरपतनगर में रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने आई थी। रविवार की रात शादी समारोह से दावत खाकर मां-बेटा अपने घर जा रहे थे। नरपतनगर के निकट स्पीड ब्रेकर पर पीछे से तेजगति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। इस हादसे में ओमवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### परीक्षा देने गई छात्रा रास्ते से लापता, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** 12 जून को कॉलेज में परीक्षा देने निकली छात्रा घर नहीं आई और कॉलेज भी नहीं पहुंची। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस छात्रा को तलाश रही है। टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि उसकी बेटी राम-रहीम डिग्री कॉलेज में 12 जून को 11 बजे परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। छात्रा जब शाम तक घर नहीं आई तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने कॉलेज में जानकारी की तो पता चला कि छात्रा परीक्षा देने आई ही नहीं है। परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां भी पता किया। मगर कोई जानकारी नहीं मिली।

# मोहद्दीनपुर पुल के पास नहर में उतराता मिला किशोर का शव

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** अमन का शव रविवार को रामगंगा पोषक नहर में उतराता मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों की आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर पुलिस से नोकझोंक हुई। पुलिस ने समझाकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

गांव चुचैला कला के मोहल्ला खदाना निवासी इरशाद मंसूरी के 19 वर्षीय पुत्र अमन को मोहल्ले के ही फैसल, अजीम व फैजान गुरुवार सुबह घर से बुलाकर साथ ले गए थे। दोपहर बाद तक अमन वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मोबाइल बंद आने पर परिजनों की बैचेनी बढ़ गई। तीनों युवकों को बुलाकर सख्ती से पूछताछ की तो अमन के नहर में नहाते हुए डूबने की बात बताई। इसके बाद परिजनों ने युवकों को पुलिस को सौंप दिया और नहर में एसडीआरएफ की टीम की मदद से तलाश शुरू कर दी गई। रविवार सुबह नौ बजे मोहद्दीनपुर पुल के पास रामगंगा पोषक नहर में शव उतराता मिला। पुलिस ने गोताखोरों से शव को बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव नहर में उतराता मिला। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। मृतक के पिता की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



मंडी धनौरा में मौके पर जानकारी लेते पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

### मातम में बदल गईं ईद की खुशियां

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** अमन दिल्ली में स्टील पॉलिश का काम करता था। गुरुवार को वह परिवार के साथ ईद मनाने घर आया था। लेकिन अमन की मौत ने परिवार को बुरी तरह तोड़ दिया। ईद से एक दिन पहले शव मिलने से खुशियां मातम में बदल गई।

### नहर में डूबे युवक की चौथे दिन मिली लाश

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुआ के घर आया युवक नहर में नहाते समय डूब गया था। जिसका शव चार दिन बाद बरामद हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। चार दिन पहले हरियाणा के जिला पानीपत के थाना मॉडल टाउन निवासी अबरार अहमद का बेटा आरजू बिजनौर जिले के शिवाला कला थाना क्षेत्र के गांव नगली पथवारी में अपनी बुआ के घर आया था। गुरुवार दोपहर अपने फुफेर भाई के साथ नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव कमालपुर से गुजर रही रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह पानी के तेज बहाव में बह गया था। उसके डूबने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की गोताखोरों ने भी उसकी तलाश लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं लग सका। रविवार सुबह गोताखोर ने गांव कमलापुरी में पुल के पास आरजू का शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि युवक के परिजन बिना कानूनी कार्रवाई किए ही शव अपने साथ हरियाणा ले गए। उन्होंने बताया कि नहर के पास पुलिस कर्मियों की तैनाती का शेड्यूल बनाया गया है।

### तीन बहनों का इकलौता भाई था अमन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** मृतक अमन तीन बहनों का इकलौता भाई था। रविवार को अमन का शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बहनों के साथ ही माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था। लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे, लेकिन मां बार बार बदहवास हो रही थी।

# बदले मार्गों पर चली रोडवेज की बसों को नहीं मिलीं सवारियां

**अमरोहा, अमृत विचार :** दिल्ली-मेरठ जाने वाली रोडवेज बसों को मार्ग बदलकर चलाया गया, लेकिन सवारियां नहीं मिल सकीं। दिल्ली से आने वाली बसों में यात्रियों की भीड़ रही।

अमरोहा डिपो के क्षेत्र सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि बृजघाट और तिगरी में गंगा दशहरा मेले को देखते हुए प्रशासन ने नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों के आगमन पर प्रतिबंध लगा दिया था। रोडवेज की बसों को मार्ग बदलकर चलाने के आदेश जारी किए थे। उन्होंने बताया कि रविवार को दिल्ली मेरठ जाने वाली रोडवेज की बसों को मार्ग बदलकर चलाया गया। जिससे सवारियां नहीं मिल सकीं। उन्होंने बताया कि मार्ग बदल दिए जाने पर बसों में किराया नहीं बढ़ाया गया, लेकिन इसके बाद भी बसों को सावरियां नहीं मिलीं।



युवक की मौत के बाद विलाप करतीं परिवार की महिलाएं। • अमृत विचार

# हरिद्वार नहाने गए युवक की गंगा में डूबने से मौत

संवाददाता, रहर

**अमृत विचार :** हरिद्वार गए युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। गोताखोरो ने दो घंटे बाद शव को बाहर निकाला।



रहरा क्षेत्र के गांव रहरा निवासी जगबीर कश्यप (35) पुत्र जागन सिंह कश्यप अपने परिवार के साथ शनिवार शाम, मेरठ निवासी साले हिमांशु के पुत्र का मुंडन संस्कार कराने दशहरा के मेले पर हरिद्वार गया था। वहां सभी लोग गंगा में नहा रहे थे। तभी जगबीर का छोटा पुत्र यश (10) गंगा में डूबने लगा तो उसे बचाने प्रयास में जगबीर खुद ही गंगा मे डूब गया। दो घंटे बाद गोताखोरों ने उसके शव को बाहर निकाला। गंगा से शव निकालने के बाद हरिद्वार पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बिजली बिल जमा करने के नाम पर ठगी

**आदमपुर ,अमृत विचार :** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी मोहम्मद इब्राहिम का आरोप है कि एक वर्ष पहले आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गारवपुर निवासी योगेश कुमार उसके पास आया और बिजली का बिल कम करने के बाद जमा करने और नया कनेक्शन कराने के लिए अपनी बातों में उलझा लिया। इसके बाद बिल जमा करने के नाम पर तीन बार में 64 हजार रुपये अपने बैंक अकाउंट में मंगा लिए। जब उसने बिल जमा व बिजली के नए कनेक्शन की रसीद मांगी तो युवक ने दो रसीदें दे दीं।

इसके बाद दोनों रसीदों के बारे में जानकारी की तो पता चला कि बिल जमा व बिजली कनेक्शन की दोनों रसीदें फर्जी हैं। इसके बाद उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। पीड़ित ने युवक से रुपये मांगे तो वह आश्वासन देता रहा। एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी देता है।

# सहायक ग्राम पंचायत को शादी के दो साल बाद भी नहीं हटाया गया

- शिकायत के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने कराई जांच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव गांगटकोला में सहायक ग्राम पंचायत के पद पर तैनात निशु को नियुक्त किया गया। शादी के बाद भी उसे नहीं हटाया गया। उसे मानदेय दिया जाता रहा। शिकायत मिलने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जांच कराई तो मामले का खुलासा हुआ।

जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने बताया कि गांगटकोला गांव में सहायक पंचायत के पद पर तैनात निशु को ग्राम प्रधान ने नियुक्त किया था। शादी के बाद प्रधान की ओर से सहायक ग्राम पंचायत को हटाया नहीं गया और न ही इसकी जानकारी जिला पंचायत के किसी अधिकारी को नहीं दी गई। निशु को सहायक ग्राम पंचायत के पद पर दर्शाया गया और मानदेय शासन से उपलब्ध कराया जाता रहा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जब इस मामले की शिकायत उनको मिली तो उन्होंने इसकी जांच अपर जिला पंचायत राज अधिकारी विमल कुमार को सौंपी। जांच में निशु की शादी को दो वर्ष होने की बात का खुलासा हुआ, तब उन्होंने उसके मानदेय पर रोक लगा दी। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह निशु मानदेय लेने के लिए उनके कार्यालय आई तो उन्होंने उसकी शादी के संबंध में बात की। वह शादी को छुपाती रही।

इसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने निशु से कंप्यूटर पर डाटा खोलने की बात कही, लेकिन उससे कंप्यूटर तक नहीं खुला। उन्होंने उसे कड़ी फटकार लगाई और कार्रवाई की चेतावनी दी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि इस तरह के मामले जिले के अन्य ग्राम पंचायत में भी सुनने को मिल रहे हैं। जिनकी वह जांच शिकायत के आधार पर कर रही हैं। सभी ग्राम पंचायत को निर्देश दिए हैं कि शादी के तुरंत बाद ग्राम सहायक पंचायत को हटा दिया जाए। अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सहायक ग्राम पंचायत की नियुक्ति का अधिकार ग्राम पंचायत को है। इसीलिए जिले में 57 ग्राम पंचायत में सहायक ग्राम पंचायत के रिक्त स्थान है। जिन पर अभी तक कोई नियुक्ति नहीं हुई है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत को निर्देश दिए हैं कि सहायक ग्राम पंचायत की नियुक्ति कंप्यूटर डाटा की जानकारी रखने वाले की जाए। उन्होंने कहा कि निशु सहायक ग्राम पंचायत से मानदेय की वापसी के लिए कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने शासन एवं उच्च अधिकारियों से शिकायत की है।

## एक नजर

### 18 जून को 10 केंद्रों पर होगी यूजीसी नेट परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नेट की परीक्षा 18 जून को 10 केंद्रों पर होगी। एनटीए के जिला समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि जिले में 7630 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। दो पालियों में परीक्षा होगी। पहली पाली में सुबह 9 :30 से 12 : 30 बजे तक 3162 और द्वितीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक 4468 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को सभी केंद्र व्यवस्थापकों और आब्जर्वर की बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। बताया कि करीब पांच साल बाद ऑफलाइन मोड ( पेन-पेपर ) में होने जा रही है। केंद्रों पर छात्रों का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से दो घंटा पहले से शुरू हो जाएगा।

### इन 10 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** अलमामातेर बोर्डिंग स्कूल, केवी इफ्को आंवला, पीएम श्री केवी, जेआरसी प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रोहिला इंटरनेशनल स्कूल, मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल, मिशन एकेडमी, पुलिस मार्डन स्कूल, पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल और राधा माधव पब्लिक स्कूल।

# ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

## बजरी से लदे ट्रक ने कार में टक्कर मारने के बाद बाइक को भी लिया चपेट में

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर बजरी से लदे ट्रक ने कार में टक्कर मारने के बाद ईद मनाने आ रहे बाइक सवारों को रौंद दिया। जिससे एक बाइक सवार



कारपेंटर ट्रक के पिछले पहियों में फंसकर पचास मीटर दूर तक घिसटता रहा। इस हादसे में कारपेंटर की मौत हो गई जबकि कार चालक सहित दो लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि ट्रक गड्ढे में फंसकर घर के बाहर ही रुक गया। अगर ट्रक घर में घुस जाता तो हादसा बड़ा हो जाता।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर निवासी नजारुल 30 वर्ष नोएडा में रहकर कारपेंटर का काम करता था। सोमवार को ईद उल अजहा का त्योहार मनाने नजारुल रविवार को संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित गांव बाबई निवासी अपने साथी नदीम के साथ बाइक से बुलंदशहर होते हुए घर आ रहा था। नजारुल जैसे ही कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर आगे चल रही कार के पीछे पीछे बाइक लेकर गांव नारंगपुर के पास पहुंचा। सामने से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मारने के बाद बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। बाइक चपेट में आई तो नजारुल ट्रक के पीछे पहियों में फंस गया। चालक ने पहियों में फंसे नाजरुल को बाहर निकालने के बजाय ट्रक को दौड़ा दिया। चालक ट्रक पहियों में फंसे नजारुल को घसीटते हुए सड़क किनारे स्थित इंद्रपाल के घर पचास मीटर दूर तक ले गया। इंद्रपाल के घर के बाहर स्थित गड्ढे में पहिये फंसने से ट्रक रुक गया।



हादसे के बाद ट्रक के पहिये में फंसी बाइक। ● अमृत विचार



हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर ट्रक के पहियों में फंसे नजारुल को निकालकर उसके साथी नदीम को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया।

वहीं मामूली घायल कार चालक का पास के ही निजी डॉक्टर से उपचार कराया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने नजारुल को मृत घोषित कर दिया और नदीम को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### घर में हो रहा था आने का इंतजार, मिली मौत की खबर

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर निवासी कारपेंटर नजारुल की सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर घटनास्थल पर आ गए और हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस व चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर नहीं पहुंचा। हंगामे की वजह से सड़क पर जाम के हालात बने तो आनन फानन में पुलिस भी मौके पर आ गई।

### कार सवारों की भी जान पर बन आई

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गंवा मार्ग पर रविवार को हुए सड़क हादसे में घायल हुआ कार चालक रहमान निवासी हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव लहरा कमंगर दिल्ली निवासी अपनी बहन के घर से वापस आ रहा था। ट्रक की टक्कर लगने के बाद कार सड़क किनारे खंदक में पलट गई। जिससे रहमान घायल हो गया और कार में सवार दो महिलाएं सहित तीन लोग हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गए। टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई।

### घर की तरफ बढ़ा ट्रक तो सहमे लोग

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी इंद्रपाल ने बताया कि जब हादसे के बाद अनियंत्रित होकर घर की ओर दौड़ा तो घर में बैठे सभी लोग घबरा गए थे। गनीमत रही कि ट्रक घर के बाहर गड्ढे में फंसकर ट्रक रुक गया। जहां ट्रक रुका था उसके पास ही पशुशाला में पशु बंध रहे थे और घर के अंदर परिजन मौजूद थे। वहीं गड्ढे में फंसे ट्रक को पेड़ ने रोक लिया। वरना ट्रक भी पलट जाता।

## छह बाइकों के साथ दो वाहन चोर धरे

**काशीपुर, अमृत विचार:** बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की छह बाइकें बरामद की हैं। चोर चोरी की बाइकों के पाट्र्स निकालकर बेचने का कार्य करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

आईटीआई कार्यालय में सीओ अनुषा बड़ोला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 14 जून सोराज सिंह पुत्र स्व. गणेश सिंह निवासी बलमगढ़, ठाकुरद्वारा की बाइक को महुआखेड़ागंज से किसी अज्ञात ने चोरी कर लिया था। वहीं 15 जून को रोहित पुत्र पुत्तल निवासी अहरपुरा आईटीआई की बाइक भारत गैस एजेन्सी, महुआखेड़ा गंज के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज लिया था। मामले के खुलासे में लगी पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान अनोज उर्फ अनुज शर्मा पुत्र हरिओम व अंकित पुत्र रमेश निवासी ग्राम देवीपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया।

## कोसी नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** कोसी नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नदी की गहराई का सही अंदाजा न होने से दोनों लोग नदी में डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों युवकों को नदी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की सांसें थम गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को 6 युवक कौसानी के रुद्रधारी मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। मंदिर में दर्शन के बाद सभी युवक रनमन, सोमेश्वर के पास नहाने के लिए कोसी नदी में उतर गए। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान दो युवक नदी में डूबने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने किसी तरह दोनों युवकों को नदी से बाहर निकाला। उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान पंकज रौतेला (25) पुत्र श्याम सिंह रौतेला तथा धीरज रौतेला (26) पुत्र देवेंद्र रौतेला के रूप में हुई है।

## छोटे भाई को बचाने के लिए गंगा में कूदा तो खुद भी मुश्किल में फंसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

● गंगा में स्नान करते वक्त डूबे दो भाई, बड़े को निकाला, छोटा लापता

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में जिंजौड़ा डांडा के कच्चे घाट पर गंगा में स्नान करते वक्त जब कक्षा 9 का छात्र छोटा भाई डूबा तो उसे बचाने के लिए बड़ा भाई गंगा में कूद पड़ा लेकिन खुद में गंगा में डूबने लगा। गोताखोरों ने बड़े भाई को सकुशल बाहर निकाल लिया लेकिन छोटा भाई घंटों की तलाश के बावजूद नहीं मिल सका।

थाना क्षेत्र के गांव जिंजौड़ा डांडा निवासी भगवती प्रसाद का बेटा पंकज उर्फ छोटू (18 वर्ष) रविवार को बड़े भाई सुमित के साथ गांव के पास कच्चे घाट पर गंगा नहाने गया था। गंगा में स्नान करते समय पंकज डूबने लगा। सुमित ने छोटे भाई को डूबते देखा तो गंगा में छलांग लगा दी। तब तक पंकज गहरे पानी में जा चुका था। सुमित भाई को बचाने के लिए गहरे पानी में गया तो वह भी डूबने लगा।



गंगा घाट पर कोतवाल अमरपाल सिंह उस जगह को देखते जहां पंकज डूबा था।

नजारा देखकर गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने गंगा में डूब रहे सुमित को मशक्कत कर बाहर निकाल लिया लेकिन पंकज गंगा की तेज धार में बह गया। समाजसेवी मोनू ठाकुर द्वारा हादसे की सूचना दिए जाने पर प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह भी पुलिस बल के साथ गंगा घाट पर पहुंच गए। एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू भी मौके पर पहुंचे। बताया गया कि पंकज कक्षा 9 का छात्र है।

## आठ हजार देकर गोताखोर बुलाए फिर भी नहीं बची दोनों युवकों की जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर जुनावई क्षेत्र के असदपुर गंगाघाट पर गंगा स्नान करते वक्त गंगा में डूबे लोकेश और बबलू लापता हो गए तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। चूंकि मौके पर मौजूद गोताखोर उन्हें खोजने में नाकाम रहे तो परिजनों के हाथ पांव फूल गए। परिजनों ने दोनों को बचाने के लिए बिना देर किए जनपद बुलंदशहर के नरौरा से गोताखोर बुलाए। गोताखोरों ने आठ हजार रुपये मांगे तो परिजनों ने भी हामी भर रही दी क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि अगर गोताखोर गहनता से गंगा में खोजबीन करेंगे तो शायद लोकेश और बबलू की जान बच जाए।

गोताखोरों ने भी गंगा में छलांग लगाकर काफी देर तक दोनों को तलाश किया। जैसे ही गोताखोरों को लोकेश और बबलू मिले तो परिजनों की जान में जान आ गई।



गंगा घाट पर बेहाल परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार



लोकेश और बबलू की फाइल फोटो।

परिजन लोकेश और बबलू को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई ले गए। वहां जब चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित किया तो परिजन बिलख पड़े। सीएचसी में ही परिजन लोकेश और बबलू के शवों से लिपकर दहाड़े मारकर विलाप करने लगे। बबलू की मां गायत्री का रो-रो कर बुरा हाल हो गया तो लोकेश की मां अतरकली की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे।

### इकलौते बेटे थे लोकेश व बबलू, बुझ गए चिराग

**संभल, अमृत विचार :** ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर धनारी थाना क्षेत्र के गांव अकराबाद के दो परिवारों के घरों के चिराग बुझ गए। बताते चलें कि बबलू और लोकेश इकलौते बेटे थे। गंगा में डूबने से उनकी मौत होने पर परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।

## फंदे से लटका मिला दुष्कर्म पीड़िता का शव, हत्या का लगाया था आरोप

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गांव से करीब सौ मीटर दूर पेड़ पर महिला का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के परिजनों ने एक साल पहले दुष्कर्म करने के आरोपी पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लापुर भोगी निवासी 35 वर्षीया महिला के पति की लगभग पांच साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। कुछ दिनों के बाद ही वह कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव में अपने पिता के साथ रहने लगी। कुछ दिन पहले उसकी मां दिल्ली में बेटों के पास चली गई थीं। महिला के पिता का कुछ दिनों पहले ऑपरेशन हुआ था। वह बेड रेस्ट पर थे। शनिवार को महिला ने पिता को खाना खिलाया था। रविवार सुबह लगभग छह बजे ग्रामीणों ने गांव से लगभग सौ मीटर दूर पीपल के पेड़ पर महिला का शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने पर मृतका के भाई भी पहुंच गए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# आगरा कैंट ट्रेन के पुनः संचालन की मांग उठाई

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** श्री वार्ष्णेय सभा बहजोई ने रेलवे मुख्य महाप्रबंधक के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई। वहीं आगरा कैंट ट्रेन का फिर से संचालन प्रारंभ कराए जाने की मांग उठाई।

श्री वार्ष्णेय सभा के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां उन्होंने रेलवे मुख्य महाप्रबंधक को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक पीसी शर्मा सौंप कर मांग उठाते हुए कहा कि बहजोई से लखनऊ के लिए ट्रेन का संचालन प्रारंभ कराया जाए जिससे लखनऊ जाने वाले व्यापारियों को सुविधा हो सके। यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर की व्यवस्था की जाए। यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाए।



बहजोई में स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

● श्री वार्ष्णेय सभा ने सात सूत्रीय ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा

स्टेशन पर खाली पड़ी भूमि पर पार्क का निर्माण हो जलपान व्यवस्था का नियम अनुसार संचालन किया जाए। बंद पड़ी आगरा कैंट ट्रेन का संचालन शुरू किया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष लव मोहन वार्ष्णेय, सचिव यस वर्धन, अमित कुमार सर्राफ, आयुष वार्ष्णेय, गौरव शंकर गोलू, महेंद्र पाल, अतुल गुप्ता, शरद कुमार, सौरभ कुमार, प्रवीण कुमार, राहुल टाइगर आदि मौजूद रहे।

## एटीएम पर मेटल प्लेट लगा रुपये हड़पने की कोशिश

**काशीपुर, अमृत विचार:** ठगों की ओर से एटीएम बदल कर रुपये निकालने के मामले तो समय-समय पर सामने आते रहते हैं, लेकिन अब ठगों ने एक नया तरीका निकाल लिया है, जिसके तहत वह एटीएम मशीन में जहां से धनराशि बाहर आती है। वहां पर मैटल की प्लेट लगा देते हैं, ताकि रुपये बाहर नहीं निकले और उपभोक्ता रुपये नहीं होने की सोच कर चला जाए और ठग प्लेट हटाकर रुपये हासिल कर लें। ऐसा ही एक मामला रविवार को सामने आये। ठाकुरद्वारा निवासी एक युवती अपनी सहेली के साथ के साथ महाराणा प्रताप चौक के पास एक बैंक के एटीएम से एक हजार रुपये निकालने गई। युवती के मुताबिक जब उसने एटीएम के सभी प्रक्रिया पूरी कर दी, उसके बाद मशीन ने सूचित किया कि आप अपनी रकम ले लें। उसके द्वारा कई बार देखने पर रुपये बाहर नहीं आए।



इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## कॉलेज प्रबंध समिति में योगेंद्र अध्यक्ष, बुद्ध रंजन बने प्रबंधक

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** हरिबाबा जनता इंटर कॉलेज गवां की प्रबंध समिति के चुनाव में 12 आवेदन आए। किसी भी पद पर दो आवेदन नहीं आने के कारण सर्वसम्मति से प्रबंध समिति में योगेंद्र पाल सिंह अध्यक्ष, बनवारी लाल शर्मा उपाध्यक्ष, बुद्धरंजन सिंह प्रबंधक, अभय कुमार सिंह उप प्रबंधक, अनुराग गौड़ कोषाध्यक्ष, राहुल, कैलाश चंद्र, रामहरि शर्मा, जावेद खां, मजनू,, भानु प्रताप सिंह, हरबल सिंह सदस्य चुने गए। इस दौरान पीठासीन अधिकारी यतींद्र भाटी, पर्यवेक्षक सीपी सिंह रहे। चुनाव व्यवस्था प्रधानाचार्य हरीश पाल सिंह, बड़े बाबू हरीश शर्मा ने संभाली। चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ।

### देहरादून-पंतनगर उड़ान रद

**पंतनगर, अमृत विचार :** देहरादून-पंतनगर वाया पिथौरागढ़ हवाई मार्ग पर फ्लाई बिग कंपनी अपने 19 सीटर विमान से हवाई सेवा प्रदान कर रही है। पंतनगर एयरपोर्ट डायरेक्टर मोनिका डेम्बला ने बताया कि किन्हीं कारणों से रविवार को यह उड़ान रद्द कर दी गई है।

# आधी रात निरीक्षण को पहुंचे डीआरएम, जांची व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● वॉशिंग लाइन में नियमानुसार सफाई करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल प्रबंधक राजकुमार सिंह शनिवार को देर रात बरेली जंक्शन का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंच गए। उन्होंने करीब ढाई घंटा जंक्शन पर गुजारा। इस बीच उन्होंने लोको लॉबी और वाशिंग लाइन में व्यवस्थायें जांचीं।

देर रात करीब 12 बजे अपने विशेष निरीक्षण यान से डीआरएम बरेली जंक्शन पहुंच गए। सबसे पहले उन्होंने लोको लॉबी पर पहुंच ड्यूटी रजिस्टर चैक किया। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि रेलवे की तरफ से बनाए गए वीडियो को लॉबी में लगे टीवी पर चलाया जाए ताकि लोको पायलट व सहायक लोको पायलट नियमों के प्रति सजग रहें और ट्रेन संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की हीलाहवाली से बच सके। यहां से वह प्लेटफार्म नंबर एक का निरीक्षण करते हुए वाशिंग लाइन में पहुंचे। कर्मचारियों को सावधानीपूर्वक काम करने निर्देश दिए, साथ ही ट्रेनों की नियमानुसार सफाई करने को कहा। ढाई बजे वह मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए।

### एसी कोच में चढ़े जनरल यात्रियों को पकड़ कर उतारा

**बरेली, अमृत विचार :** यूपीएससी परीक्षा और गंगा दशहरा के कारण ट्रेनों में काफी भीड़ रही। आलम यह था कि एसी कोचों में जनरल टिकट के यात्री ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। ऐसे लोगों को पकड़कर नीचे उतारना पड़ा। कोच के अंदर परेशान यात्री शौचालय तक में बैठकर सफर करने को मजबूर हो गए। इधर भीड़ को काबू करने के लिए पूरा दिन आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ इधर से उधर दौड़ता रहा।

## 4.60 लाख किसानों का बनेगा पहचान पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के 4.60 लाख पंजीकृत किसानों का पहचान पत्र बनेगा। इससे उन्हें किसानों से जुड़ी सुविधाओं का आसानी से लाभ मिल सकेगा। शासन ने कृषि विभाग को सभी किसानों का सत्यापन कर आईडी बनाने के आदेश दिए हैं। एडीएम प्रशासन या एडीएम वित्त एवं राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत सभी किसानों का पहचान पत्र बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त अनिल कुमार यादव ने सभी जिलाधिकारियों को किसानों का सत्यापन कर उनका पहचान पत्र बनाने के लिए पत्र लिखा है। इस कार्य को जिला कृषि अधिकारी को करना है। नोडल अधिकारी की निगरानी में शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया जाए। 30 नवंबर तक पहचान पत्र बनाने की समय सीमा निर्धारित की गई है।

# बिना सिर के जन्मा मृत शिशु प्रसूता की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● शिशु की विकृत आकृति देख कर अस्पताल का स्टाफ रह गया दंग

**अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल में शनिवार को महिला ने विकृत आकृति के शिशु को जन्म दिया, जिसे देखकर डॉक्टर और स्टाफ दंग रह गईं। शिशु को देखकर प्रसूता की हालत भी बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। हालांकि देर रात उसे होश आ गया।

मूसाझाग निवासी योगेश की पत्नी दयावती छह महीने की गर्भवती थी।

शनिवार सुबह दयावती की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला महिला अस्पताल लेकर आये। यहां डॉक्टर ने उसकी जांच की तो पता चला कि गर्भ में शिशु की मौत हो चुकी थी। महिला चिकित्सक ने किसी तरह दयावती का प्रसव कराया। शाम को हुए प्रसव के बाद महिला चिकित्सक सहित पूरा स्टाफ मृत शिशु को देखकर दंग रह गया। शिशु का सिर नहीं था। दयावती ने भी जब अपने शिशु को देखा तो वह उसे देखते ही बेहोश हो गई। कुछ देर बाद चिकित्सकों ने मृत शिशु परिजनों को सौंप दिया। महिला का उपचार किया गया। करीब रात 12 बजे के बाद प्रसूता को होश आया।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार वासु ने बताया कि छह महीने का गर्भस्थ शिशु पूरी तरह आकार ले लेता है। उसके सभी अंग काम करने लगते हैं। गर्भावस्था के दौरान नियमित चेकअप न होना, खानपान ठीक न होना। प्रोटीन नहीं मिलना आदि कारणों की वजह से गर्भस्थ शिशु पूरा आकार नहीं ले पाता है। ऐसे केस बहुत कम होते हैं। कुछ शिशुओं के मल त्यागने का स्थान बंद होता है। कुछ के मूत्र करने की जगह नहीं होती है।

### नाम परिवर्तन

विवाह से पहले मेरा नाम कु. दीक्षा था। विवाह के बाद मैने अपना नाम दीक्षा चौधरी रख लिया है। भविष्य में मुझे दीक्षा चौधरी के नाम से जाना व पहचाना जाये।
दीक्षा चौधरी पत्नी मोहित सिंह निवासी ग्राम तसिहा, पो. ओसामाफी, त. हसनपुर जिला अमरोहा (उ.प्र.)

### सूचना

मैंने अपने पुत्र निहाल मसरूर को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मसरूर अहमद पुत्र महबूब अहमद निवासी निकट पुलिस लाईन गली नं. 03, डूंगरपुर तहसील सदर जिला रामपुर**

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# 17.75 लाख लोग ले चुके योग की ऑनलाइन शपथ

**कानपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पहले योग की ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने में जुटे राजभवन ने अभियान के पांचवें दिन ही लक्ष्य पार कर लिया। ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने के संबंध में 12 जून से प्रक्रिया शुरू करके 17 लाख शपथ पत्र का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन 16 जून की शाम तक ऑनलाइन शपथ के पोर्टल पर 17 लाख 75 हजार से अधिक शपथ पत्र हासिल किए जा चुके थे। पोर्टल अभी 18 जून तक खुला रहेगा। इस अभियान में प्रदेश के 34 विश्वविद्यालय शामिल हैं। ऑनलाइन योग संबंधी शपथ के लिए लिंक https://rajbhawanyogapledge.in/ पर जाकर ऑनलाइन शपथ सबमिट करके कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान और पुरातन छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी विश्व रिकार्ड का हिस्सा बन सकते हैं।

# ग्रामीण फीडर को शहरी करने की कार्रवाई का विरोध

## विद्युत नियामक आयोग में 18 जून को दाखिल की जाएगी अवमानना याचिका


राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने की कार्रवाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से 18 जून को विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जाएगी। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को विधिक गलतियों से आगाह करते हुए फैसला वापस लेने की मांग की।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बीते जनवरी-फरवरी में कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल की बैठक में शहरों के निकट के ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है। उस समय प्रदेश में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति करने की व्यवस्था लागू थी, पर अब उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत सभी को 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश है। मुख्यमंत्री की ओर से भी इसकी घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र व कृषि क्षेत्र के लिए प्रदेश सरकार लगभग 14,000 करोड़ की सब्सिडी देती है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली दरें कम रहती हैं। ग्रामीणों से शहरी दर से बिजली वसूलना सरकार की नीति का बड़ा उल्लंघन है। विद्युत वितरण संहिता-2005 में स्पष्ट तौर पर परिभाषित किया गया है कि ग्रामीण क्षेत्र अधिनियम की धारा 14 के अधीन प्रदेश सरकार के जरिये घोषित क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र माना जाएगा। ग्रामीण फीडर का वही अर्थ होगा जैसा कि आयोग के टैरिफ आदेश में है। ऐसे में पावर कॉरपोरेशन ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र बताकर ग्रामीणों में शहरी दरों से बिजली बिल वसूल नहीं कर सकता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली महंगी करना असहनीय



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से शहरी दर पर बिजली बिल लेने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से ग्रामीणों के लिए दो रुपये प्रति यूनिट महंगी बिजली किये जाने की तैयारी उन पर असहनीय सरकार वार है। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी व लू में प्रदेश की जनता बिजली आपूर्ति में खामियों के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश भर में अभूतपूर्व बिजली कटौती के साथ गरीब उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं।

### अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट दर्ज

**लखनऊ।** भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि बंद चल रही अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे।


# योगी को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार:** क्राइम ब्रांच दरोगा का नाम और फोटो लगाकर एक सिरफिरे ने एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम में तैनात दरोगा ने साइबर पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराकर जांच शुरू की और एक्स एकाउंट के जरिए साइबर थाना पुलिस ने सिरफिरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दरोगा आरिफ के अनुसार आरोपी ने कुंवर राजपूत @दीपकएस 10080 आईडी पर उनका फोटो लगाकर मैसेज पोस्ट कर दिया कि यह दरोगा कानपुर में तैनात है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या कर देगा। इसके बाद मोहम्मद आरिफ ने साइबर थाना पुलिस में कुंवर राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उस सिरफिरे आरोपी दीपक श्रीवास्तव को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दीपक दसवीं तक पढ़ा है। वह मूलरूप से रीवा का रहने वाला है। वह ड्राइवरी का काम करता है।

# बिजली चोरी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही



**अमृत विचार :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है। एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।

## सार-संक्षेप

### मेरठ में मामूली बात को लेकर पिता ने अपनी दो साल की बच्ची को गंग नहर में फेंका, गिरफ्तार

**मेरठ, एजेंसी :** जिले में एक पिता ने मामूली बात को लेकर अपनी दो साल की बच्ची को गंग नहर में फेंक दिया। घटना जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर सरधना थाना क्षेत्र के मढियाई गांव की है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि पुलिस को 14 जून को सूचना मिली थी कि मढियाई गांव के सुलेमान की दो साल की बच्ची सुबह करीब आठ बजे से गायब है जिसके बाद थाना प्रभारी प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि बच्ची का पिता भी घर पर नहीं है। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में बच्ची अपने पिता सुलेमान के साथ गांव से बाहर जाती दिख रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि सुलेमान की दो बच्चियां पूर्व में भी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि इस बात का संज्ञान लेते हुए सुलेमान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने बच्ची को मढियाई गांव के पास गंग नहर में फेंक दिया है। घटना की वजह पूछने पर उसने बताया कि उसका एक बेटा है। बच्ची और बेटा आपस में लड़ाई करते थे, इसलिए उसने बच्ची को नहर में ले जाकर फेंक दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार सुलेमान को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

### गाजियाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से तीन की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी :** गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी निवासी आसिफ (26), गुड्डु (20) और गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी कस्बे के देवेश (26) के शव दिल्ली-शामली मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर पाए गए। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे रेलवे कर्मचारियों ने शव देखे। पुलिस के मुताबिक देवेश और गुड्डु लोनी में ई-रिक्शा चलाते थे जबकि आसिफ दिहाड़ी मजदूर था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टायर बदल रहे युवकों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

**आगरा, एजेंसी :** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र के अंतर्गत दक्षिणी बाईपास पर रविवार को एक पिकअप वाहन का पंक्चर टायर बदल रहे दो युवकों को तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने रौंद दिया, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक इस घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को मार्ग से हटवाया और दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना के संबंध में थाना मलपुरा के निरीक्षक ईश्वर सिंह तोमर ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

### मथुरा में यमुना नदी में डूबने से युवक की मौत

**मथुरा, एजेंसी :** जिले में रविवार को यमुना नदी में स्नान करते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सलमान (21) के रूप में हुई है और वह शहर के गणेश टीला इलाके का रहने वाला था। शहर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रवीण मलिक ने कहा कि वह गोविंद नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गणेश टीला के पास मुख्य घाट से दूर स्नान कर रहा था। स्नान के दौरान, सलमान गहरे पानी में फिसल गया। इससे पहले कि कोई गोताखोर उसे बाहर निकाल पाता, उसकी मौत हो गयी।

### भाजपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी: जसवंत सिंह

**अयोध्या, अमृत विचार :** संसदीय कार्य औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी रविवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने राम लला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सर्किट हाउस पहुंच पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि होने वाले उपचुनाव में भाजपा पूरी ताकत से लड़ेगी। सकारात्मक परिणाम आएंगे। राम लला का दर्शन करने के बाद सुखद अनुभूति हुई है। देशवासियों से अपील है कि सभी लोग अयोध्या आएं और राम लला का दर्शन पूजन करें। पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में बहुत फर्क है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था। अब तक निवेश के लिए 40 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव मिला है। 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्राप्त हुए थे।

# आगरा में कारोबारी की कार से 15 सेकेंड में एक करोड़ के हीरे चोरी

- टप्पेबाजों ने कारोबारी को टायर पंचर की बात कहकर उलझाया

**आगरा, एजेंसी :** आगरा में शनिवार रात एक हीरा कारोबारी की कार से 15 सेकेंड के अंदर टप्पेबाजों ने एक करोड़ के हीरे चुरा लिए। सूचना पर पुलिस ने तत्काल 5 टीमें गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हीरा कारोबारी का कहना है कि चोरी गए बैग में चार दिन का कैश भी था।

आगरा के बाग फरजाना के रहने वाले कारोबारी नितिन मल्होत्रा का संजय प्लेस में प्रकाश डायमंड कारपोरेशन के नाम से हीरे का काम है। नितिन मल्होत्रा ने पुलिस को बताया है कि वह शनिवार शाम को फिजियोथैरेपी कराने के लिए साकेत कॉलोनी गए, वहां से वे अपनी ससुराल जयपुर हाउस चले गए। रात 9 बजे वह अपनी कार से ससुराल से अपने घर बाग फरजाना के लिए लौट रहे थे। मदिया कटरा पर हनुमान मंदिर के पास उन्होंने अपनी कार रोकी और नीरज डेयरी से दही लेने चले गए। नितिन मल्होत्रा ने बताया कि डेयरी से दही लेकर आने के बाद वह कार का गेट खोलकर उसमें बैठने लगे, इसी दौरान एक युवक आया। उसने कहा कि टायर पंचर है वे नीचे उतर आए और टायर देखने लगी। टायर ठीक था, वे कार में बैठ गए। तभी बाइक सवार एक युवक आया उसने बताया कि कार से एक युवक बैग लेकर भाग रहा है, उन्होंने कार की पीछे की सीट पर देखा तो बैग नहीं था और शीशा हल्का खुला हुआ था। पूछताछ में नितिन ने बताया कि बैग चोरी की घटना मात्र 15 सेकेंड में हुई। बैग में 38 हीरों के साथ ही तीन चार दिन का कैश भी था। हीरों की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई। थाना लोहामंडी प्रभारी कुशलपाल ने बताया कि उन्हें जैसे ही सूचना मिली वे मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने आसपास लगे करीब 50 से 60 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जल्द ही चोरों को पता लगा लिया जाएगा।

# गाजियाबाद में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, 18 घायल

**गाजियाबाद, एजेंसी :** जिले के मुरादनगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक ट्रक की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी और 18 अन्य घायल हो गये। अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि रविवार सुबह एक वाहन सोनीपत से ईंट भट्टा मजदूरों को लेकर हरदोई की तरफ जा रहा था और जब यह वाहन मुरादनगर थाना इलाके के पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से होकर गुजर रहा था तो कुछ लोग लघुशंका के लिए उतरे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कि इस बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी जिससे वाहन पलट गया और चार लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि वाहन में 35 यात्री सवार थे। मृतकों की पहचान मायादेवी (45), इरशाद (30), नजुमन (60) और शमीना (20) के रूप में हुई है। ये सभी हरदोई जिले से थे।

# राज्यपाल ने खारिज की 31 दया याचिकाएं

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिकाएं लगातार खारिज हो रही है। कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 45 दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 31 याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म का था।

### इनकी याचिका अस्वीकार

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| रामप्रसाद | अयोध्या | हत्या |
| रामदेव | लखनऊ | हत्या |
| फतेह सिंह | मैनपुरी | दुष्कर्म-हत्या |
| हुकुम सिंह | एटा | 2 हत्या |

### इनकी समय पूर्व रिहाई

- केदार यादव महराजगंज आजीवन कारावास
- तसब्बर गाजियाबाद आजीवन कारावास
- हरिओम अमेठी आजीवन कारावास


## वर्ग पहेली-103

**बाएं से दाएं**

2. 1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।
3. 1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।
6. 1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।
8. 1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।
9. 1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।
10. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।
4. 1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।
5. दे. आंखमिचौनी।
7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।
8. 1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



### वर्ग पहेली -102 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 थू | क | ना | | | | |
| | | | 2 क | ट | 3 ले | ट |
| 4 ध | 5 ब | ध | ब | | खा | |
| | ढ़ा | | र् | | जो | |
| 6 अ | व | 7 गं | ड | | खा | |
| रि | | गां | | | | 8 जू |
| हा | | 9 बु | ढ़ो | ती | | ड़ा |

# अग्निवीरों की भर्ती 24 से अयोध्या में

**लखनऊ, अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून से अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल सेंटर ग्राउंड पर होगी। इसमें तेरह जिलों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। 2 जुलाई तक चलने वाली भर्ती की मॉनीटरिंग लखनऊ मुख्यालय करेगा। सेना की मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप सिंह ने बताया इसमें अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर के युवा हिस्सा लेंगे। रैली में सबसे पहले फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा जिसमें 1.6 किमी दौड़, जिगजैग बैलेंस, 9 फीट डिच और बीम शामिल है। इसमें पास होने वाले अभ्यर्थी शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) में हिस्सा लेंगे। इसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती का माप लिया जाएगा।

# बसपा में आकाश आनंद की उपयोगिता पर फैसला संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बसपा को मिली हार के कारणों में बतौर उत्तराधिकारी चुनावी सभाएं करने वाले नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की भूमिका भी समीक्षा हो सकती है। देखा जाना है कि उनकी चुनावी सभाओं से संबंधित सीट पर मतदाताओं पर क्या प्रभाव पड़ा। अन्य सीटों की अपेक्षा मत प्रतिशत बढ़ा या नहीं, इसके अलावा मूवमेंट को बढ़ाने में उनकी उपयोगिता कितनी है। हालांकि इस मुद्दे पर पार्टी के पदाधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

लोकसभा चुनाव में उत्तराधिकारी पद हटाए गए आकाश आनंद की भूमिका संबंधी सवाल का जवाब देते हुए बसपा के लखनऊ मंडल प्रभारी व हरदोई सीट के प्रत्याशी रहे भीमराव आंबेडकर ने कहा कि पार्टी प्रत्याशियों को जो मत मिले हैं, वह बसपा के अपने है। जो मायावती के निर्देश पर मिलते हैं। आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाकर भेजा गया था, वह बसपा प्रमुख के संदेश को ही बढ़ा रहे थे। वर्तमान में मायावती के बराबर पार्टी में या देश में कोई दूसरा नेता नहीं है। साल 2027 में उप्र. विधानसभा चुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि मायावती चार बार मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। इसलिए अब प्रधानमंत्री पद ही मुख्य लक्ष्य है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती का निर्देश ही सर्वोपरि है। आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया था। साथ ही उन्हें उप्र.में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी भी थी। मायावती 23 जून को चुनाव के हार कारणों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगी।

## सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 6 | 2 | | | | 5 | | |
| 8 | | | 6 | 5 | | 3 | | 1 |
| 3 | | 1 | | | 6 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | 4 | | | 8 | | 3 |
| 6 | | 5 | | 1 | 4 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | 3 | |
| 4 | 2 | | | | 9 | | | 6 |

### सुडोकू - 15 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 13 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

**वृष** — आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

**मिथुन** — आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कर्क** — आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** — आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

**तुला** — आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृश्चिक** — आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**धनु** — आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मीन** — आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 10 .15
भीष्म — रात : 07 .00

ZEE ACTION
गैम्बलर — सुबह : 10 .49
कार्तिकेय 2 — रात : 07 .30

SONY PIX
द मास्क — सुबह : 11 .15
सैन एंड्रियास — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
नागभूमि — सुबह : 11 .23
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
इंस्पेक्टर विजय — दोपहर : 12 .30
स्पाई — रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया>
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा — फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला— कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की — घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू — अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

## एक नजर

### रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। इसने कहा-बच्चों के हाथों में हानिकारक रसायन और अल्कोहल से जलने के निशान थे। नियोक्ता इन बच्चों को रोजाना स्कूल बस में भेजता था और उनसे प्रतिदिन 12-14 घंटे काम कराया जाता था।

### लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।


### ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है।

# अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

## राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

**नीट मामला**



नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

### एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

### पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

### नए आपराधिक कानून लागू करने को किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

- केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू



कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा इसे लागू करने को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया है। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

### दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या

- केंद्रीय मंत्री गोपी ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण



तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

### सिक्किम में फंसे 1,200 पर्यटकों को निकालने का काम आज से शुरू होने की संभावना

**गंगटोक।** सिक्किम के मंगन जिले में फंसे 1,200 से अधिक पर्यटकों को निकालने का काम मौसम अनुकूल रहने पर सोमवार को शुरू हो सकता है, क्योंकि प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण दिन में यह काम नहीं हो सका। चुंगथांग के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) किरण थाटल ने कहा कि अगर मौसम अनुकूल रहा तो निकासी प्रक्रिया हवाई या सड़क मार्ग से होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन फंसे हुए पर्यटकों के ठहरने का प्रबंध कर रहा है और उन्हें लाचुंग शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया जा रहा है, जहां उन्हें मामूली दर पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

**राजकोट गेमिंग जोन आग मामला**

राजकोट, एजेंसी

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

### नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### आतिशी ने किया पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा का अनुरोध

- दिल्ली की जल मंत्री ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र



नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

मंत्री ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं। जल वितरण नेटवर्क नदी में छोड़े गए पानी को जल शोधन संयंत्रों तक पहुंचाता है और फिर वहां से शहर के विभिन्न हिस्सों के भूमिगत जलाशयों तक आपूर्ति की जाती है। आतिशी ने कहा-हमने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में कई टीम भी तैनात की हैं।




नई दिल्ली में जल संकट को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते भाजपाई। • एजेंसी

#### भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है।

### आठ शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घट गई

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी।

# आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

## भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

### इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव हैं। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।

### एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

### लंदन से अचार बनाने के लिए 900 किलो आम की मांग

- रामकेला प्रजाति के कच्चे आम का किया गया निर्यात



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

**अमृत विचार :** मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।

**17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश:** जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगो पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

### एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

### एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा



- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

### सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

### अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

- भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

मुंबई, एजेंसी

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।

मुरादाबाद, सोमवार, 17 जून 2024
www.amritvichar.com

# विश्व कप



## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

### दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

### यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

### रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

# सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

## मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।



### पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

**ब्रिजटाउन।** भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

### टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

● हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रैविस हेड। ● एजेंसी

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| आयरलैंड (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.712 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

## सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगी बांग्लादेश टीम

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे शुरू होगा।

## भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त



जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

## अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।

स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।



## लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

## तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

अंताल्या, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।



## इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।



जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाडी। ● एजेंसी

### डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

- राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

मां की ममता



चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। • एजेंसी

## चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

**बीजिंग।** चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
- बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

### सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

**हांगकांग।** चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12:27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61.01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और 11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

# यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
- भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर





अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

# गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

- दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

### इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

## भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।



इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

- इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना

सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

# इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।



याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

### आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

# टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13.1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7.70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7.70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5.40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

### इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

### नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

## समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

# राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

## चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।